www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 6:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.4 न्यू | 15.08 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71595.49 |
| निफ्टी | 21782.50 |
| सोना | 63,160 |
| चांदी | 72,590 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शनिवार, 10 फरवरी 2024 | 28 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 53 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए



प्रीति जिंटा का मेकअप धुलवा दिया था सेट पर मणिरत्नम ने ... पेज 7

## न्यूज शॉर्ट्स

### मंडी में बाबा भूतनाथ का मक्खन से किया शृंगार



**मंडी।** पिंगल विक्रमी संवत 2080 माघ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मंडी जनपद के संरक्षक बाबा भूतनाथ का अर्धरात्रि को मक्खन शृंगार आरंभ हो गया। मौनी अमावस को सुबह शिव भक्तों को बाबा भूतनाथ ने पराशर ऋषि के रूप में दर्शन दिए। भोलेनाथ के विवाह तक मक्खन शृंगार निरंतर जारी रहेगा और इस दौरान जलाभिषेक पूर्णता बंद होगा, जो महाशिवरात्रि के दिन पुनः आरंभ होगा। शिव विवाह से पूर्व पहली रस्म मक्खन शृंगार से आरंभ होती है। 30 दिन तक लगातार अलग-अलग रूपों में मक्खन से शृंगार होगा, जिसमें देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों के शिवरूपों के दर्शन होंगे।

### पंजाब में दबोचा चिट्टा तस्करी गिरोह का एक और सरगना

**सोलन।** पुलिस की विशेष टीम ने पंजाब से एक और चिट्टा तस्कर गिरोह के सरगना को पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार किया है। इस चिट्टा तस्कर पर पंजाब में भी तस्करी के दो मामले चल रहे हैं। एसपी सोलन गौरव सिंह के अनुसार, हिमाचल के अलग-अलग स्थानों से करीब 80 युवा उसके संपर्क में थे। पिछले एक साल में सोलन पुलिस ने चिट्टा तस्करी के 83वें गिरोह का पर्दाफाश किया है। -विस्तृत खबर पेज-3

### लैंड फॉर जॉब्स केस : राबड़ी हेमा और मीसा को जमानत

**दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को सुनवाई की अगली तारीख तक अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने तीनों को एक लाख का बेल बांड भरने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा के साथ हृदयानंद को भी कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है।

## टॉप स्टोरीज

चोरी के ट्रैक्टर सहित पंजाब से दबोचे दो आरोपी, छानबीन शुरू ...पेज 2

भुंतर हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मिली वन स्वीकृति ...पेज 3

ताइक्वांडो में हिमाचल के खिलाड़ियों ने जीता मेडल ...पेज 14

# अंदाज निराला: बिना तामझाम बाबा का आशीर्वाद ले कार्यभार संभाला

**सादगी की मिसाल** हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह ज्वाइनिंग से पहले शिमला से पर्सनल व्हीकल से खुद ड्राइव कर पहुंचे दियोटसिद्ध

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विशेष बातचीत



**आईएएस** अधिकारियों का रुतबा बहुत बड़ा होता है। ये अधिकारी आमतौर पर कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों से घिरे रहते हैं और हमेशा काफिले में चलते हैं, लेकिन हमीरपुर के नए डीसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमरजीत सिंह इन सबसे अलग हैं। वह अपनी सादगी और सदव्यवहार से लोगों को आकर्षित करते हैं। वह बिना तामझाम के रहना पसंद करते हैं।

शिमला स्थित सचिवालय में पिछले कई वर्षों से सेक्रेटरी पर्सनल के रूप में सेवाएं देने के बाद वह मुख्यमंत्री के गृह जिले में बतौर डीसी पोस्टिंग के लिए बेहद सादे अंदाज में पहुंचे। उनकी ज्वाइनिंग का अंदाज भी निराला रहा। अपने मिनी सचिवालय की भीतरी व्यवस्था देखने के लिए भी अकेले ही सभी जगह पहुंच गए। यही नहीं, वह अपने पर्सनल व्हीकल को खुद ड्राइव कर अकेले ही उत्तर भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में माथा टेकने पहुंच गए। खास बात यह रही कि उन्होंने वहां किसी को अपनी पहचान तक नहीं बताई। बगैर किसी तामझाम के बाबा का आशीर्वाद लिया और रात को ही हमीरपुर लौट आए।

### दूसरी बार पहुंचे दियोटसिद्ध मंदिर

**उन्होंने** अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में माथा टेकने के लिए अकेले इसलिए गए, क्योंकि ऐसी उनकी आदत रही है। तामझाम उन्हें पहले से ही पसंद नहीं है, इसीलिए शिमला से अपने व्हीकल में अकेले ही पहुंचे।

जब उनसे पूछा गया कि वहां पर उन्हें किसी ने रिसीव किया? इस पर उनका कहना था कि बाबा की गुफा में माथा टेकने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए कोई रिसीव क्यों करेगा? उन्होंने बताया कि बचपन में जब वह करीब छह या सात साल की उम्र के थे, तब अपने पिता जी के साथ मंदिर में आए थे, उसके बाद दूसरी मर्तबा मंदिर पहुंचे।

डीसी अमरजीत सिंह के पास प्रशासनिक अधिकारी के रूप में लंबा अनुभव है। उन्होंने कांगड़ा जिले के रैत में सहायक आयुक्त एवं बीडीओ के पद से अपना सेवाकाल आरंभ किया था। इसके बाद वह चंबा जिले के तीसा में एसडीएम रहे और उसके बाद रोहड़ू में भी बतौर एसडीएम सेवाएं दी। सिरमौर जिले के पांवटा साहिब और किन्नौर जिले के पूह में भी एसडीएम रहे। ग्रामीण विकास विभाग में अढ़ाई साल और कार्मिक विभाग में डेढ़ वर्ष तक कार्य करने के बाद वह नगर निगम शिमला के आयुक्त भी रहे। अमरजीत सिंह एचपीपीसीएल और हिमाचल प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में भी कार्य कर चुके हैं।

### सीएम की घोषणाएं होंगी पूरी

**उनका** कहना है कि हमीरपुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला है, इसलिए यहां की सारी बारीकियों को समझ कर योजनाओं को अमलीजामा पहनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने जिले में अभी तक जितनी भी घोषणाएं की हैं, उन्हें पूरा करवाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। कई नई योजनाओं के शिलान्यास की ग्राउंड रिपोर्ट बनाई जा रही है ताकि शिलान्यास होते ही निर्माण कार्य गति पकड़ सकें।

### कोई भी मिल सकता है ऑफिस में

डीसी कहते हैं कि मेडिकल कॉलेज और इससे जुड़ी तमाम गतिविधियों को बारीकी से समझा जा रहा है और जहां भी दिक्कत होगी उसका हल फौरी तौर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनसे जब भी कोई चाहे ऑफिस में आकर मिल सकता है। जनता की सेवा करना ही मेरा कर्तव्य है।

# नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन को भारत रत्न

## प्रधानमंत्री मोदी बोले- तीनों हस्तियों ने देश की उन्नति में दिया अतुलनीय योगदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों शख्सियतों को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान देने की जानकारी एक्स पर उनकी तस्वीरों के साथ शेयर की। इससे पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न देने का ऐलान हो चुका है। आडवाणी को छोड़कर बाकी चारों हस्तियों को मरणोपरांत यह सम्मान दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि तीनों हस्तियों ने देश की उन्नति में अतुलनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि इन हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।




- तीनों को मरणोपरांत दिया जाएगा सम्मान
- इस साल पांच को मिलेगा देश का सर्वोच्च सम्मान

### देश को आर्थिक संकट से निकालने में नरसिम्हा को जाता श्रेय

**नरसिम्हा** राव लगातार आठ बार चुनाव जीते और कांग्रेस पार्टी में 50 साल से ज्यादा समय गुजारने के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने। राव को भारत की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। वे भारत में आर्थिक उदारीकरण के जनक माने जाते हैं। वे 10 भाषाओं में बात कर सकते थे और अनुवाद के भी उस्ताद थे। नरसिम्हा राव 20 जून, 1991 से 16 मई, 1996 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। देश को आर्थिक संकट से निकालने का श्रेय पीवी नरसिम्हा राव को जाता है। आंध्र प्रदेश सरकार में 1962 से 64 तक कानून व सूचना मंत्री, 1964 से 67 तक कानून व विधि मंत्री, 1967 में स्वास्थ्य व चिकित्सा मंत्री और 1968 से 1971 तक शिक्षा मंत्री रहे। वे 1971 से 73 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। 1975 से 76 तक अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव, 1968 से 74 तक आंध्र प्रदेश के तेलुगू अकादमी के अध्यक्ष रहे।

### चौधरी चरण कभी नहीं हारे चुनाव, किसानों के मसीहा कहलाए

पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह ने कभी भी चुनाव नहीं हारा। वह किसानों के मसीहा बने। चरण सिंह सबसे पहले 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1946 में संसदीय सचिव बने। 1951 में राज्य के कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया। 1952 में डॉ. संपूर्णानंद के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने। 1959 में जब उन्होंने पद से इस्तीफा दिया। 1960 में गृह एवं कृषि मंत्री और 1962-63 कृषि एवं वन मंत्री रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया।

### कृषि क्रांति के जनक थे एमएस स्वामीनाथन

एमएस स्वामीनाथन ने देश में खाने की कमी न होने के उद्देश्य से कृषि की पढ़ाई की थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था, जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया। इसे देखते हुए उन्होंने 1944 में मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 1947 में दिल्ली में आनुवंशिकी और पादप प्रजनन की पढ़ाई की। उन्होंने 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया था।

### ठंड से राहत, 15 तक मौसम रहेगा साफ

**शिमला।** प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में सुधार आने से लोगों को भीषण ठंड से राहत मिली है। बीते 24 घंटे के दौरान पूरे राज्य के न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 15 फरवरी तक राज्य में मौसम साफ रहेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक, शिमला और मनाली सहित 20 शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से शीतलहर का प्रकोप कम हुआ है। शुक्रवार को राजधानी शिमला का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिन के न्यूनतम तापमान से 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मनाली और कुफरी के तापमान में क्रमशः 2.4 डिग्री और 4.2 डिग्री का उछाल आया। मनाली का न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री और कुफरी का 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### कुकुमसेरी सबसे ठंडा

**चार** शहरों का न्यूनतम पारा माइनस में बना हुआ है। लाहौल-स्पीति जिला के कुकुमसेरी में सीजन की सबसे सर्द रात रही। यहां न्यूनतम तापमान -14.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा समदो में -9.7, कल्पा में -1.8 डिग्री और भुंतर में - 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल का कहना है कि पश्चिम विक्षोभ के कमजोर पड़ जाने से राज्य में फिलहाल बारिश और बर्फबारी की संभावना नहीं है।

### भंग हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में हुए पेपर स्कैम मामले में एक और केस दर्ज

# मुख्य आरोपी उमा आजाद फिर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**हमीरपुर** स्थित भंग हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में हुए पेपर स्कैम मामले में एक और मामला दर्ज हुआ है। वीरवार रात को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी उमा आजाद को इस मामले में फिर से गिरफ्तार किया है।

तीनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। उमा को 11 तक, जबकि अन्य दोनों आरोपियों सोहन और रवि को 13 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। ये नई गिरफ्तारियां पोस्ट कोड 962 के तहत दर्ज किए गए मामले में हुई हैं। गिरफ्तार दो आरोपियों में एक आयोग के मुख्यालय के पास ढाबा चलाने वाला सोहन और दूसरा बर्खास्त ट्रैफिक इंस्पेक्टर रवि है। ये पहले भी दूसरे मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं, लेकिन अब नया मामला दर्ज हुआ है, जो प्रश्न पेपर मिले हैं, वे उन्हीं के मोबाइल में ट्रेस हुए हैं।

- दो अन्य आरोपियों में ढाबा चलाने वाला सोहण और बर्खास्त ट्रैफिक इंस्पेक्टर रवि
- पोस्टकोड 962 में मिला प्रश्न पेपर, उन्हीं के मोबाइल में ट्रेस



आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद बाहर लाती विजिलेंस टीम।

### उमा को अन्य मामलों में वीरवार को मिली थी जमानत

मुख्य आरोपी उमा आजाद को अन्य तमाम मामलों में वीरवार को जमानत मिल गई थी। नए दर्ज किए गए मामले में भी उन्हें आरोपी बनाया गया है, इसलिए उन्हें अभी जमानत नहीं मिलेगी।

### तीनों आरोपी रिमांड पर भेजे

**जो** नया मामला दर्ज हुआ है, वह सेक्रेटेरिएट क्लर्क ग्रेड का है, जो पिछले साल अप्रैल माह का है। इस पेपर का रिजल्ट पेंडिंग है। अब तक कुल 14 पोस्ट कोड जांच के शिकंजे हैं और करीब 26 लोगों की गिरफ्तारियां एसआईटी की ओर से की गई हैं। प्रमोट डीआईजी राहुल नाथ का कहना है कि वीरवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। वीरवार रात को उनकी गिरफ्तारी हुई है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। सोहन और रवि को 13 फरवरी तक और उमा को 11 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। उनका कहना है कि इस मामले में अब कुछ और गिरफ्तारियां भी बहुत जल्दी संभव हैं।

# लंबित परीक्षा परिणामों के लिए गठित होगी उपसमिति

**मंत्रिमंडल के फैसले:** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे समिति की अध्यक्षता

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में 14वीं विधानसभा के बजट सत्र पर दिए जाने वाले राज्यपाल के अभिभाषण को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने राज्य चयन आयोग के संदर्भ में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम बनाने को भी स्वीकृति प्रदान की। भंग किए गए प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के कारण लंबित विभिन्न परीक्षा परिणामों के कानूनी पहलुओं के परीक्षण के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने को स्वीकृति प्रदान की।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा उपसमिति के सदस्य होंगे। मंत्रिमंडल ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों को आवंटित और पट्टे पर दी गई और लंबी अवधि से अनुपयोगी पड़ी राजस्व भूमि की समीक्षा के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी इस उपसमिति के सदस्य होंगे। (अनंत ज्ञान)



### अनुपयोगी भवनों की समीक्षा के लिए भी बनेगी उपसमिति

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों में अनुपयोगी पड़े रिक्त भवनों की समीक्षा के लिए उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया। नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा उपसमिति के सदस्य होंगे। बद्दी में उपमंडलाधिकारी कार्यालय खोलने को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में सोलन जिले के पट्टा और कांगड़ा जिले के पालमपुर में खंड विकास कार्यालय खोलने को मंजूरी दी।

### सीधी भर्ती का निर्णय

**प्रदेश** प्रशासनिक सेवाएं के तहत सीधी भर्ती के माध्यम से पांच पद और राजस्व विभाग में तहसीलदार श्रेणी 'ए' के नौ और नायब तहसीलदार श्रेणी 'ए' के 19 पद भरने का निर्णय लिया। बद्दी तहसील के झाड़माजरी में आवश्यक पदों के सृजन सहित नया पटवार वृत्त सृजित करने को स्वीकृति दी। योजना विभाग में सीधी भर्ती के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के सात व किन्नौर और लाहौल-स्पीति में सहायक पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के छह व मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी के चार पद भरे जाएंगे।

**चर्चा** वैश्विक मंदी 2008 को ठीक से संभाल नहीं पाई थी कांग्रेस सरकार: वित्त मंत्री सीतारमण

# यूपीए की नीति नेशन फर्स्ट नहीं, फैमिली फर्स्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। यूपीए और एनडीए के 10 साल का कामकाज पर स्पीच दी। वित्त मंत्री ने कहा कि 10 साल के कामकाज पर यह श्वेत पत्र बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ रखा गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया। 2008 में आई वैश्विक मंदी को गठबंधन सरकार ठीक से नहीं संभाल पाई। अब वे मोदी सरकार को अर्थव्यवस्था पर ज्ञान दे रहे हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, कोल स्कैम, एनपीए, कोल ब्लॉक एलोकेशन जैसे मुद्दे के जरिए यूपीएम सरकार पर निशाना साधा। सीतारमण ने कहा कि यूपीएम की नीति कभी भी नेशन फर्स्ट की नहीं रही। इन्होंने फैमिली फर्स्ट नीति रखकर अर्थव्यवस्था को बदहाल कर डाला।



### 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे

**वित्त** मंत्री ने कहा कि मार्च 2014 में टॉप 200 कंपनियों का बैंकों पर 8.6 लाख करोड़ बकाया था। 44 फीसदी प्रॉब्लम यह थी कि एसेट की पहचान तक नहीं की। हमने चार रिफॉर्म्स किए, कानून लाए, बैंकों का मर्जर किया, प्रोफेशनल बोर्ड और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर्स बनाए। आज उसका रिजल्ट देख रहे हैं। एनपीए में गिरावट आई। 3.2 फीसदी पर आ गया है। पब्लिक सेक्टर बैंक की कमाई बढ़ गई है। बैंक कर्ज में डूबे थे और आज वो जन कल्याण के स्तंभ बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे।

### पीएम ने देश की अर्थव्यवस्था को उबारा

**निर्मला** सीतारमण ने कहा कि पिछली गठबंधन सरकार के कुप्रबंधन के चलते देश बेहद ही नाजुक स्थिति में पहुंच गया था। यूपीए सरकार के दौरान राष्ट्रमंडल खेलों में हुई गड़बड़ियों से देश का नाम दुनिया में खराब हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत का नाम दुनिया में ऊपर उठा है। देश की अर्थव्यवस्था को पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने नाजुक स्थिति से उबारा है। हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और अब यह शीर्ष तीन में स्थान बनाने के लिए अग्रसर है।

### सच्चाई सामने आई तो सह नहीं पा रहे

**वित्त** मंत्री ने कहा कि इस साल 900 मिलियन टन तक कोल प्रोडक्शन हुआ। आने वाले टाइम में एक बिलियन तक पहुंचेगा। 2013-14 में 567 मिलियन टन प्रोडक्शन हुआ था। यूपीए के जमाने की तुलना से पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में कैपिटल एक्सपेंडेचर 3-4 गुना हुआ है। यह प्राइवेट सेक्टर के ऊपर पर बोलते हैं। ये सह नहीं पा रहे हैं कि उनकी सरकार के कार्यकाल के बारे में सच्चाई सामने आ रही है।

## परीक्षाओं में गड़बड़ियों की रोकथाम से जुड़ा विधेयक राज्यसभा से भी पारित

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों की रोकथाम के लिए लाए गए विधेयक को शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई। विधेयक को लोकसभा पहले ही पारित कर चुकी है और शुक्रवार को यह राज्यसभा से भी पारित हो गया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में लोक परीक्षा विधेयक चर्चा के लिए पेश किया।



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र ने विधेयक चर्चा के लिए किया पेश

उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य युवाओं को समान अवसर प्रदान करना और समयबद्ध तरीके से चयन की प्रक्रिया को पूरा करना है। वहीं, राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा हुई। इसके बाद इसे भी ध्वनिमत से पारित किया गया।

## जेल से खेल: पाक में इमरान की पार्टी ने नतीजों से चौंकाया

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को पाकिस्तान के चुनाव नतीजों में शुक्रवार को बढ़त मिली है। इमरान समर्थित उम्मीदवारों और नवाज शरीफ की पार्टी में कड़ी टक्कर है। रुझानों में इमरान की पार्टी अपने समर्थकों के साथ 86 सीटों पर आगे चल रही थी, जबकि नवाज शरीफ की पार्टी 59 और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी 44 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी।

चुनाव परिणाम में देरी को लेकर पीटीआई ने धांधली के आरोप भी लगाए। पाकिस्तान में मतगणना अब भी जारी है। देश में वीरवार को चुनाव धांधली के आरोप, छिटपुट हिंसा और मोबाइल इंटरनेट बंद रहने के बीच करवाए गए थे। पाकिस्तान में इस चुनाव में दर्जनों दल मैदान में थे, लेकिन मुख्य मुकाबला इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई), तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और बिलावल जरदारी भुट्टो की 'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' (पीपीपी) के बीच है। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी का झांसा देकर सात लाख की ठगी

**धर्मशाला।** धर्मशाला के साइबर थाना में ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता थुरल निवासी विजय कुमार ने बताया कि टेलीग्राम आधारित ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर अज्ञात लोगों ने उससे 691266 रुपए ठग लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना धर्मशाला में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 तथा आईटी एक्ट 66डी के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एएसपी प्रवीन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### यूरो किड्स स्कूल ने मनाया खेल दिवस

**नगरोटा बगवां।** यूरो किड्स स्कूल नगरोटा बगवां का वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के बच्चों के बीच मे विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताएं एवं स्पर्धाएं करवाई गई। इसमें मुख्यातिथि व एमडी गीतांजलि भरद्वाज व प्रिंसिपल पूजा सूद ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया और भविष्य मे अच्छा करने के लिए बधाई व शुभ कामनाएं दीं।

### चार युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण में असफल

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत वन्य प्राणी वन परिक्षेत्र ऊहल बीड़ में वन मित्रों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण शुक्रवार को डीएफओ वन्य प्राणी वन वृत्त धर्मशाला संजीव सिंह की निगरानी में संपन्न हुआ। डीएफओ संजीव कुमार ने बताया कि वन्य प्राणी वृत्त धर्मशाला के अंतर्गत वन्य प्राणी मंडल हमीरपुर के लिए वन्य प्राणी वन परिक्षेत्र ऊहल बीड़ की तीन विटों के लिए तीन पदों को भरा जाना है। इसके लिए करीब 39 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। भर्ती प्रक्रिया में तीन लोग अनुपस्थित रहे। वहीं चार युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण में असफल रहे। भर्ती प्रक्रिया में 17 युवा और 15 युवतियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वरिष्ठ वनरक्षक सुरेश ठाकुर, वनरक्षक स्वर्णा देवी दूसरे वन मंडलों से आए हुए वनरक्षक व अधिकारी उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनावों को लेकर की चर्चा

**गरली।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देश अनुसार चलो गांव की ओर अभियान के तहत शुक्रवार को जसवां परागपुर के बूथ भरौली जदीद में बूथ पर पार्टी कार्यकर्ताओं संग एक बैठक का आयोजन हुआ। भाजपा प्रवक्ता विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में अगामी लोकसभा चुनाव बारे बूथ पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, जिस में प्रमुख तौर पर 18 साल के युवाओं के नए वोट बनाना पर बात की गई।

### बैजनाथ शिव मंदिर में लगा भंडारा

**बैजनाथ।** तारा रात्रि महोत्सव के उपलक्ष पर शुक्रवार को बैजनाथ शिव मंदिर के साथ लगते पीपल के पेड़ के नीचे भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे का आयोजन गणेश उत्सव महोत्सव पंडोल रोड द्वारा किया गया। इसमें सैकड़ों की तादाद में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तारा रात्रि के दिन भगवान शंकर और माता पार्वती की सगाई की जाती है तथा इसके ठीक एक महीने बाद शिवरात्रि वाले दिन भगवान भोले शंकर का विवाह होता है। इसी के उपलक्ष पर बैजनाथ शिव मंदिर में तारा रात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

### नवमीं व ग्यारहवीं कक्षा की नई डेटशीट जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की डेटशीट में आंशिक संशोधन करते हुए शैक्षणिक सत्र 2023-24 के नवमीं तथा ग्यारहवीं के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक तथा कंपार्टमेंट परीक्षाओं का आयोजन आंतरिक रूप से विद्यालय स्तर पर किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि नवमीं की परीक्षा का आयोजन 26 फरवरी से 15 मार्च तक दोपहर 12:45 से चार बजे तक किया जाएगा। इसके अलावा जमा एक की परीक्षाएं 26 फरवरी से 26 मार्च तक दोपहर 12:45 से चार बजे तक किया जाएगा।

### 12 तक जमा करवाएं परीक्षा एवं विलंब परीक्षा शुल्क

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षा की परीक्षाओं हेतु ऐसे अध्ययन केंद्र जिन्होंने निर्धारित तिथि तक पंजीकृत छात्रों के परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा नहीं करवाएं थे, उन्हें वांछित परीक्षा शुल्क एवं विलंब परीक्षा शुल्क सहित बोर्ड कार्यालय में दस्ती तौर पर कैश काउंटर में जमा करने के लिए दिनांक दस फरवरी तक का समय दिया गया था। दिनांक 10 एवं 11 फरवरी को अवकाश होने के फलस्वरूप उक्त वांछित परीक्षा शुल्क, दिनांक 12 फरवरी तक बोर्ड कार्यालय में दस्ती तौर कैश काउंटर में जमा करवाए। निर्धारित समय अवधि में परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाने पर संबंधित परीक्षार्थी को अनुक्रमांक जारी नहीं किया जाएगा। इसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अध्ययन केंद्र का होगा।

### तेज रफ्तार वाहनों से लोग परेशान

**देहरा।** सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर का संस्थान सुबह खुलते व शाम करीब साढ़े चार बजे छुट्टी के दौरान तेज रफ्तार ओवरलोडिंग वाहन चालकों से हर कोई परेशान है। आलम ऐसा है कि बिगत कई दिनों से लगातार कई बिगड़ैल चालक पुलिस यातायात के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए एक साथ चार या पांच युवा बाइक चालक टोलियां बनाकर सड़कों पर हार्न पे हार्न बजाकर अपनी गाड़ियों को खूब दनादन दौड़ाते हुए निकल रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ऐसे बिगड़ैल चालकों को पुलिस के कानून का कोई खौफ नहीं है। वहीं, डीएसपी अनिल कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस समय-समय पर शिकंजा कसती आ रही है। वहीं, नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### वकील को थप्पड़ मारना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा बार एसोसिएशन धर्मशाला के प्रवक्ता व सदस्य एडवोकेट विश्व चक्षु ने पालमपुर पुलिस की ओर से अधिवक्ता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने व थप्पड़ मारने सहित अन्य कृत्य किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने इस कृत्य के खिलाफ प्रदेश सरकार से जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं देखकर स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि प्रदेश में लॉ एंड आर्डर की स्थिति पूरी तरह से बिगड़ चुकी है।

### वकील के साथ ऐसा व्यवहार करना चिंतनीय

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश के सबसे शांति प्रिय शहरों में शायद पालमपुर का नाम आता है। यहां जिस ढंग से एक निजी चैनल में एक वकील ने पालमपुर पुलिस के अनैतिक व्यवहार की आप बीती सुनाई है। इससे इस शहर की पुलिस ने पालमपुर को शर्मशार करके रख दिया। यहां वकील का आरोप है कि उन्हें थप्पड़ मारा, फिर मुर्गा बनाया ओर उसे जाति सूचक शब्द कहे। अगर वाक्य ही पालमपुर पुलिस का एक वकील के साथ ऐसा व्यवहार रहा है तो यह अति निंदनीय भी है ओर बेहद चिंतनीय भी है। यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने कहा कि इस तरह एक प्रतिष्ठित तबके के साथ पुलिस का ऐसा बर्ताव रहा है तो आम जनमानस इनसे क्या अपेक्षा कर सकता है। पूर्व विधायक का कहना है कि यह महकमा पुलिस के उच्चाधिकारियों के लिए बहुत बड़ी रिहसल का विषय है। कुल मिलाकर इस घटना ने पुलिस थाना पालमपुर की कार्यप्रणाली को दागदार व कलंकित करके रख दिया है।

## धर्मशाला में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खुलने से कर्मचारियों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

सेवानिवृत्त सेन्ट्रल कर्मचारियों एवं पैरामिलिट्री सदस्यों की बैठक शुक्रवार को ने पालमपुर में संयुक्त रूप से बैठक हुई। बैठक में धर्मशाला में सीजीएचएस डिस्पेंसरी जल्द खुलने जा रही है। इसका सर्वेक्षण एक फरवरी को एडिशनल डायरेक्टर सीजीएचएस द्वारा पूरा किया जा चुका है।

धर्मशाला में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खोलने से कांगड़ा ओर नजदीकी नुरपर, मंडी, चंबा इत्यादि इलाकों को हजारों केंद्रीय कर्मचारियों एवं पैरामिलिट्री सदस्यों को मिलेगा। बैठक में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया ओर बताया कि अभी तक रेफर होने के लिए 250-300 किलोमीटर शिमला ओर चंडीगढ़ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। संगठन लंबे समय से डिस्पेंसरी खोलने की मांग सेंट्रल एवं प्रदेश के माननीय नेताओं के समक्ष रखते रहे हैं। अभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों, विधवाओं को, पैरामिलिट्री के सेवानिवृत्त सदस्यों, विरांगनाओं एवं उनके आश्रितों को सेना की तर्ज में कैशलेस इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए सभी लाभार्थियों को अपना सीजीएचएस कार्ड बनवाना जरूरी होगा, जो चंडीगढ़ में बनेंगे ऑन लाइन सुविधा भी उपलब्ध है।

समलोटी में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोले कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली

# प्रदेश में पर्यटन विकास पर खर्च होंगे 2500 करोड़ : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए साहसिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन अधोसंरचना को विकसित करने के दृढ़ प्रयास कर रही है और भविष्य में सालाना पांच करोड़ पर्यटकों के स्वागत का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार एशियन विकास बैंक की मदद से हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए 2500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

वहीं, प्रारंभिक तौर पर 1300 करोड़ की राशि स्वीकृत भी हो चुकी है। शुक्रवार को नगरोटा बगवां के समलोटी में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरए बाली ने कहा कि राज्य सरकार ने भी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चालू वित्त वर्ष में 400 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। वहीं, उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन विकास पर 300 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वहीं, आरएस बाली बोले नगरोटा बगवां में 523 महिला मंडलों को मिलेंगे 11-11 हजार की अनुदान राशि। इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने बेटी है अनमोल योजना के तहत 11 लाभार्थियों को 21-21 हजार के चेक भी वितरित किए। इस दौरान



कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते हुए सीपीएस किशोरी लाल व आरएस बाली।

आरएस बाली ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। वहीं, कार्यक्रम के दौरान लगभग 400 से अधिक लोगों की जांच की गई और उन्हें उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर 190 के करीब शिकायतें सुनीं गईं तथा अधिकांश पर मौके पर निपटारा हुआ जबकि अन्य समस्याओं के निदान के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच है कि प्रदेश का हर व्यक्ति विकास में भागीदार हो।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल की उपलब्धियों से रचा इतिहास : घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



आजादी के बाद देश को मिले प्रधानमंत्रियों ने सदन में बोलने के लिए मिले समय का उपयोग अपनी कारगुजारी बताने की बजाय विपक्ष को नीचा दिखाने के लिए किया है। लेकिन इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपनी सरकार की उपलब्धियों को तथ्यों सहित देश की जनता के सामने रखकर इतिहास रच दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि न केवल अपनी सरकार की दस साल की उपलब्धियों को सिलसिलेवार रखा। बल्कि पूर्व की कांग्रेस सरकार की नाकामियों व जनविरोधी नीतियों को भी सभा पटल पर रखा है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की केंद्र सरकारों के झूठे वादों से कई दशकों तक देश की जनता को छला है, उसी प्रकार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार झूठी गारंटियों से बरगला कर सत्ता में आई है। सुक्खू सरकार को बने हुए 14 महीने हो गए हैं। लेकिन यह सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है। झूठे चुनावी वादे सरकार के गले की फांस बन गए हैं। कांग्रेस की सरकार ने भाजपा सरकार के समय किए कामों को बंद करके लोगों को परेशान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के इस झूठ का जवाब देने के लिए लोकसभा चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रही है और इस बार पिछली बार से भी बड़ा जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देने का मन बना चुकी है।

## पंजाब से दबोचे ट्रैक्टर चोर; आरोपी दो दिन के रिमांड पर, छानबीन शुरू

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा पुलिस ने गगल से ट्रैक्टर चोरी के मामले में पंजाब से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान अमृतसर निवासी 30 वर्षीय अवतार सिंह तथा तरनतारन निवासी 29 वर्षीय बेअंत सिंह के रूप में की गई है। अवतार सिंह, कोका कोला सप्लाई करने वाली गाड़ी का ड्राइवर है तथा कांगड़ा जिले के 53 मील क्षेत्र में वितरण के लिए आया था।



पुलिस टीम के साथ आरोपी।

एक सप्ताह के अंदर यहां तीसरी बार आए अवतार ने अपनी पिछली यात्रा में रेकी की और गगल में एक ट्रैक्टर की पहचान की जिसे चोरी करना आसान लगा। उसने अपने दोस्त बेअंत सिंह के साथ साजिश रची और 22 जनवरी की रात, लगभग 12 बजे, दोनों ने ट्रैक्टर चुरा लिया और उसे अपने साथ अमृतसर ले गए, जहां उन्होंने उसे तरनतारन में एक व्यक्ति को बेच दिया। बताते चलें कि छानबीन के दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर का टैंक चंबी में बरामद कर लिया था। वहीं, गगल पुलिस ने पांच सदस्यों की एक टीम बनाई थी। इसमें एसआई चमन, एचसी राजिंद्र, सीटी अरविंद, सीटी अनुज और सीटी सचिन शामिल थे। खोज और छापेमारी के माध्यम से, टीम अवतार और बेअंत को अमृतसर से पकड़ने में सफल रही, जिन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो और दिनों के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। उधर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## सिहुंणी में स्कॉर्पियो गाड़ी में लगी आग

### अचानक आग लगने से कार पूरी तरह से जलकर राख, बाल-बाल बचा युवक

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली उपमंडल के तहत 32 मील रानीताल सड़क मार्ग पर जांगल से एक किलोमीटर पीछे सिहुंणी चौक के नजदीक एक स्कोर्पियो गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगने से कार पूरी तरह से जल गई जबकि गाड़ी में सवार युवक बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार सिहुंणी निवासी रिंकू धीमान रिश्तेदारों को बस में चढ़ाने मेन रोड पर पहुंचे कि चौक पर सवारियों को उतार कर गाड़ी जैसी ही साइड में खड़ी की अचानक आग लग गई।

गनीमत यह रही की जब आग लगी तो तीनों लोग गाड़ी से बाहर थे। वहीं, दमकल कर्मी भी वाहन लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने तक गाड़ी जलकर खाक हो चुकी थी। आग से कार जलने पर मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है। वहीं, कोटला चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची व आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। वहीं, बुद्धिजीवी वर्ग ने बताया कि इस क्षेत्र के समीप कोई भी दमकल विभाग की यूनिट नहीं है। करीबन 20 किलोमीटर दूर जवाली में विभाग का कार्यालय है। उन्होंने मांग उठाई है कि कोटला में दमकल विभाग की एक यूनिट खोली जाए।



वर्निंग कार।



जली कार।

### स्लोगन राइटिंग में पियूष फर्स्ट

**नगरोटा बगवां।** राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में डी एडिक्शन नशा मुक्त भारत अभियान के तहत व्याख्यान। इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में डी-एडिक्शन सप्ताह के तहत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर अनुराग शर्मा जी ने इस कार्यक्रम पर विशेष लेक्चर दिया। महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की। स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान पर पियूष, द्वितीय कनिका और तीसरे स्थान पर अंकुश ने बाजी जीती। पेंटिंग पोस्टर मेकिंग में निखिल प्रथम स्थान पर रहा।

## पूर्व विधायक रवि धीमान ने किया 'चलो गांव की ओर' अभियान का शुभारंभ

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर में भाजपा के चलो गांव की ओर अभियान का शुभारंभ अपर लंबागांव में जयसिंहपुर के पूर्व विधायक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र रवि धीमान ने किया।

रवि धीमान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ के घर-घर जाकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का प्रचार कर लोकसभा चुनाव के लिए समर्थन जुटाया जाएगा। रवि धीमान ने कार्यकर्ताओं से अपील की की इस अभियान को सफल बनाएं और आने वाले संसदीय चुनाव में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को रिकार्ड बढ़त दिलाकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करें। रवि धीमान ने कहा कि कांग्रेस द्वारा हिमाचल में विधानसभा चुनाव के दौरान किए वादों को पूरा करने से पीछे हट रही है। बेरोजगारों को रोजगार के नाम पर आश्वासन मिल रहे हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, जयसिंहपुर वार्ड के जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर, पार्टी विस्तारक सतीश राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम रतन शर्मा, महामंत्री स्वरूप डोगरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच सहित बूथ केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान।

### हिमालयन आईटीआई लग बलियाना में रोजगार मेला 13 को

**रक्कड़।** हिमालयन आईटीआई लग बलियाना में विश्व की प्रसिद्ध कंपनी सुजुकी मोटर 21,500 रुपए प्रतिमाह सैलेरी पर 1000 से अधिक आईटीआई पास बच्चों को 13 फरवरी को रोजगार देने आ रही है। इसमें आईटीआई के प्रधानाचार्य आनंद कुमार का कहना है कि इसमें वे युवा भाग ले सकते हैं। जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष के बीच में हो और आईटीआई की 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। वहीं, 2017 से 2023 पास आउट छात्र मेले में भाग ले सकते हैं। फिटर, मोटर मेकेनिक व्हीकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मशीनिस्ट, ट्रैक्टर मैकेनिक, वेल्डर, पेंटर, टर्नर डीजल मेकेनिक - आईटीआई पास छात्र भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त कंपनी की तरफ से विशेष सुविधा के रूप में कैंटीन और बस की सुविधा मिलेगी। वहीं, वर्दी भी फ्री में दी जाएगी। प्रत्येक विद्यार्थी वांछित प्रमाण पत्र साथ लेकर सुबह नौ बजे से पहले हिमालयन आईटीआई के प्रांगण में पहुंचना सुनिश्चित करें।

## नुक्कड़ नाटक से बताए सड़क के नियम

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



इस नाटक का आयोजन हिमाचल प्रदेश परिवहन निर्देशालय द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्व व जागरूकता पर सड़क सुरणा माह के आयोजन के अंतर्गत किया गया। महाविद्यालय में उस नाटक का आयोजन सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉ. खुशी राम भगत, प्रो. सचिन कुमार व प्रो. हरजिंद्र की अगआई में हुआ। इसमें महाविद्यालय के विभिन्न छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें मुस्कान, शिवानी, ईशिका, दिपाली, तमन्ना, कोमल व अभिषेक शामिल रहे। नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करवाना रहा। साथ ही नशे के कारण होने वाले व दुर्घटनाओं के कारण व परिणामों के बारे मे महाविद्यालय के छात्रों को जागरूक करवाया। कार्यक्रम के अंत में जयसिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए नियमों का पालन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया तथा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्रध्यापकों को बधाई दी।

**कार्यक्रम** कैप्टन विशन सिंह पठानिया पब्लिक स्कूल में सालाना समारोह की धूम

# सुलयाली स्कूल में पंजाबी गानों पर धमाल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर में कैप्टन विशन सिंह पठानिया पब्लिक स्कूल सुलयाली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें भारतीय बाटियां फाउंडेशन की जिला कांगड़ा अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिशुपाल शर्मा, प्रमिला कमलेश शर्मा, सुमन मनकोटिया, रंजना देवी उपप्रधानाचार्य विशेष रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रधानाचार्य दीक्षा पठानिया ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट आए हुए बच्चों के अभिभावकों के सामने पेश की। इस कार्यक्रम में स्कूल नन्हे-मुन्ने ने पहाड़ी, पंजाबी, हिंदी गानों पर बहुत ही बेहतरीन प्रस्तुति पेश की तथा कक्षा छठीं, सातवीं आठवीं की छात्र-छात्राओं ने आजकल बढ़ते सोशल मीडिया के प्रचलन पर एक विशेष प्रस्तुति पेश की।

कक्षा पहली से आठवीं तक बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुतियों ने सभी लोगों का दिल मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान उन बच्चों को सम्मानित किया जो बच्चे साल भर



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतियां देती स्कूल की छात्राएं।

पढ़ाई, स्कूल एक्टिविटी में अव्वल रहे। मुख्यातिथि कमलेश शर्मा ने स्कूल के बच्चों के एक वाटर कूलर देने की घोषणा की। प्रधानाचार्य दीक्षा पठानिया ने कहा कि हमारे स्कूल के बच्चों के लिए मुख्यातिथि कमलेश शर्मा ने जो वाटर कूलर देने का वादा किया है वह पूरा करने पर हम उनका धन्यवाद करते हैं।

### आरती ने जीता सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक का खिताब

**धर्मशाला।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला की ओर से आयोजित अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोतोलन प्रतियोगिता में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली ने पहला स्थान हासिल किया है, वहीं मैंगलोर यूनिवर्सिटी कर्नाटक दूसरे स्थान पर और शिवाजी यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रही है। वहीं, सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक का खिताब शिवाजी विश्वविद्यालय से आरती तात्गुंती को मिला है। प्रतियोगिता का समापन स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के इंडोर स्टेडियम में हुआ। इस दौरान मुख्यातिथि विवि के कुलाधिपति प्रो. हरमहेंद्र सिंह बेदी रहे और बतौर विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. डी.के. वत्स रहे। वहीं खेल निदेशक और कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील मौजूद रहे। इस अवसर विवि के कुलाधिपति प्रो. हरमहेंद्र सिंह बेदी ने कहा कि यह केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का खेल क्षेत्र के प्रति सहयोग के साथ अनूठा अनुभव भी है।

### महिला की संदिग्ध मौत पर मामला दर्ज

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी थाना के अंतर्गत अंब डोली पंचायत में एक महिला की मौत हो गई। इसे लेकर महिला की मां ने नादौन के थाना ज्वालामुखी में शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी बेटी की रहस्यमय परिस्थितियों में ससुराल अंब डोली में मौत हो गई है। शिकायत मिलने पर ज्वालामुखी पुलिस टीम मृतक महिला के ससुराल अंब डोली में मौके पर पहुंची। ज्वालामुखी पुलिस ने छानबीन में पाया कि मृतक महिला का शव घर के बरामदे में रखा हुआ था। वहीं, पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल देहरा भेज दिया है। पुलिस द्वारा धारा 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। मामले की पुष्टि डीएसपी ज्वालामुखी विकास धीमान ने की है।

### रामभक्तों ने किए श्रीराम लला के दर्शन

**जवाली।** अयोध्या में श्री राम के दर्शन के लिए जवाली, फतेहपुर, राजा का तालाब, नगरोटा सूरिया, रैहन, संगठनात्मक जिला नूरपुर के विभिन्न-विभिन्न संगठनों का 37 रामभक्त कार्यकर्ताओं का जत्था डॉ. विवेक शर्मा की अगुआई में अयोध्या में बने नव निर्मित भव्य मंदिर में श्रीराम लला के दर्शन किए। इस दौरान रामभक्तों ने हनुमान गढ़ी, लगभग 500 वर्ष पहले निर्मित श्रीराम मंदिर के दर्शन किए और शुक्रवार को सुबह जय श्रीराम के नारों से सरयू नदी में विधि विधान के साथ स्नान किया। आपको बता दें कि सात फरवरी को अंब अंदौरा से चली आस्था ट्रेन में हिमाचल के विभिन्न जिलों के कुल 1037 रामभक्तों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। मिडल स्कूल करियाड़ा के साथ लगती गहरी उतराई सड़क में तेज रफ्तार वाहन चालकों की लापरवाही कभी भी पढ़ सकती है भारी

### वाहनों से छात्र व राहगीर सुरक्षित नहीं

**परागपुर।** लोक निर्माण विभाग की बिलकुल सड़क किनारे गहरी उतराई पर चल रहे राजकीय मिडल स्कूल करियाड़ा में शिक्षा ग्रहण करने वाले मासूम छात्र-छात्राएं तो किया पैदल राहगीर भी सुरक्षित नहीं है। लिहाजा उपरोक्त पाठशाला में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के अभिभावक भी इस समस्या को लेकर अच्छे खासे परेसान है। वहीं इस रोड से गुजरने वाले तमाम तेज रफ्तार वाहन चालकों की हल्की सी लापरवाही कभी भी उक्त पाठशाला में पढ़ रहे छात्रों व पैदल राहगीरों की जिंदगी पर भारी पढ़ सकती है। जबकि इस बारे विभागीय प्रशासन को जल्द एक्शन लेना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूलों के आस-पास प्रशासन ने कोई भी दिशा निर्देश बोर्ड नहीं लगाया है और न ही कोई स्पीड ब्रेकर लगे हैं। लिहाजा मोड से साथ गहरी उतराई में चल रही उक्त पाठशाला में शिक्षा ग्रहण करने वाले तमाम छात्र ही नहीं बल्कि इस रोड पर गुजरने वाले पैदल राहगीर भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते है। वहीं, जब इस बारे लोक निर्माण विभाग देहरा मे एक्सईएन अरुण वशिष्ठ ने कहा कि बात ध्यान में आई है। जल्द यहां सपीड ब्रेकर या दिशा निर्देश बोर्ड लगाकर समस्या हल की जाएगी

### मेहनती स्टाफ को किया सम्मानित

**बैजनाथ।** हिमाचल परिवहन निगम के 50 वर्ष के स्थापना वर्ष के उपलक्ष में बैजनाथ में निगम की वर्कशॉप में रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें निगम के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा मुख्यातिथि के रूप में पधारे। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ इस कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस मौके पर बीएमओ डॉ. दिलावर देयोल की अध्यक्षता में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर निगम के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने निगम के मेहनती चालकों परिचालकों वर्कशॉप के मेहनती स्टाफ को सम्मानित किया गया। वहीं विशुद्धा इंटरनेशनल स्कूल द्वारा रोड सेफ्टी के उपलक्ष में कराई गई बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता में बिनवा पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला, भारती विद्यापीठ स्कूल व बिशुद्धा स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

# समस्त शास्त्री वर्ग के साथ नहीं होने देंगे अन्याय: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के सर्किट हाउस में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ मंडी इकाई के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष चमन लाल की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर मिला।

**मांगों को लेकर नेता प्रतिपक्ष से मिले प्रशिक्षित शास्त्री संघ के पदाधिकारी**

उनके साथ उपाध्यक्ष शीतल शर्मा, सचिव विनोद कुमार, प्रदेश महिला मोर्चा महासचिव मंजू सेन, प्रदेश सहसचिव सुरेश कुमार, राकेश कुमार और मंडी इकाई के सदस्य करण कुमार, पवन, अर्जुन, अंजना, ललिता, नीता वालिया व अन्य प्रशिक्षित शास्त्रियों ने उनके साथ प्रदेश सरकार की ओर से हो रहे कुठाराघात बारे ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया। अध्यक्ष चमन लाल ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा एनसीटीई का हवाला देते हुए बीएड की शर्त शास्त्री पर थोपना और बीए, एमए वालों को हमारा हक देना हमें खुद के ही घर से निकालने जैसा कुठाराघात अति निंदनीय है।


पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से मिलने के दौरान शास्त्री।

उन्होंने कहा कि अगर सीएम अनायास थौपे गए नियमों को वापस नहीं लेंगे, तो हम अपनी डिग्रियां उनके समक्ष जला कर स्वयं का भी आत्मदाह तक करने के लिए तैयार हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ मंडी इकाई को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्त शास्त्री वर्ग के साथ वह कभी भी अन्याय नहीं होने देंगे। इस मामले में विधानसभा और मुख्यमंत्री के समक्ष आवाज उठाई जाएगी।

### बैंकिंग प्रतिभा को निखारने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय और इंस्टीच्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग में समझौता

# शूलिनी विवि में अब बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में एमबीए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शैक्षणिक और व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में शूलिनी विश्वविद्यालय ने इंस्टीच्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग (आईपीबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य शूलिनी विश्वविद्यालय में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में एमबीए कार्यक्रम शुरू करना है।

एमओयू पर इनोवेशन एंड मार्केटिंग के अध्यक्ष और शूलिनी विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन आशीष खोसला और आईपीबी से गुरसिमरन सिंह ओबेरॉय ने हस्ताक्षर किए। आईपीबी से सुमीत कौर, रीपिका अरोड़ा, मंजुला और अभय गर्ग भी मौजूद थे। यह आयोजन छात्रों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता और पेशेवर तत्परता को बढ़ावा देने की दिशा में एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

शूलिनी विश्वविद्यालय में इनोवेशन और मार्केटिंग के अध्यक्ष और इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन आशीष खोसला ने कहा कि बैंकिंग और वित्त में करियर की बहुत मांग है और हम शूलिनी में छात्रों को ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से सक्षम बनाने की योजना बना रहे हैं। इस क्षेत्र में सफल प्लेसमेंट और भूमिकाओं के लिए प्रासंगिक कौशल, बैंकों, एनबीएफसी और


समझौते के दौरान दोनों संस्थानों के अधिकारी सामूहिक चित्र में।

फिनटेक कंपनियों को कौशल प्रदान करने के लिए सबसे पसंदीदा विश्वविद्यालय बनना है। आशीष खोसला ने आगे कहा कि आईपीबी के साथ इस सहयोग के माध्यम से हम छात्रों को उनके एमबीए पाठ्यक्रम के पहले दिन से ही प्रासंगिक व्यवहारिक कौशल और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने का प्रयास करेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता सक्षम हो सकेगी। मुझे दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अग्रणी बहुराष्ट्रीय बैंकों में एक वरिष्ठ बैंकर बनने का अवसर मिला है और मैं बैंकिंग और वित्त की रोमांचक दुनिया में शूलिनी विश्वविद्यालय के ऑनलाइन एमबीए छात्रों के लिए द्वार खोलने में मदद करना चाहता हूं। आईपीबी के प्रबंध निदेशक और संस्थापक गुरसिमरन सिंह ओबेरॉय ने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के बीच सहयोग अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर तत्परता के एक नए युग की शुरुआत करता है, जो बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में नेताओं की अगली पीढ़ी को आकार देने के लिए तैयार है। शूलिनी विश्वविद्यालय और इंस्टीच्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के बीच सहयोग की शुरुआत एससीडीओई के संचालन निदेशक तरुण गुप्ता द्वारा की गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### डेढ़ किलो चरस और चिट्टा पकड़ा, तीन दबोचे



**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत पुलिस ने चरस और हेरोइन के तीन मामलों में तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है, जिसमें चरस का एक मामला स्वारघाट पुलिस थाना कर तहत सामने आया है। वहीं, हेरोइन के मामले पुलिस थाना सदर और घुमारवीं के तहत दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में पुलिस ने एक किलो 542 ग्राम चरस सहित 2.23 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि स्वारघाट पुलिस थाना की टीम ने एक किलो 542 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में पकड़ा गया युवक थाची बालीचौकी जिला मंडी का रहने वाला है। यह युवक एक कार में सवार था, जिसे शक के आधार पर रोका गया और जब तलाशी ली गई तो उसके पास बैग मिला, जिसमें तीन पैकेट मिले और उसमें चरस बरामद की गई। वहीं, दूसरे मामले में घुमारवीं पुलिस थाना की पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक स्कूटी सवार युवक से 1.39 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान शुभम निवासी दधोल के रूप में हुई है। उधर, तीसरे मामले पुलिस थाना सदर की टीम ने गश्त के दौरान एक पैदल चल रहे युवक से 0.84 ग्राम हेरोइन मिली। इस मामले का आरोपी सचिन सुंदरनगर जिला मंडी का रहने वाला है।

### झोला छाप डाक्टर को चार साल की जेल

**बीबीएन।** अतिरिक्त विशेष न्यायालय के न्यायाधीश अविनाश चंद्रा का अदालत ने वर्ष 2014 में साढ़े 13 किलो भुक्की के साथ गिरफ्तार किए गए एक झोलाछाप डाक्टर को चार साल के सख्त कारावास और पचास हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला उप न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि बद्दी पुलिस थाने की एक टीम को चार जनवरी, 2014 को साई रोड पर गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इसी रोड पर क्लीनिक चलाने वाले अंबाला के नारायणगढ़ के रजोली गांव का रहने वाला महिंद्र पाल अपने क्लीनिक से नशे की तस्करी करता है। इस सूचना को पुख्ता करने के बाद पुलिस की टीम ने महिंद्र के क्लीनिक पर छापा मारा और वहां से 13 किलो 400 ग्राम भुक्की बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। इस मामले की जांच बद्दी के सहायक उपनिरीक्षक हुकुम सिंह ने की। इस मामले में दोनों पक्षों के की जिरह सुनने के बाद विशेष अदालत ने महेंद्र पाल को दोषी करार देते हुए। उसे चार साल के कठोर कारावास के अलावा पचास हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# पंजाब से चिट्टा तस्करी गिरोह का सरगना गिरफ्तार

## सोलन पुलिस ने तोड़ा नशा तस्करी का एक और नेटवर्क, हिमाचल के 80 युवाओं से जुड़े हैं इस नेटवर्क के तार

**तेजपाल नेगी, सोलन**

पुलिस की विशेष टीम ने पंजाब से चल रहे एक और चिट्टा तस्कर गिरोह के सरगना को पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस चिट्टा तस्कर पर पंजाब में भी चिट्टा तस्करी के दो मामले चल रहे हैं। एसपी सोलन गौरव सिंह के अनुसार हिमाचल के अलग-अलग स्थानों से तकरीबन 80 युवा उसके संपर्क में थे। पिछले एक साल में सोलन पुलिस ने चिट्टा तस्करी के इस 83वें गिरोह का पर्दाफाश किया है।

इस गिरोह के चार सदस्य पहले ही पुलिस हिरासत में चल रहे हैं। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के अनुसार गत वर्ष 18 नवंबर को सोलन जिले की स्पेशल पुलिस टीम ने सोलन के माल रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस में दो युवकों को गिरफ्तार किया था, जो सोलन शहर में नौजवानों को चिट्टा बेचने की फिराक में थे। उनके हवाले से 7.34 ग्राम चिट्टे की खेप बरामद हुई थी। उन्होंने बताया था कि आरोपी नेपाल निवासी राहुल (20) और सोलन निवासी विजय कुमार (35) से जाङ्च में पता चला कि आरोपी विजय के खिलाफ तीन आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं, जिनमें पोक्सो एक्ट और चोरी के मामले शामिल हैं।


पुलिस की गिरफ्त में चिट्टा तस्करी का आरोपी हरजोत उर्फ साहिब गारच।

उन्होंने बताया कि ये दोनों आरोपी इस चिट्टे को अपने बिचौलिए दोस्त जौंडा जी रोड निवासी नरेंद्र के माध्यम से पैसों का लेन-देन करके खरड़ निवासी चिट्टा तस्कर मोहित से खरीद कर लाए थे। इस जानकारी पर पुलिस ने आरोपी नरेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने 23 नवंबर को आरोपी पंजाब के खरड़ निवासी 28 वर्षीय मोहित लखनपाल को चिट्टा सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी मोहित पिछले सात वर्षों से ज्यादा समय से चिट्टा तस्करी कर रहा था। उसके खिलाफ चोरी मामले भी दर्ज हैं। मोहित से पूछताछ और इस नेटवर्क की जांच में पता चला कि इस नेटवर्क का मुख्य सरगना आरोपी हरजोत सिंह है, जो एक बड़ा चिट्टा सप्लायर है। अभी तक की जांच में हरजोत के खिलाफ पंजाब के खरड़ सिटी थाने में 320 ग्राम और जिरकपुर थाना में 35 ग्राम चिट्टा तस्करी के मामले पंजीकृत हैं। इसके नेटवर्क में हिमाचल प्रदेश के 80 से ज्यादा युवा जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि गिरोह के सरगना पंजाब के लुधियाना निवासी 31 वर्षीय हरजोत सिंह उर्फ साहिब गारचा को सोलन पुलिस की स्पेशल टीम द्वारा पिछले वीरवार को पंजाब के खरड़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करके पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस अभियोग में बाकी चारों आरोपी राहुल, विजय, नरेंद्र व मोहित अभी न्यायिक हिरासत में हैं। अभियोग में जांच जारी है ।

### अब तक बाहरी राज्यों के 83 आरोपी दबोचे

**सोलन।** पुलिस द्वारा पिछले एक वर्ष में बाहरी राज्यों के 83 आरोपियों, जिनमें चिट्टे के 73 बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं, को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें छह अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं । इन बाहरी राज्यों के तस्करों द्वारा हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 12 बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टा की आपूर्ति बंद हुई है।

### केंद्र में फिर सरकार बनाएगी भाजपा: बलबीर

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने दावा किया है कि देश के सी वोटर सर्वे के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर केंद्र में एक मजबूत सरकार की स्थापना करने जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे बड़े राज्य में तो भारतीय जनता पार्टी क्लीन स्वीप करने वाली है और उत्तर प्रदेश में भी 70 सीटें भाजपा की झोली और कांग्रेस को केवल एक ही सीट प्राप्त होगी। यह देशभर में एक प्रचंड लहर का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल कार्य पर मुहर है। बलबीर वर्मा ने शिमला में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी चारों लोकसभा सीटों पर बड़ी विजय प्राप्त करेगी।

# भुंतर हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मिली वन स्वीकृति

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बोले- कुल्लू और लाहौल घाटी में पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भुंतर हवाई अड्डे के विस्तार के लिए वन स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इससे कुल्लू घाटी की सुरम्य वादियों के प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण इस हवाई पट्टी के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



उन्होंने कहा कि इस परियोजना के विस्तार के लिए वन संरक्षण अधिनियम के तहत आवश्यक स्वीकृतियां सुनिश्चित करते हुए अब हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का कार्य आरंभ हो सकेगा। नागरिक उड्यन महानिदेशालय द्वारा तय नियामक मानकों तथा विस्तारित सुरक्षा उपायों के दृष्टिगत यह स्वीकृतियां आवश्यक थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू घाटी में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में भुंतर हवाई अड्डे की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहां तक हवाई सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में पर्यटक कुल्लू तथा लाहौल घाटी की सुंदर वादियों में आसानी से पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि अमृतसर से कुल्लू के लिए अब सीधी उड़ानें शुरू की गई हैं और ऐसे में देश-विदेश के यात्रियों को इस हवाई अड्डे के विस्तार से लाभ होगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्प है और 50 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ वर्तमान सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का बजट आबंटन किया है।

### हर वर्ष पांच करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य

**उन्होंने** कहा कि बागवानी और जलविद्युत के उपरांत पर्यटन क्षेत्र हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है और इस प्रमुख क्षेत्र से हजारों परिवार जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि राज्य सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके तहत आधारभूत ढांचे को मजबूत करते हुए प्रदेश में पर्यटकों के भ्रमण व ठहराव को यादगार बनाने के लिए उन्हें उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल में प्रतिवर्ष पांच करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# 50 मीटर एरिया में सांस लेना मुश्किल, अभी भी निकल रहा धुआं

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग भीषण अग्निकांड के आठ दिन बीत जाने के बाद भी धुआं बंद नहीं हुआ है। अभी भी कंपनी परिसर के 50 मीटर एरिया से गुजरना भी चुनौती से कम नहीं है। इस क्षेत्र में सांस लेने में दिक्कत व आंखों में जलन की समस्या हो रही है।

शुक्रवार को एसडीआरएफ की टीमों ने हाइड्रा की मदद से कैमिकल से भरे ड्रमों को ट्रकों के जरिए सुरक्षित स्थान भिजवा दिया है, ताकि सर्च आपरेशन के दौरान किसी तरह की दिक्कत न हो, वहीं एसडीआरएफ ने हाइड्रा से अनसेफ बिल्डिंग के हिस्से को भी तोड़ना शुरू कर दिया है, सर्च आपरेशन के दौरान कुछ हिस्सा गिरने का खतरा है। ऐसे में एहतिहात के तौर पर काम किया जा रहा है। एसडीआरएफ के हैड कॉस्टेबल बबली कुमार ने बताया कि शुक्रवार को कैमिकल से भरे ड्रमों को निकालने का काम चला हुआ है। एनआर एरोमा उद्योग से संचालक प्रोडक्ट बनाने के लिए जिस तरह के खतरनाक कैमिकल का इस्तेमाल कर रहे थे, उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी धुआं बंद नहीं हो रहा है।

इस हादसे में अब तक कुल पांच की मौतें हो चुकी हैं, जबकि कई शव अभी भी कंपनी के तीसरे मंजिल में दबे होने की आशंका है। जहां अभी तक सर्च आपरेशन नहीं किया गया है। वहीं, रोजाना लापता सदस्यों के परिजन कंपनी के बाहर आकर नम आंखों से क्षतिग्रस्त कंपनी को देख रहे है कि कब अपने के शव मिलेंगे।

# डाक भर्ती घोटाला: सीबीआई ने दो मामले किए दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सीबीआई ने जिला हमीरपुर व बिलासपुर के ग्रामीण डाक सेवक/सहायक शाखा डाकपाल सहित दो आरोपियों एवं अन्य अज्ञातों के विरुद्ध मामले दर्ज किए हैं, जिसमें जाली/झूठे शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेजों को पेश कर नौकरियों को प्राप्त करने का आरोप है।

**भिवानी एवं हिसार जिले में दोनों आरोपियों के परिसरों की तलाशी भी ली**

ये मामले डाक भर्ती घोटाले के मामले में सीबीआई द्वारा पूर्व में दर्ज किए गए दो मामलों के अतिरिक्त हैं, जिनमें जाली/कपटपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेजों/प्रमाण पत्र आदि पेश करके इन नौकरियों को प्राप्त करने के आरोप शामिल हैं। यह आरोप है कि षड्यंत्र के तहत उक्त आरोपियों ने जालसाजी की/जाली शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज प्राप्त किया एवं हिमाचल प्रदेश के डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक/सहायक शाखा डाकपाल के तौर पर चयन प्राप्त करने के लिए भी प्रयोग किया। उन्होंने कथित तौर पर दोषपूर्ण तरीके से वेतन प्राप्त किए एवं इस प्रकार से डाक विभाग को हानी पहुंचाई। जिला भिवानी एवं हिसार (हरियाणा) स्थित दोनों आरोपियों के परिसरों के दो स्थानों पर तलाशी की गई तथा कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। इस मामले में जांच जारी है।

# प्रदेश लोक सेवा आयोग ने विभिन्न पोस्टों के लिए विज्ञापन किया जारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर, जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (अकाउंट) और जूनियर ऑडिटर के 120 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर विज्ञापन जारी कर दिया है। इन पदों के लिए आठ मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर के 41 पद आयुष विभाग में अनुबंध आधार पर भरे जाने हैं। इसमें 15 पद अनारक्षित हैं। एससी के लिए दस, ओबीसी के लिए सात, ईडब्ल्यूएस के लिए पांच पद आरक्षित हैं। अनारक्षित (डब्ल्यूएफएफ), बीपीएल, एसटी, ओबीसी बीपीएल के लिए एक-एक पद है। वहीं, जूनियर ऑफिस असिस्टेंट अकाउंट के 42 पद हिमाचल राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड में अनुबंध जूनियर ऑफिस असिस्टेंट अकाउंट के 42 पद हिमाचल राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड में अनुबंध आधार पर भरे जाने हैं। इनमें 19 पद अनारक्षित हैं। एससी के लिए नौ, ओबीसी के लिए सात, ईडब्ल्यूएस के लिए चार पद आरक्षित हैं। एससी बीपीएल के लिए एक, एसटी के लिए एक, ओबीसी बीपीएल के लिए एक पद है। जूनियर ऑडिटर के 37 पद हिमाचल राज्य ऑडिट विभाग में भरे जाएंगे। ये पद अनुबंध आधार पर भरे जाने हैं। इसमें 16 पद अनारक्षित है। एससी के लिए नौ ओबीसी के लिए चार, ईडब्ल्यूएस के लिए तीन पद आरक्षित हैं। एससी डब्ल्यूएफएफ, एसटी, एससी बीपीएल, एसटी बीपीएल ओर ओबीसी बीपीएल के लिए एक-एक पद है। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# सहायक अभियंता नरेंद्र राणा को मिला स्टेट डिजास्टर अवार्ड

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

लोक निर्माण विभाग धर्मपुर के तहत सब-डिवीजन टिहरा में कार्यरत सहायक अभियंता नरेंद्र राणा को आपदा में बेहतरीन कार्य करने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से स्टेट डिजास्टर अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। नरेंद्र राणा को यह अवार्ड इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग निगम विहार शिमला में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा सीपीएस संजय अवस्थी और ईएनसी अजय गुप्ता की अध्यक्षता में दिया गया।

नरेंद्र राणा ने डिजास्टर 2023 में जब पूरे प्रदेश के साथ-साथ धर्मपुर उपमंडल में भी बारिश ने कहर मचाया था और उनके सब-डिवीजन टिहरा के तहत करीब दो दर्जन मुख्य सड़कें अवरुद्ध हो गई थी, कई मकान गिर गए थे, तो न सिर्फ उन्होंने रिकॉर्ड समय में 22 सड़कों को यातायात सेवाओं के लिए खुलवाया, बल्कि तनिहार में मकान गिरने से वहां के पूर्व प्रधान प्रभाष राणा की मौत हो गई। साथ ही एक महिला भी मकान के अंदर दब गई थी, वहां तक एनडीआरएफ की टीम को पहुंचाने के लिए उनके साथ मौजूद रहे, बल्कि अपनी तमाम टीम लगाकर वहां तक रेस्क्यू टीम के साथ एंबुलेंस को पहुंचने का भी बेहतरीन काम किया था। उनकी बेहतरीन सेवाओं को देखते हुए अवार्ड और एक्सीलेंस का सम्मान उन्हें सौंपा गया है।

**आक्रोश**

### 13वीं बार प्रदेश सरकार से उठाई परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग

# परिजनों के साथ प्रदेश सचिवालय पहुंचे जेओएआईटी अभ्यर्थी

**जय ठाकुर, शिमला**

एक बार फिर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों जेओएआईटी अभ्यर्थी अपने परिजनों के साथ सचिवालय के बाहर धरने के लिए शिमला पहुंचे हैं। अभ्यर्थियों ने कैबिनेट में इनकी रिजल्ट घोषित करने की मांग पूरी नहीं होने पर आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दे डाली है।

बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी दूर-दूर से रिजल्ट घोषित करने की मांग को लेकर सचिवालय पहुंचे हैं। सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे बेरोजगार रिजल्ट निकालने या जहर देने की मांग कर रहे हैं। जेओएआईटी अभ्यर्थी सौरव शर्मा ने बताया कि वह 13वीं बार शुक्रवार को रिजल्ट निकालने की मांग को लेकर शिमला पहुंचे हैं। उन्हें बार-बार रिजल्ट निकालने का आश्वासन दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक की मुख्य आरोपी उमा आजाद को कोर्ट से बेल मिल गई है और बेरोजगार सड़कों पर है। उन्होंने बताया कि आज रिजल्ट को लेकर फैसला नहीं हुआ तो बेरोजगार आमरण अनशन पर बैठेंगे। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस छावनी में तब्दील हुआ छोटा शिमला

**कोर्ट** भी रिजल्ट निकालने के निर्देश दे चुका है, लेकिन रिजल्ट किसके माध्यम से निकाला जाए, सरकार यह तय नहीं कर पा रही। क्योंकि सरकार ने इनकी परीक्षा लेने वाला हिमाचल प्रदेश स्टाफ सिलेक्शन कमीशन भंग कर रखा है। इनके प्रदर्शन को देखते हुए छोटा शिमला सचिवालय पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।


सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते जेओए आईटी अभ्यर्थी।

### हाई कोर्ट भी दे चुका है रिजल्ट निकालने के निर्देश

**दरअसल,** सुप्रीम कोर्ट और हिमाचल हाई कोर्ट भी इनके रिजल्ट निकालने के आदेश दे चुका है। बावजूद जेओएआईटी के विभिन्न पोस्ट कोड का रिजल्ट नहीं निकाला जा रहा। इनमें कुछ पोस्ट कोड का एग्जाम हुए दो साल बीत गए हैं।

### लोक सेवा आयोग रिजल्ट निकालने को कर चुका इनकार

**वहीं,** राज्य लोक सेवा आयोग रिजल्ट निकालने को इनकार कर चुका है। ऐसे में बेरोजगारों का नौकरी के लिए इंतजार लंबा होता जा रहा है। इससे पहले भी यह अभ्यर्थी अनेक बार शिमला में प्रदर्शन कर चुके हैं।

### सैहब सोसायटी का निजीकरण और आउट्सोर्स करने का प्रयास: सीटू

**शिमला।** राजधानी शिमला के कालीबाड़ी हाल में सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने 16 फरवरी की हड़ताल की तैयारियों के लिए अधिवेशन आयोजित किया। इसमे सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि सैहब सोसायटी का निजीकरण अथवा आउटसोर्स करने की कोशिश की गई तो मजदूर भविष्य में हड़ताल पर चले जाएंगे व शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप कर देंगे। नगर निगम प्रशासन सैहब के बायलॉज के खिलाफ कार्य कर रहा है व सैहब के कार्य की आउटसोर्सिंग करने की साजिश रच रहा है। नगर निगम घरों की मैपिंग के लिए अढ़ाई करोड़ रुपए खर्च कर क्यूआर कोड स्कैनिंग का कार्य करने का सोच रहा है। इतने पैसों में 150 अतिरिक्त मजदूरों की भर्त्ती हो सकती है । इस अधिवेशन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश, सलाहकार पाला राम मट्ठू, हिमी देवी, राम प्रकाश, रंजीव कुठियाला, सुनील, योगेश, भरत, पवन, नरेंद्र, अमित भाटिया, रूपा, पूनम, शारदा, देवी सिंह, सूरत राम, नरेंद्र, राकेश, राहुल, शिव राम, बूटा राम, विक्रम, दिगंबर, मनोज, अजित, चंदू लाल, दिनेश, धर्म चंद,नीरज, ललित, दलविंद्र, मदन, इंद्र, प्रेम, राजीव, खूब राम, अरविंद आदि शामिल रहे।

### केंद्र सरकार का श्वेत पत्र कुशासन पर पर्दा डालने का प्रयास: कौशल

**हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा अर्थ व्यवस्था पर लाया गया श्वेत पत्र भाजपा सरकार के दस वर्ष के कुशासन की काली करतूतों पर पर्दा डालने का प्रयास मात्र है। भाजपा सरकार का यह स्वेत पत्र इनके शासनकाल में बढ़ी असीमित महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, महिला उत्पीड़न और देश में नफराती वातावरण को प्रमोट करने की राजनीति से देशवासियों का ध्यान भटकाने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह विश्व के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों में शुमार हैं और जब विश्व के तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं ध्वस्त हो रही थीं। उन्होंने पहले वित्त मंत्री के रूप में तथा उसके पश्चात प्रधानमंत्री के रूप में भारत की अर्थव्यवस्था को न केवल संभाला, अपितु मजबूती के साथ आगे बढ़ाते हुए देश को एक वैश्विक आर्थिक शक्ति तौर पर स्थापित किया। कौशल ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जिनकी डिग्रियां और शैक्षणिक योग्यता विवादों में है, उनके द्वारा एक विद्वान के नेतृत्व वाली सरकार पर ऐसे आरोप मात्र राजनीति से प्रेरित ही हो सकते हैं। यूपीए की सरकार ने देश में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए मनरेगा और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून और योजनाएं बनाई तथा भ्रष्टचार के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही करने के उद्देश्य से प्रवर्तन निदेशालय का गठन किया, जिसका इस्तेमाल भाजपा सरकार भ्रष्टाचार नहीं अपितु विपक्ष को उत्पीड़ित करने एवं भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल करने के लिए कर रही है।

# आपदा में किया बेहतर काम, इंजीनियरों को मिला सम्मान

## 31 इंजीनियरों एवं फील्ड स्टाफ के अधिकारियों व कर्मचारियों को मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को निगम विहार स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय के ऑडिटोरियम में आपदा के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले 31 इंजीनियरों एवं फील्ड स्टाफ के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त महीने के दौरान पूरे प्रदेश में भारी बरसात हुई थी, जिसमें लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों, फील्ड स्टाफ तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़ी तत्परता व सूझबूझ का परिचय देते हुए पूरे प्रदेश की सड़कों को समय अवधि भीतर खोलने के लिए रात-दिन 24 घंटे सराहनीय कार्य कर लोगों के लिए यातायात सुविधा बहाल की और कुछ स्थानों पर तो सड़क का नामोनिशान ही मिट गया था, उस सड़क को भी पुलों के माध्यम से बहाल किया गया, जो कि विभाग के इंजीनियरों, अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्य दक्षता को दर्शाता है, इसी उद्देश्य से सरकार की ओर से ऐसे इंजीनियरों एवं फील्ड स्टाफ के अधिकारियों व कर्मचारियों को एक बड़े मंच पर सम्मानित करने का निर्णय लेकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता इंजीनियर अजय गुप्ता, सचिव (आईआरसी) इंजीनियर जसवंत सिंह, मुख्य अभियंता ई. सुरेश कपूर, ई. नरेंद्र पाल सिंह चौहान, कैप्टन सुरेंद्र पाल जगोता, अलग-अलग सर्कल के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निगम विहार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर्मचारी व अधिकारी मंत्री विक्रमादित्य सिंह तथा सीपीएस संजय अवस्थी के साथ संयुक्त चित्र में।

### लोक निर्माण विभाग के ये अधिकारी सम्मानित

विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में सड़के खोलने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक निर्माण विभाग के 31 इंजीनियरों व फील्ड स्टाफ के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया, जिसमें अधिशाषी अभियंता मनाली मंडल अनूप कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता राजकीय उच्च मार्ग रामपुर केएल सुमन, अधिशाषी अभियंता यांत्रिक अमित शर्मा, सहायक अभियंताओं में नरेंद्र कुमार, विनायक कश्यप, अलोक जनवेजा, मनीष ठाकुर, अखिल चौहान, कनव बडोतरा, भीम सिंह नेगी, डीके नाग तथा भावेष चतुर्वेदी, कनिष्ठ अभियंताओं में चंद्र भानू, बांकू दीन कुरैषी, अभिमन्यु मैहरा, साहिल चौधरी, कृष्ण कुमार, जसवंत कुमार, शीतल शर्मा, मीनस शर्मा, श्याम लाल आदि को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### कर्मचारी बधाई के पात्र

मुख्य संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य तथा आई एंड पीआर संजय अवस्थी ने कहा कि बरसात एवं आपदा का समय बहुत मुश्किल समय था, जिससे उभरने के लिए लोक निर्माण विभाग के समस्त इजीनियरें, अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामान्य स्थिति में लाने के लिए भरसक प्रयास किए हैं, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

### विकट परिस्थितियों में निभाई जिम्मेदारी

विकट स्थितियों के बावजूद सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जो उन्हें जिम्मेदारी दी गई थी, उसे बखूबी निभाया है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग व सड़क बहाली के लिए अधिक से अधिक राशि लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत करने के कारण हम पूरे प्रदेश की सड़कों को समय अवधि के भीतर खोल पाएं हैं, पिछले वर्ष ऊपरी शिमला क्षेत्र में भारी बरसात के कारण बहुत ज्यादा नुकसान हुआ था, जबकि सेब की फसल तैयार थी। सरकार के दृढ़ निश्चय से और सभी के सहयोग से सड़कों को शीघ्र बहाल किया गय।

# राज्यपाल को अयोध्या में निर्मित राम मंदिर की स्मारक डाक टिकट की भेंट


मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अम्बेश उपमन्यु राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अम्बेश उपमन्यु ने शुक्रवार को शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को अयोध्या में निर्मित राम मंदिर की स्मारक डाक टिकट भेंट की।

अम्बेश उपमन्यु ने अवगत करवाया कि अयोध्या राम मंदिर पर आधारित डाक टिकट की बड़े स्तर पर मांग है और अब यह डाकघरों में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त डाकघरों के माध्यम से 20 फरवरी से 28 मार्च तक राम मंदिर से संबंधित स्मारिका और प्रधानमंत्री का संदेश भी पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान डाक विभाग ने 1093 स्थानों पर सहयोग किया। इस मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने डाक विभाग की ओर से किए गए इन प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक डाक सेवाएं बिशन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हाटेश्वरी मंदिर परिसर के रखरखाव के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शुक्रवार को रोहड़ू उपमंडल में स्थित हाटेश्वरी माता मंदिर में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन हाटेश्वरी माता मंदिर परिसर के रखरखाव के लिए प्रतिबद्ध है और इसके सौंदर्यीकरण में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। वर्तमान राज्य सरकार जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और युवा पीढ़ी को अध्यात्म की ओर प्रेरित होने का आहवान किया, ताकि वे जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सके। अनुपम कश्यप ने क्षेत्र में युवा पीढ़ी में नशाखोरी की समस्या पर चिंता व्यक्त की।


डीसी शिमला अनुपम कश्यप हाटेश्वरी माता मंदिर में व साथ में हैं अन्य।

### पंचायत स्तर पर जनहित के कार्य करने के निर्देश

**रोहड़ू।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शुक्रवार को एसडीएम रोहड़ू के कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन के लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने और योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को इनका लाभ प्राप्त हो सके। इसके पश्चात् उन्होंने खंड विकास अधिकारी जुब्बल के कार्यालय का भी दौरा किया और वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को पंचायत स्तर पर जनहित के कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण परिवेश के लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त हो सकें।

# एनएसडीएल के पास लंबित 9000 करोड़ प्रदेश को दिलाए जाएं वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल एनपीएस जिला शिमला अध्यक्ष कुशाल शर्मा की अध्यक्षता में मंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह से रामपुर में मिला। एनपीएस कर्मचारियों के केंद्र सरकार के अधीनस्थ एनएसडीएल के पास लंबित नौ हजार करोड़ रुपए को वापस एनपीएस कर्मचारियों को दिलाया जाए।

कुशाल शर्मा ने बताया कि नौ हजार करोड़ रुपए की वापसी से जहां कर्मचारियों को अपनी ही जमा पूंजी वापस होगी, वहीं प्रदेश सरकार को भी पांच हजार करोड़ रुपए से भी ऊपर की राशि वापस मिलेगी क्योंकि इस जमा पूंजी में कर्मचारियों के मूल वेतन से 10 प्रतिशत राशि की कटौती होती थी और 14 प्रतिशत की राशि प्रदेश सरकार की ओर से जमा होती थी। यह राशि कॉरपोरेट सेक्टर को लाभ पहुंचाने का कर्मचारियों की सहमति के बगैर एक षड़यंत्र रचा गया था। प्रतिनिधि मंडल ने सांसद प्रतिभा सिंह से गुजारिश की है कि वह इस मसले को लोकसभा के अंदर उठाएं तथा हिमाचल प्रदेश सरकार व कर्मचारियों का जो पैसा केंद्र के अधीनस्थ एनएसडीएल शेयर मार्केट में लगा रखा है उसको वापस दिलवाने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जाए।



## शिक्षा मंत्री ने किए नावर क्षेत्र में 12 करोड़ 17 लाख रुपए के लोकार्पण

# सड़कों की स्थिति में होगा सुधार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नावर क्षेत्र के प्रवास पर रहे।

इस दौरान उन्होंने करोड़ों की लागत से निर्मित परियोजनाओं के लोकार्पण किए, जिसमें एक करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तमशाल से खारला संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया व दो करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से निर्मित सराहधार-फरोग एवं नकसेटली, धड़ी कुप्पड़, गाड़ोट तथा पंचायत पुजारली तीन एवं धराड़ा के साथ लगते क्षेत्र के लिए उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना एवं दो करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित दरोटी नाला से नरेण उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त लगभग छह करोड़ की लागत से निर्मित आईटीआई टिक्कर के भवन का लोकार्पण भी किया। आईटीआई टिक्कर में आयोजित एक भव्य समारोह में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि नावर उनके विधानसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण भाग है।


रोहित ठाकुर जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोकार्पण करते हुए।

### स्कूलों के विकास को लेकर खर्च हो रहे 15 करोड़

शिक्षा विभाग के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों के विषय में बताते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में इस समय लगभग 15 करोड़ की लागत से विभिन्न स्कूलों के विकास कार्य प्रगति पर है। उन्होंने स्थानीय लोगों द्वारा उठाई गई अन्य मांगो को अतिशीघ्र पूरा करने का भी आश्वासन दिया।

# 14 फरवरी को होगा वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी का चयन

**रिकांगपिओ।** किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सत्र 2024 के लिए एचपीसीए की ओर से आयोजित अंडर जिला वरिष्ठ श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किन्नौर क्रिकेट टीम का चयन होना है।

चयनित खिलाड़ी 24 से अंडर डिस्ट्रिक टेस्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस संदर्भ में किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तारा चंद ठाकुर ने सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों से आहवान किया कि इस चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए 14 को सुबह 10.30 बजे खेल मैदान रिकांगपिओ में पहुंचे।

# गांव चलो अभियान के तहत हर बूथ पर जाएंगे भाजपा के बड़े नेता : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुक्रवार से प्रदेश के सभी 7990 बूथों पर 'गांव चलो अभियान' चल रहा है।



इस अभियान में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सहित सभी सांसद विधायक पार्टी पदाधिकारी एवं सभी पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न बूथों में जाकर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से तय युवा गरीब महिला एवं किसानों एवं समाज के सभी घटकों से संपर्क करेंगे। सभी नेता केंद्र सरकार की ओर से पिछले 10 वर्षों में शुरु की गई जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे व संवाद करेंगे।

प्रदेश भर के सभी नेता इसका एक बहुत बड़ा प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। अभियान के माध्यम से भाजपा के संगठन में नई ऊर्जा का संचालन हो रहा है और पूरे प्रदेश में भाजपा के कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहे हैं।

## करालश में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की ब्राक्टा ने की अध्यक्षता

# 30 शिकायतों का मौके पर किया निपटारा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

मुख्य संसदीय सचिव विधि, संसदीय कार्य एवं बागवानी विभाग मोहन लाल ब्राक्टा ने शुक्रवार को रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत करालश पंचायत में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लगभग 30 समस्याएं प्राप्त हुई। मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत सरकार द्वारा प्रशासन के सहयोग से लोगों की समस्याओं का घर द्वार पर निदान किया जाता है।


मोहन लाल ब्राक्टा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए।

करालश में आयोजित कार्यक्रम में अधिकतर समस्याओं का निपटारा किया गया तथा अन्य समस्याओं को समयबद्ध तरीके से संबंधित अधिकारियों को निपटारा करने के निर्देश दिए, ताकि आम जन मानस को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास की दृष्टि से तीव्र गति से आगे बढ़ रही है, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आभारी रहेंगे। आपदा के समय क्षेत्र की सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा था, जिसकी बहाली के लिए अकेले रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने तीन करोड़ रुपए की राशि जारी की थी।

# गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं को आम जनमानस तक पंहुचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन संपर्क विभाग के अधीन कार्यरत फोक मीडिया दल के कलाकारों ने शुक्रवार को भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा ने नेरवा पंचायत तथा पंचायत देवत, वंदना कला मंच के कलाकारों ने पंचायत शिंगला तथा ढांसा में कार्यक्रम किया।

जय देव कुर्गण सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने पंचायत कोटी व दरभोग, लोकनृत्य कलामंच के कलाकारों ने पंचायत करालश में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया। कलाकारों ने बताया कि हिमाचल सरकार की ओर से आत्मनिर्भर हिमाचल-समृद्ध हिमाचल बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।


गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक करते हुए कलाकार।

# निरमंड में एसडीएम कार्यालय के बाहर किसान सभा ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

किसान सभा खंड इकाई निरमंड के आह्वान पर रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट 412 मेगावाट व लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट स्टेज एक 210 मेगावाट से प्रभावित पंचायतों के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर निरमंड में उपमंडल अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन को हिमाचल किसान सभा के राज्य सचिव डॉ ओंकार शाद, पूर्व विधायक राकेश सिंघा, किसान सभा जिला महासचिव देवकी नंद, पूरण ठाकुर, जिला अध्यक्ष प्रेम चैहान आदि ने संबोधित किया। पूर्व विधायक रोकश सिंघा ने कहा कि इन दोनों प्रोजेक्ट के निर्माण से प्रभावित पंचायतों के किसानों को मिलने वाले अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट 412 मेगावाट, जो कि 2014 में बन कर तैयार हो गया था, परंतु अभी तक प्रदूषण का मुआवजा 2010-11 से 2013-14 तक का नहीं मिला है। किसान नेताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट बनने के बाद परियोजना प्रभावितों को एक प्रतिशत रॉयल्टी पिछले तीन वर्षों से नहीं मिल रही है।


किसान मांगों को लेकर निरमंड में एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

### 31 मार्च तक दिया जाएगा प्रदूषण का मुआवजा

प्रदर्शन के बाद किसान सभा व एसडीएम निरमंड के बीच इन मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि प्रदूषण व दरारों का मुआवजा 31 मार्च तक दिया जाएगा, बाकि मुद्दों को भी गंभीरता से लेने की बात कही।

# लोस चुनाव से पूर्व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जिला के बचत भवन रिकांगपिओ में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और सभी सुविधाओं की जांच कर संतुष्टि वयक्त की। ईवीएम मशीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। तहसीलदार निर्वाचन जीएस राणा से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान केंद्रों में सभी न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी हासिल की तथा निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदाताओं के लिए सभी सुविधाए सुनिश्चित बनाएं।

# 15 को निगम का वार्षिक बजट होगा पेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला नगर निगम का बजट 15 फरवरी को पेश किया जाएगा। इस बार बजट में शिमला के विकास पर ज्यादा ध्यान होगा। बजट को लेकर शुक्रवार को मेयर की ओर से अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इसमें सभी से बजट के बारे में जानकारी ली है।

इस बार के बजट में शिमला के विकास के साथ सड़कों के मरम्मत कार्यों और सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ज्यादा पैसा रखने की उम्मीद है। मेयर ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों और पूर्व के मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षदों से भी बजट बनाने के लिए सुझाव मांगे थे, जिसे बैठक में अधिकारियों के समक्ष रखा गया। यह बजट कांग्रेस शासित निगम के इस कार्यकाल का यह पहला बजट पेश होगा। इसमे युवाओं, कारोबारियों, बेरोजगारों, भवन मालिकों और छोटे दुकानदारों को कुछ न कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, पिछली बार के बजट में जनता को कोई बड़ी सौगात नहीं मिली थी, ऐसे में आपदा के बाद का यह पहला बजट काफी विशेष रहने वाला है।


निगम बजट को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते महापौर।

> कांग्रेस शासित निगम के इस कार्यकाल का यह पहला बजट पेश होगा। यह बजट लोगों को राहत देने वाला है। इस बार का बजट अलग रहेगा सभी के रिव्यू को देखकर इसे बनाया जा रहा है।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

### ग्रीन टैक्स लेने की कवायद शुरू

**शिमला।** नगर निगम की ओर से ग्रीन टैक्स लेने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पहले भी एक कंपनी के साथ समझौता किया गया था, जिसमें 80 प्रतिशत कलेक्शन का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को यह कंपनी पूरा नहीं कर पाई। निगम अब अन्य कंपनी के साथ बैठक करेगा।

ग्रीन टैक्स को पूरी तरह से डिजिटल किया जाना है, जिसके लिए निगम पूरा प्रयास कर रहा है। निगम की मासिक बैठक में भी पार्षद की ओर से यह प्रश्न लगाया गया था कि ग्रीन टैक्स कब से लिया जाना है या निगम किस तर्ज पर यह टैक्स लेगा, इस पर निगम के आयुक्त ने जवाब दिया था कि इस पर कार्य किया जा रहा है। शिमला में प्रवेश करने की बहुत सी जगह है, जिस कारण ग्रीन टैक्स को एकत्र करने में परेशानी आ रही है। निगम को इससे इनकम हो सके इसलिए ग्रीन टैक्स लगाने की मांग की जा रही है। डिजिटल के माध्यम से टैक्स लिया जाएगा।

### अगले सप्ताह बैठक

नगर निगम इस काम को उस कंपनी को देना चाह रहा है, जो कंपनी निगम को 80 प्रतिशत की कलेक्शन दे। इससे पहले भी एक कंपनी काम कर रही थी, लेकिन वह 60 प्रतिशत कलेक्शन कर पाए। अभी तक इसकी एक ही बैठक की गई है। अगले सप्ताह ही इसके लिए बैठक को किया जाएगा।

**खरीददारी** अभिभावकों ने वर्दी, किताब की खरीददारी की शुरू, किताबों के दामों में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि

# 15 फरवरी से राजधानी के स्कूलों मे लौटेगी रौनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में 15 फरवरी से स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल शुरू हो जाएगी।

एक महीने के बाद बच्चें वापस विद्यालयों में पढ़ाई खेलकूद के लिए वापस लौट आएंगे। शिमला के बाजार में अभिभावकों ने वर्दी किताबों की खरीददारी शुरू कर दी है। अभी शिमला में कुछ निजी स्कूल खुल चुके हैं। स्कूलों के सामान के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन अभिभावक उसे खरीदने के लिए मजबूर हैं। शिमला शहर में वर्दी के दाम में पिछले साल से पांच से दस फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अभिभावक बच्चों को वर्दी खरीदने तो पहुंच रहें हैं, लेकिन उनके जेब पर अधिक बोझ पड़ रहा है सभी स्कूलों की वर्दी के दाम अलग-अलग हैं। शिमला शहर के निजी स्कूल आकलैंड, ताराहाल, दयानंद, एडवर्ड, चैल्सी से लेकर हर स्कूल की वर्दी दुकानों में मौजूद हैं, इनके दामों में भी इसी तरह से बढ़ोतरी पाई गई है।


शिमला के लोअर बाजार में बच्चों के लिए स्कूल की ड्रेस और किताबें खरीदते लोग।

### वर्दी की दुकानों के बाहर लोगों की लगी लाइनें

राजधानी में स्कूलों के खुलने की आहट किताबों व वर्दी की दुकानों पर लंबी कतारें लगने से महसूस होती है। शिमला में वर्दी की दुकानें कम हैं, जिससे वर्दी की दुकानों के बाहर लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है। स्कूल की वर्दी में पांच से दस फीसदी की वृद्धि हुई है। शुक्रवार को मौसम कुछ हद तक साफ होते ही अभिभावक खरीददारी करने के लिए पहुंचने लगे। दोपहर के समय काफी लोग वर्दी, स्कूल बैग, बोतल व लंच को खरीदने के लिए बाजार में पहुंच रहे थे। शहर में किताबों से लेकर कापियों के दाम में पिछले साल के मुकाबले 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। किताबें पिछले साल तीन हजार की आ रही थी, वहीं, किताबें-कापियां अब साढ़े तीन हजार के लगभग की आ रही हैं।

### फीस में भी हो सकती है बढ़ोतरी

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में जब किताबों के दाम बढ़ गए है, तो कहीं न कहीं स्कूल की फीस भी बढ़ सकती है। अभी सत्र शुरू होना है, पिछले कई सालों से लगातार ही फीस में 10 फीसदी का इजाफा होता है, ऐसे में अभिभावकों को फिर से चिंता सताने लगी है कि उन्हें इस बार भी पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा फीस अदा करनी होगी।

# शिक्षा मंत्री पर आईटीआई टिक्कर के उद्घाटन का श्रेय लेने का आरोप

**दशमी रावत, रोहड़ू**

भारतीय जनता पार्टी जुब्बल नावर कोटखाई ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर आईटीआई टिक्कर के आधे-अधूरे भवन का आनन-फानन में उद्घाटन करके झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा, मंडल महामंत्री मनमोहन कपालटा, सचिव सुनील शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष राम प्रकाश जगीथटा, उपाध्यक्ष लेखराज चौहान, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष मोती लाल व युवा मोर्चा महामंत्री रोनित धांटा ने कांग्रेस विधायक और हिमाचल सरकार के मंत्री रोहित ठाकुर को निशाना बनाते हुए जारी प्रेस बयान में आरोप लगाया है कि वे पहले से स्थापित आईटीआई टिक्कर पर झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं, जो पिछली भाजपा सरकार के दौरान व पूर्व मंत्री नरेंद्र बरागटा के प्रयासों से स्थापित हुआ था। इस भवन का सारा बजट भी भाजपा सरकार ने उपलब्ध करवाया था, लेकिन मंत्री रोहित इस भवन का उद्घाटन आनन-फानन में बिना कोई सुविधा दिए ही श्रेय लेने का कार्य कर रहे हैं। उमेश शर्मा ने कहा कि रोहित की ओर से आईटीआई टिक्कर के भवन के लिए झूठा श्रेय लेना बेहद शर्मनाक है। यह संस्थान पहले से ही भाजपा सरकार के दौरान और पूर्व मंत्री नरेंद्र बरागटा के सामर्थ्य के बाद स्थापित हुआ था। कांग्रेस सरकार इस भवन में फर्नीचर तक उपलब्ध करवाने में असमर्थ रही है। (अनंत ज्ञान)

### झूठ को कभी नहीं भूलती जनता : उमेश शर्मा

उमेश शर्मा ने कहा कि रोहित ठाकुर को यह याद रखना चाहिए कि जनता झूठ को कभी नहीं भूलती है। उनका झूठा श्रेय लेने की कोशिशें उन्हें और उनकी पार्टी को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगी। इसका जवाब जनता आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक को अवश्य देगी। भाजपा ने नसीहत देते हुए कहा कि झूठा श्रेय लेने के बजाए मंत्री को क्षेत्र के लिए विकास की नई योजनाएं लानी चाहिए, जिसमें वे अभी तक अपने कार्यकाल में पूर्णतया असफल साबित हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शांडिल आज से सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 10 फरवरी को सोलन के कंडाघाट उपमंडल के ममलीग के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे ममलीग में आयोजित किसान मेला में मुख्यातिथि होंगे।

### एलकेम उद्योग ने लगाया दंत चिकित्सा शिविर



दासोमाजरा में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के दौरान लोगों के दांतों की जांच करते चिकित्सक।

**बीबीएन।** एलकेम फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को प्राथमिक पाठशाला दासोमाजरा में निशुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 114 स्कूली छात्रों के दांतों की जांच करते हुए टूथपेस्ट व ब्रश भी वितरित किए गए। एल्केम फाउंडेशन पहले भी सामाजिक गतिविधियों के तहत समय-समय पर निशुल्क जांच शिविर में आसपास की पंचायतों में सीएसआर के तहत अपना दायित्व निभा रही है। एल्केम लैब बद्दी के एचआर हेड राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि शिविर में डॉक्टरों की टीम ने स्कूली बच्चों को दांतों से जुड़ी बीमारियों के बारे में भी जागरूक किया। ठाकुर ने कहा कि कंपनी सीएसआर के तहत एरिया में अपना लगातार दायित्व निभाती रहेगी। इस मौके पर अनूप, संदीप, रोबिन, राज किशोर, अमित व आशुतोष समेत कई मौजूद रहे।

### अर्की में महिला वन मित्र दौड़ में सभी पास


महिला वन मित्रों की दौड़ परीक्षा के दौरान उपस्थित अधिकारी।

**अर्की।** वन उपमंडल अर्की के अधीन होने वाली वन मित्र परीक्षा देने के लिए अर्की वन मंडल के अधीन 170 युवतियों ने आवेदन किया था। परीक्षा प्रभारी रेंज अधिकारी किशोरी भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 160 युवतियों में से 121 युवतियों ने ही शारीरिक मापदंड व रेस में भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह रेस महाविद्यालय बातल अर्की से आगे 1500 मीटर की थी, जो कि दस मिनट में पूरी करनी थी , जिसे सभी 121 प्रार्थियों ने उत्तीर्ण कर लिर्या । इस मौके पर एसीएफ कुनिहार विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से गायत्री देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की शारीरिक शिक्षक रमेश पंवर अधिकारी, बीओ भगतराम, राजेंद्र व वन रक्षक मोहन शुभम संजय महिला वन कर्मी खुशबू व अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।

### उत्पाती बंदरों ने नाहनवासियों का जीना किया हराम


सड़क पर बैठी बंदरों की टोली।

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में उत्पात मचाने वाले सैकड़ों बंदरों से जनता कई सालों से परेशान है। सरकार की कोई भी योजना यहां के लोगों को बंदरों के आतंक से निजात नहीं दिला सकी। हमलावर बने बंदर क्षेत्र में भारी नुकसान कर रहे हैं। वे टेलीफोन, इंटरनेट की केबल ध्वस्त कर ही रहे थे, अब तो बिजली के खंबों की तारें भी इनके उत्पात से टूट जाती हैं, जिस कारण हादसे हो रहे हैं। बंदरों का इतना आतंक है कि लोग अपने घरों को छतों पर जाने से कतराने लगे हैं। दुकानों के बाहर लगे फ्लेक्स बोर्ड भी बंदरों के निशाने पर हैं। इसका मुख्य कारण बंदरों को ब्रेड बिस्कुट खिलाना भी है, ऐसे में जब खाने को नहीं मिलता तब बंदर लोगों पर हमला कर देते हैं। लोगों का आरोप है कि हमलावर बन चुके बंदरों से निजात दिलाने के मामले में संबधित विभाग नाकाम है, वे बस आंकड़े बता कर पल्ला झाड़ते रहे हैं।

### सिरमौर में 15916 परिवार आयुष्मान भारत योजना का ले सकेंगे लाभ : डॉ. अजय पाठक

**नाहन।** प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना के चयनित परिवारों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया है, जिससे जिला सिरमौर के 15916 परिवार अब आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले सकेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष प्रत्येक परिवार को अस्पताल में 24 घंटे से अधिक समय भर्ती रहने पर पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पात्र परिवार अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र, आशा कार्यकर्ता अथवा नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल से अपना और अपने परिवार का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बना सकते हैं। इसके लिए लाभार्थियों की ई केवाईसी मुफ्त में की जाएगी। उन्होंने जिला सिरमौर ने सभी चयनित परिवारों से अपील की है कि वे अपना आयुष्मान कार्ड बना लें ताकि जरूरत के समय वे इसका लाभ ले सकें।

### पीएम विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला आयोजित


एकदिवसीय कार्यशाला में अपने विचार रखते अशोक कुमार गौतम।

**सोलन।** सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई विकास कार्यालय सोलन द्वारा सोलन, शिमला तथा सिरमौर जिले के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सोलन कार्यालय के सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख अशोक कुमार गौतम ने की। गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों के कामगारों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति को एमएसएमई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होना। कार्यशाला में लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के उपनिदेशक गुरुलाल नेगी, एमएसएमई सोलन कार्यालय के सहायक निदेशक शैलेश कुमार सिंह, ग्रामीण विकास एमएसडीई इकाई के सहायक निदेशक मोहन लाल वर्मा सहित विभिन्न पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विस उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पहुंचे विनय


विस उपाध्यक्ष विनय कुमार का राजगढ़ पहुंचने पर स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष बनने के बाद विनय कुमार पहली बार पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ पहुंचने पर लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में उनका कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके उपरांत राजगढ़ में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए विनय कुमार ने कहा कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र के साथ पच्छाद विधानसभा क्षेत्र का भी एक समान विकास किया जाएगा और राजगढ़ क्षेत्र को भी विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सचिवालय में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान व हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मुझे गरिमापूर्ण पद प्रदान कर सिरमौर जिला को गौरवान्वित किया है। एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को भी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने राजगढ़ में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। इस मौका पर उन्होंने उपस्थित जनता की समस्याओं को सुना व उनके समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए ।

पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने नाहन में 10 नए भवनों का किया लोकार्पण, कहा

# पंचायत भवनों के लिए अब मिलेगी दस बिस्वा जमीन और एक करोड़

**तेजपाल नेगी, नाहन**


भवनों का लोकार्पण करते पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

पंचायतें गावों के विकास की आधार होती हैं और इन संस्थाओं को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आखिरी पायदान पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजना से लाभान्वित करना होगा। यह बात ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने नाहन में छह करोड़ आठ लाख रुपए की लागत से निर्मित 10 नए भवनों का लोकार्पण के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा इन संस्थाओं में पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि विभिन्न कार्यों को करवाने के उद्देश्य से आते हैं और उनके लिए सुविधाजनक वातावरण होना जरूरी है। उन्होंने चुने हुए प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से जनहित के कार्यों को ईमानदारी के साथ करने का आग्रह किया। बीडीओ कार्यालय गावों के विकास का केंद्र बिंदु माना जाता है, जहां सभी प्रकार की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है। इन भवनों में तीन करोड़ आठ लाख रुपए से निर्मित खंड विकास कार्यालय भवन नाहन, पांवटा विकास खंड के सात, पच्छाद का एक व राजगढ़ का एक पंचायत घर शामिल है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि उनकी सोच पंचायत घरों व कार्यालयों को कॉर्पोरेट तर्ज पर स्थापित करने की है।

ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि अब जो भी पंचायत घर बनाए जा रहे हैं, उनके लिए 10 बिस्वा भूमि तथा एक करोड़ की राशि स्वीकृत की जा रही है, ताकि एक भव्य भवन बने। प्रदेश के विभिन्न 35 पंचायत घरों के निर्माण के लिए 35 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए 4500 करोड़ के विशेष राहत राशि का प्रावधान किया। सिरमौर जिले की बात की जाए तो यहां 946 मकान पूरी तरह से ध्वस्त हुए, जिनके लिए पहली किस्त वितरित की जा चुकी है।

मनरेगा के तहत 3617 सामुदायिक संपत्तियों के लिए 47 करोड़, 8680 निजी संपत्तियों के लिए 83 करोड़ की राशि जबकि सरकारी परिसंपत्तियों के लिए 129 करोड़ की राशि जारी की गई है। पंचायतीराज मंत्री ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों को रोजगार सृजन व सशक्तिकरण के लिए विकास खंड पांवटा साहिब में सिरमौरी हाट का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने जिला के अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार के हाटों के निर्माण के लिए धनराशि का प्रावधान करने की बात स्वीकार की।

जिला मुख्यालय नाहन में पांच करोड़ 65 लाख से बने जिला पंचायत संसाधन केंद्र का जल्द ही लोकार्पण कर दिया जाएगा, जिससे पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिए जाने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। (अनंत ज्ञान)

### दो पंचायत भवनों को दो करोड़ देने की घोषणा

विधायक की मांग पर मंत्री ने नाहन विधानसभा में दो पंचायत भवनों के निर्माण के लिए दो करोड़ देने की घोषणा की। इससे पूर्व स्थानीय विधायक नाहन अजय सोलंकी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पंचायतों को बिना किसी भेदभाव के गरीब लोगों के कार्य करने चाहिएं। उन्होंने क्षेत्र के विकास की चर्चा की और मांगें भी रखीं।

## जमटा-महीपुर सहित अन्य सड़कों का होगा नवीनीकरण : सोलंकी


जमटा-महीपुर सड़क का साढ़े पांच करोड़ से नवीनीकरण होगा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

लोकनिर्माण विभाग नाहन मंडल की खस्ता हाल सड़कों का नवीनीकरण होने जा रहा है। यही नहीं विधायक अजय सोलंकी के द्वारा किए गए प्रयासों के बाद इन सड़कों की चौड़ाई भी अढ़ाई फुट अतिरिक्त बढ़ा दी जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमटा-महीपुर साढ़े सात किलोमीटर लंबी खस्ताहाल सड़क का साढ़े पांच करोड़ की लागत से नवीनीकरण होगा तथा चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी।

इसके साथ-साथ जमटा से बिरला 21 किलोमीटर सड़क 17 करोड़ से, झमीरिया-रामाधौन 9 किलोमीटर सड़क को साढ़े सात करोड़ की लागत से चौड़ा और नवीनीकृत किया जाएगा। इसके अलावा जैथल घाट से कून रोड को साढ़े आठ किलोमीटर सात करोड़ की लागत से नवीनीकृत तथा चौड़ा किया जाएगा। चर्चित सड़क बनोग-धानक्यारी, कांसी वाला बाईपास सड़क का आज से इसका डीपीआर हेतु सर्वे का कार्य भी शुरू हो गया है।

इस सड़क का निर्माण कार्य डीपीआर के बनते ही शुरू कर दिया जाएगा। विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि जुड़ा से गाडु़ा रोड के निर्माण का कार्य प्रगति से चल रहा है। वहीं, हरिपुर खोल का 55 मीटर लंबा पुल जो कि दो करोड़ की लागत से बनाया जाना भी शुरू कर दिया गया है। वहीं, लोक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता आलोक जुवनेजा ने बताया कि ये सभी कार्य बहुत जल्द शुरू कर दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नाहन में दिल्ली गेट से माल रोड होते हुए बस स्टैंड तक सड़क को मेटल किया जाएगा। विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि हर कार्य की गुणवत्ता और जनता की मांग को प्राथमिकता दी गई है।

## राम ने जीता विश्वास : एक साल में एसडीएम बीडीओ और पटवार सर्किल को मिली स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश सरकार ने दून विधानसभा में ऐतिहासिक फैसला देकर दून की जनता का विश्वास जीत लिया है। शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में लंबे समय से बद्दी में एसडीएम कार्यालय, पट्टा में बीडीओ कार्यालय और झाड़माजरी में पटवार सर्किल खोलने की स्वीकृति दी। अब जल्द ही तीनों कार्यालय शुरू होंग, जिसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा।

सीपीएस व दून विधायक चौधरी राम कुमार ने एक वर्ष के कार्यकाल में दून की जनता को साबित कर दिया है कि विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे जो विश्वास दून की जनता ने चुनावों में दिखाया था, उसी विश्वास को पूरा करने में अब विधायक दिन-रात जुटे हुए हैं। सीपीएस राम कुमार ने मुख्यमंत्री का आभार करते हुए कहा कि दून की जनता दिए गए उपहार को आने वाले लोकसभा चुनावों में भारी लीड दिलाकर वापस देगी। पट्टा में ब्लॉक कार्यालय व बद्दी में एसडीएम कार्यालय खोलने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। पहली बार दून को बीएमओ भी मिलेगा। अभी तक दून के लोगों को ब्लॉक के कार्यों के लिए कसौली व नालागढ़ जाना पड़ता था। वहीं दून में एसडीएम कार्यालय खुलने से भी लोगों की लंबे समय से मांग पूरी हुई है।

दून के गोयला, कुल्हाड़ीवला, काठा व आकांवाली में पावर प्रोजेक्ट खोले गए जिसमें बिजली के लगने वाले कटों से उद्योगपतियों व लोगों को निजात मिली। बद्दी पीएचसी को दर्जा बढ़ा कर उसे 50 बेड का किया गया जिसका भवन बन कर तैयार हो गया है। पीएटचसी चंडी का भी दर्जा बढ़ा कर उसे सीएचसी कराया गया है। उसके लिए 13 करोड़ में भवन भी तैयार किया गया है। उनका सपना दून के एक मॉडल विस क्षेत्र बनाने का है जिसके लिए वह युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं।

## महिलाओं के कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण बनाएं अधिकारी: डीसी

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि सभी सरकारी तथा अर्धसरकारी कार्यालयों और अन्य संस्थानों में कार्यरत महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षित और अनूकूल वातावरण बनाना सभी अधिकारी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम-2013 का भी सभी विभाग और संस्थान सख्ती से पालन करें।

उपायुक्त सुमित खिमटा नाहन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम-2013 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सहायक आयुक्त गौरव महाजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा, डॉ. विनोद संगल, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कर्म चंद सहित अन्य उपस्थित थेद्ध

## दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत आबादी कृषि वानिकी उत्पादों और सेवाओं पर निर्भर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


शीतकालीन स्कूल के समापन अवसर पर प्रशिक्षु।

**नौणी विवि में कृषि वानिकी पर 21 दिवसीय शीतकालीन स्कूल का समापन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में कृषि वानिकी पर 21 दिवसीय शीतकालीन स्कूल का समापन हो गया। इसका विषय कृषि वानिकी जलवायु को कम करने के लिए एक संभावित दृष्टिकोण था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों के 15 वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन शमन के लिए कृषि वानिकी क्षेत्र में नवीनतम मुद्दों और नवाचारों से परिचित करवाना था। तीन सप्ताह के इस कार्यक्रम के दौरान भारत और विदेश के विभिन्न संस्थानों के प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर संबोधित किया। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि वानिकी भूख, कुपोषण, गरीबी और हरित क्रांति से वंचित रहे क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे लोगों की समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. इंद्र देव ने कहा कि दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत आबादी अपने अस्तित्व के लिए बड़े पैमाने पर कृषि वानिकी उत्पादों और सेवाओं पर निर्भर है। विश्व स्तर पर भारत सहित बहुत से देशों ने जलवायु परिवर्तन अनुकूलन रणनीति के रूप में कृषि वानिकी प्रणालियों को पहचाना है।

इस कार्यक्रम में वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. सीएल ठाकुर, औद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. मनीष शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. केके रैना, सिल्विकल्चर और कृषि वानिकी विभाग के हेड डॉ. डीआर भारद्वाज और विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## परवाणू नप पार्षद चंद्रावती की सदस्यता रद्द

**परवाणू।** नगर परिषद परवाणू की पार्षद चंद्रावती की सदस्यता शहरी विकास विभाग ने रद्द कर दी है। जानकारी के अनुसार पार्षद चंद्रावती के पति राजाराम भारती द्वारा हिमुडा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। राजाराम भारती स्वयं भी पूर्व में नप परवाणू का पार्षद रहे हैं। अतिक्रमण के बाद भी वह चुनाव लड़ते रहे हैं।

2020 के चुनाव में राजाराम ने अपनी पत्नी को उसी स्थान से चुनाव लड़ाया और वह नप की पार्षद बन गई। नगर परिषद कानून के तहत कोई भी व्यक्ति सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करता है तो वह या उसके परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ सकता परन्तु इतने वर्षों में किसी ने इस बात पर गौर नहीं की किया परंतु कुछ वर्ष पहले परवाणू के समाजसेवी एवं परवाणू विकास मंच के अध्यक्ष सतीश बेरी ने इस मामले को उजागर किया था।

## क्राफ्ट पेपर के दाम बढ़ने से गत्ते के दामों में आया 20 फीसदी अधिक उछाल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



शुक्रवार को बीबीएनआईए कार्यालय में बैठक करते गत्ता उद्योग के संचालक।

प्रदेश का गत्ता उद्योग क्रॉफ्ट पेपर के दाम बढ़ने से बंद होने की स्थिति में पहुंच गया है। शुक्रवार को प्रदेशभर के गत्ता उद्योग संचालकों की बैठक बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन के कार्यालय में हुई, जिसमें अचानक क्रॉफ्ट पेपर के दामों में बढ़ोतरी के साथ काम की कमी व गत्ते के रेट न बढ़ने पर चर्चा हुई।

गत्ता उद्योग एसोसिएशन ने फैसला लिया कि अब गत्ते के बॉक्स 20 फीसदी अधिक महंगे दामों पर उपलब्ध होगा। एसोसिएशन का कहना है कि यह फैसला पेपर मिलों की मनमानी के चलते लिया गया है क्योंकि हर बार पेपर कंपनी मनमर्जी से दामों में भारी भरकम बढ़ोतरी कर रही है, जिससे छोटे गत्ता उद्योगों को आर्थिक तौर पर झटका लग रहा है। एसोसिएशन ने कहा कि पेपर मिल कंपनियों ने इस बार 25 से 30 फीसद तक बढ़ोतरी कर दी है। शुक्रवार को प्रदेश गत्ता उद्योग संघ के अध्यक्ष आदित्य सूद व उपाध्यक्ष हेमराज चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल सहित अन्य संबंधित राज्यों की पेपर मिलों द्वारा 30 फीसदी तक कच्चे मैटीरियल के दाम बढ़ा दिए गए हैं।

यह बढ़ोतरी एक से 30 जनवरी तक की गई है। अचानक हुई इस बढ़ोतरी से गत्ते के बॉक्स बनाने वाले उद्यमियों के सामने परेशानी खड़ी हो गई और अब उन्होंने भी दाम बढ़ाने का ऐलान कर दिया है।

गत्ता उद्यमियों ने कहा है कि उन्होंने 10 फरवरी से बढ़ी हुई कीमतों के तहत ही बॉक्स कस्टमर को दिए जाएंगे। ऐसे में यदि कोई कस्टमर दूसरे राज्यों से गत्ता मंगवाता है तो बाहर से आने वाले ट्रकों को रोकने के लिए मजबूर होंगे।

### सेब सीजन पर पड़ेगी महंगाई की मार : गोयल

**गत्ता** उद्योग संघ के महासचिव विशाल गोयल ने कहा कि गत्ता उद्यमियों का कहना है कि इस वर्ष सरकार ने पहले हमारी आठ फीसदी तक इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी बढ़ा दी है। उसके बाद अब पेपर मिलों ने 30 फीसदी तक दाम कच्चे मैटीरियल के बढ़ा दिए हैं। इससे सेब सीजन पर भी इसकी महंगाई का असर होगा।

### नालागढ़ के कई क्षेत्रों में कल बिजली कट

**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड मंडल नालागढ़ के तहत 11 फरवरी को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल नालागढ़ के सहायक अभियंता सीआर वर्मा ने कहा कि सुबह 10 से शाम तीन बजे तक राजपुरा, निक्कुवाल, अभिपुर, बेला मंदिर रंगुवाल, गागुवाल, थानथेवाल उपरला व निचला एवं औद्योगिक इकाइयां पीडीलाइट, वीकेयर, एसएम पैकेजिंग, एकेजे मेटर, कारा होटल, डीके ऑटो मोबाइल, कृष्णा टेक्नो प्लास्ट, एग्रो इंडस्ट्री आदि की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### उपनिर्वाचन के लिए मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित

**सोलन।** पंचायतीराज संस्थाओं के उपनिर्वाचन-2024 के लिए सोलन जिले में मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के उपनिर्वाचन- 2024 के लिए विकास खंड सोलन की जौणाजी पंचायत के वार्ड नंबर दो जौणा मारड के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौणाजी तथा कौरों कैंथड़ी पंचायत के वार्ड नंबर तीन, छोबल के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला कैंथड़ी को मतदान केंद्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने कहा कि विकास खंड कुनिहार की समोग पंचायत के वार्ड नंबर पांच, गाहदा के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला गाहदा को मतदान केंद्र बनाया गया है। विकास खंड कंडाघाट की चायल पंचायत के वार्ड नंबर पांच, चायल-चार के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चायल को मतदान केंद्र बनाया गया है। नालागढ़ विकास खंड की बधोखरी पंचायत के वार्ड नंबर चार, बधोखरी के लिए राजकीय उच्च विद्यालय बधोखरी तथा मंझोली पंचायत के वार्ड नंबर सात, झिड़ा के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय झिड़ा को मतदान केंद्र बनाया गया है।

### योजना के लाभार्थियों को मिली सहायता : खिमटा

**नाहन।** सिरमौर जिले में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के आरंभ होने से अभी तक 0.27 वर्ष के 273 पात्र लाभार्थियों को 48.36 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने यह जानकारी नाहन में मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष की जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदान की। सुमित खिमटा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनाथ बच्चों की देखभाल, उनकी शिक्षा और उनके उज्जल भविष्य के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना के तहत अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया है। यानी जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, सरकार उनके अभिभावक बनकर उनकी देखभाल करेगी।

### राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिकी प्रदर्शनी का आयोजन


सेमिनार में अपने विचार रखते विशेषज्ञ।

**सोलन।** राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिकी प्रदर्शनी कम सेमिनार 2024 का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर आधारित थी। इसमें मुख्यतः पांच बिंदुओं पर फोकस किया गया। इसमें स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए जीवन शैली, कृषि, सूचना और यातायात सहित स्पर्धात्मक सोच विषय को शामिल किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिरिक्त शिक्षा निदेशक एचएएस बीआर शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससीईआरटी के प्रिंसिपल हेमंत कुमार ने की जबकि डाइट सोलन के प्रिंसिपल कम कार्यकारी शिक्षा उपनिदेशक डॉ. शिव कुमार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्य अतिथि बीआर शर्मा ने छात्रों की रचनात्मक और वैज्ञानिक सोच की सराहना की। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 की कोऑर्डिनेटर सीमा शर्मा और गौरव जोशी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कोऑर्डिनेटर सीमा शर्मा ने कहा कि स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 के लिए प्रदेश भर के विभिन्न सरकारी स्कूलों से करीब 110 वक्तव्य प्राप्त हुए जिसकी स्क्रूटनी के बाद 34 वक्तव्य चयनित किए गए।

**आयोजन** भाजपा की तरह बिना सोचे समझे संस्थान नहीं खोल रही सुक्खू सरकार : हर्षवर्धन

## जखांडो स्कूल के अतिरिक्त कमरों की रखी आधारशिला

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**


कार्यक्रम में पहुंचे उद्योग मंत्री के साथ गणमान्य व अन्य।

उद्योग, श्रम एवं रोजगार तथा संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने सिरमौर प्रवास कार्यक्रम के दौरान शिलाई विधानसभा क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जखांडो में 43 लाख की लागत से निर्मित होने वाले अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखी।

इससे पूर्व उन्होंने रावमापा बांदली ढाडस के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। हर्षवर्धन चौहान ने अपने संबोधन में स्कूलों को शिक्षा का मंदिर बताते हुए कहा कि यहां विद्यार्थियों का पूर्ण व्यक्तित्व निखर कर आता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली कक्षा से इंग्लिश भाषा लगाने का निर्णय लिया है जिससे विद्यार्थियों का इंग्लिश भाषा से बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा। उन्होंने अध्यापकों तथा अभिभावकों से भी बच्चों में अच्छे गुणों का संचार करने की अपील की। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने अंतिम कुछ माह में बिना बजट प्रावधान के अनावश्यक ही बहुत से संस्थान प्रदेश में खोले जिनके लिए न किसी प्रकार का भवन निर्माण किया गया और न ही स्टाफ की व्यवस्था की गई, परंतु आज प्रदेश में सुक्खू सरकार के कार्यकाल में इन सब बातों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि जहां जरूरी है, वहीं अतिरिक्त संस्थान खोले जाएं, अन्यथा मौजूदा मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द अध्यापकों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में की जा रही भर्ती के माध्यम से दूरदराज के स्कूलों में अध्यापकों के रिक्त पड़े अध्यापकों के पदों को भरा जाएगा। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बांदली ढाडस के कमरों के ऊपर छत डालने तथा अगले साल से स्कूल में वाणिज्य संकाय की कक्षा बिठाने की घोषणा की।

उद्योग मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बांदली ढाडस के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान वर्ष भर में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस अवसर पर एसडीएम शिलाई मयंक शर्मा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिलाई सीता राम शर्माए अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय अग्रवाल, अधिशाषी अभियंता विधुत बोर्ड मुकेश सिंह, प्रताप सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य, रंजीत नेगी, प्रधान सरिता शर्मा, सुनीता देवी, उमा देवी तथा हीरा सिंह शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कांग्रेस पदाधिकारी तथा पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बिना परमिट धारकों पर गिरेगी गाज

## नगर परिषद चंबा रेहड़ी-फड़ी वालों पर करेगी कार्रवाई; मार्ग हुए संकरे, लोगों को हो रही मुश्किल

**आरके रांगड़ा, चंबा**

शहर परिसर में परमिट धारकों की आड़ में बिना परमिट व्यवसाय करने वाले कई लोगों पर नगर परिषद चंबा की गाज कभी भी गिर सकती है। शहर परिसर का बिगड़ते स्वरूप, स्थल व मार्गों के संकरीपन से संरक्षण दिलवाने के लिए नप चंबा द्वारा योजना तैयार की गई है। जिससे नप परमिट व्यवसायों को निर्धारित स्थलों एवं दायरे में व्यवस्थित किया जा सके, जिससे परमिट धारकों के रोजगार पर कोई असर न पड़े और नागरिकों के आवागमन में सुविधा हो सके।

गौर हो कि शहर परिसर में रेहड़ी–फड़ी परिषद द्वारा चयनित स्थलों पर जारी परमिट धारकों को रोजगार संबंधी व्यवस्था की थी। वहीं गत करीब दस वर्ष से परमिट जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है मगर इसके बावजूद माह दर माह रेहड़ी–फड़ी धारकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। परिषद द्वारा परमिट धारक हर दूसरे व्यावसायिक के साथ एक या दो बिना परमिट धारक शहर परिसर में अलग–अलग स्थलों पर व्यवसाय कर रहे हैं, जिन पर कार्रवाई के नाम पर कई बार नप द्वारा सामान जब्त करने से लेकर चालान आदि काटने की प्रक्रिया अमल में लाई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद बिन परमिट धारकों की फौज परिसर में कम होने का नाम नहीं ले रही है। महंगाई व बेरोजगारी के आलम में आज इतने लोग शहर व आसपास क्षेत्रों के शामिल हो चुके हैं, जिन्हें स्वरोजगार करने से रोक पाना नप के लिए भी जटिल कार्य बनता जा रहा है।



अग्निशमन केंद्र के वाहनों के इर्द–गिर्द लगी रेहड़ियां, इससे आपातकाल के दौरान यहां से गाड़ी को निकालने में समस्या होती है।

अब नौबत यहां तक पहुंच गई कि डाकघर कार्यालय, अग्निशमन केंद्र के वाहनों के इर्द–गिर्द रेहड़ी–फड़ी वाले जमकर बैठ गए है। जिससे जहां आपातकालीन समय में दमकल वाहन को निकलने में मुश्किल होती है वहीं राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो गया है। जिसके चलते इन सब बातों पर गहन मंथन कर नप द्वारा शहर को रेहड़ी–फड़ी अतिक्रमण से मुक्त करने का निर्णय लिया है।

नप ने इस दिशा में कवायद आरंभ करते हुए शहर परिसर में स्थित परमिट व बिना परमिट धारकों का विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया आरंभ की है। जिन्हें शहर के स्वरूप को संरक्षण प्रदान करने के तहत नए सिरे से व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता बरकरार रहने सहित स्वरोजगार से जुड़े रेहड़ी–फड़ी व्यवसायों को भी दिक्कत न हो मगर इस प्रक्रिया में बिना परमिट धारक पर गाज गिरनी तय है। (अनंत ज्ञान)

> मुख्यालय स्थित बाजार व मुख्य मार्ग अति संकरे होने के चलते नगर परिषद चंबा द्वारा इस स्थल को संरक्षण देने की कवायद आरंभ की है। जिसमें नप द्वारा सर्वप्रथम परमिट व बिना परमिट धारकों की सूची तैयार की जा रही है। जिसमें नप बिना स्वीकृति से बैठे रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं को हटाएगी। इस दिशा में कार्य प्रगति पर है।
>
> **-संदीप कुमार कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद चंबा।**

# नशे की लत से दूर रहने का दिया संदेश

## भरमौर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत भरमौर के चौरासी परिसर व ग्राम पंचायत खाणी में मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच के कलाकारों ने गीत, संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विभाग के साथ संबद्ध सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों व गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को नशे की लत से दूर रहने का संदेश दिया। कलाकारों ने लोगों को बताया कि योजना के तहत राज्य सरकार ने लगभग चार हजार बेसहारा बच्चों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। अनाथ बच्चों की सहायता के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाले हिमाचल देश का पहला राज्य बना है।


विशेष प्रचार अभियान के तहत कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

कलाकारों ने लोगों से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की जानकारी पात्र बेसहारा बच्चों तक पहुंचाने में योगदान दें। इसी तरह लोगों को बताया कि सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट–अप योजना आरंभ की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ स्वरोज़गार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करना है। योजना के तहत युवाओं को ई–टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने का प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### करेरी गांव में की साफ-सफाई


करेरी गांव में प्रकृति सप्ताह कार्यक्रम में मौजूद स्नो वैली वॉरियर्स व अन्य।

**चंबा।** स्नो वैली वॉरियर्स द्वारा चलाए गए प्रकृति सप्ताह कार्यक्रम के तहत वेस्ट वॉरियर्स के साथ मिलकर करेरी गांव में क्लीन ड्राइव किया गया। जिसमें करेरी स्कूल के वॉरियर्स के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर स्नो वैली वॉरियर्स के अविनाश शर्मा, सोनू भारद्वाज, मनीष शर्मा, अक्षय कुमार, रजत वर्मा सहित वेस्ट वॉरियर्स सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### तीसा में वन मित्र की भर्ती स्थल में बदलाव

**तीसा।** तीसा वन परिक्षेत्र में वन मित्र की भर्ती के लिए भर्ती स्थल में बदलाव किया गया है। इस बारे में वन परिक्षेत्र अधिकारी तीसा अजय कुमार ने बताया कि जिन अभ्यार्थियों ने वन मित्र भर्ती के लिए आवेदन किया है, उसकी शारीरिक दक्षता परीक्षा 14 फरवरी को सुबह 8:30 बजे भंजराडू हेलिपैड में होनी निश्चित हुई थी, लेकिन चयनित स्थल पर उसी तिथि के दिन ड्राइविंग टेस्ट होने के कारण स्थल को बदलकर छिंज मेला ग्राउंड भंजराडू तय किया गया है। जिसके चलते सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त स्थान पर दो पासपोर्ट साइज फोटो और अपना आधार कार्ड साथ लेकर निर्धारित समय पर पहुंचे।

### 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आज

**चंबा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भटियात विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी में शनिवार को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार में लोगों की समस्याओं का निराकरण और समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भटियात विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास कार्यक्रम के दौरान 48 करोड़ 75 लाख की धन राशि के विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री तीन करोड़ 37 लाख 76 हजार से निर्मित विधानसभा क्षेत्र भटियात के सरना, सलोह, चुलारी और तहसील भटियात के साथ लगते गांव के लिए जल जीवन मिशन के तहत उठाऊ जल आपूर्ति योजना का तथा नाबार्ड के तहत अपर व लोअर वडिंगी की उठाऊ जल आपूर्ति योजना का लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री 45 करोड़ 38 लाख धन राशि की विभिन्न योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**चंबा।** भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचन भागीदारी कार्यक्रम स्वीप के तहत जिला चंबा के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के माध्यम से लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने कहा कि जिले में योजनाबद्ध तरीके से व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाई जा रही है। एक ओर जहां जगह- जगह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वैरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के विषय में लोगों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है तो वहीं दूसरी ओर युवाओं को जागरूक करने के लिए राजकीय महाविद्यालयों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सेल्फी प्वॉइंट भी स्थापित किए गए हैं। प्रदेश सरकार में कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार में भी स्टाल के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाई जा रही है। जिला के युवक एवं महिला मंडलों को भी इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति न छूटे। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम को स्वीप के नाम से जाना जाता है।

# हाई स्कूल मठोलू का बढ़ेगा दर्जा

## स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान विस अध्यक्ष ने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजकीय उच्च पाठशाला मठोलू का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान 41 लाख रुपए की राशि से नवनिर्मित स्कूल भवन के चार अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण किया।

उन्होंने इस दौरान राजकीय उच्च पाठशाला मठोलू को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्तरोन्नत करने की घोषणा की। उन्होंने कुड्डी माध्यमिक विद्यालय का दर्जा बढ़ाने का भी आश्वासन दिया। पठानिया ने कहा कि मुख्य मार्ग कुड्डी से मठोलू संपर्क सड़क पर 50 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इसी तरह नई सड़क योजना के अंतर्गत मठोलू- उन्हेरा एंबुलेंस संपर्क सड़क के निर्माण को लेकर विभाग द्वारा प्रारंभिक सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया गया है तथा निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ इसी क्षेत्र की तीन और सड़क परियोजनाओं के निर्माण को अनुमति प्रदान कर दी गई है। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को 11–11 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यवाहक मुख्य अध्यापक विजय कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसडीएम पारस अग्रवाल, अधिशाषी अभियंता विद्युत पंकज राठौर, लोक निर्माण विभाग से हर्ष पुरी, थाना प्रभारी रमन चौधरी, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार सहित स्कूल के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


मठोलू स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

# त्रिलोक सिंह बने जिला अध्यक्ष



**तीसा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के त्रिलोक सिंह कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष बने है। पार्टी हाईकमान और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अनुचित विभाग अमित नंदा द्वारा कई जिला के अध्यक्ष बदल दिए है जिसमें जिला चंबा से त्रिलोक सिंह का नाम शामिल रहा। पार्टी हाईकमान ने नई नियुक्तियों में त्रिलोक सिंह को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मनोनित किया है। इससे पूर्व वह कांग्रेस अनुसूचित विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष, बीडीसी सदस्य मुख्य पदों सहित अन्य पदों पर रह चुके है। त्रिलोक सिंह ने पार्टी हाईकमान, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज, चुराह नेता यशवंत खन्ना, पूर्व हज कमेटी चेयरमैन दिलदार अली का आभार व्यक्त किया है।

# राजकीय अध्यापक संघ महिला विंग की प्रधान बनी रीनू शर्मा

**रक्षा राणा महासचिव, सपना महाजन बनीं उपाध्यक्ष**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ जिला चंबा के गठन के पश्चात संघ जिला प्रधान हरी प्रसाद शर्मा एवं महासचिव सतिंद्र राणा, वित्त सचिव विशाल शर्मा ने जिला कार्यकारणी की घोषणा कर दी है। हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ जिला चंबा कार्यकारिणी में मनोनित किए पदाधिकारियों व सदस्यों में पुरुष व महिला दो विग को चुना गया है।

इसमें अजय चौहान प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुखरी को मुख्य सरंक्षक, प्रिंसिपल जगजीत आजाद तथा लेखराज को संक्षक बनाया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ उपप्रधान सुरिंद्र मोहन, ओम वर्मा, नारायण सिंह तथा उपप्रधान विनय गुप्ता, राजीव मेहता, रोहित शर्मा, अमित जरयाल को बनाया गया।

जबकि प्रेस सचिव राकेश कुमार, कमलेश सेखरी, धीरज सिंह, ऑर्गेनिसिंग सचिव मुनीष चौणा, राकेश वोहरा, मुख्य सलाहकार चंद्रशेखर, दिलो राम, महिंद्र कुमार सयुंक्त सचिव शेर सिंह, रमन सहायक सचिव मंजूर, अनिल कुमार, ओम प्रकाश, ऑडिटर ठाकुर राम, राजेश प्रसाद, ऑफिस सचिव जितेंद्र बेदी, एग्जीक्यूटिव सदस्य हाकम चांद, भूपिंद्र, सतीश कुमार, दुनू चंद, छिरिंग तांडव को मनोनित किया। वहीं महिला विंग में अध्यक्ष रीनू शर्मा, महासचिव रक्षा राणा, उपाध्यक्ष सपना महाजन, अदिति महाजन, सदस्य उमा ठाकुर, रचना शर्मा, कविता सेठी, सोनिका, रक्षा लाहोरी, कुमारी आरती, अनामिका, नीतू पठानिया, शालिनी चौणा, निशा शर्मा को जिला स्तरीय कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया।

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के दौरे को लेकर भटियात विस क्षेत्र छावनी में तब्दील

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भटियात विस क्षेत्र के दौरे को लेकर पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर जहां हर आने–जाने वाले व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है, वहीं वाहनों के निरीक्षण को लेकर जगह–जगह नाके लगाए गए है। शनिवार को मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व ही शुक्रवार को पुलिस व गृहरक्षक जवानों सहित विशेष दस्तों ने ड्यूटियां एवं मोर्चे संभाल लिए है। गौर हो कि हिमाचल प्रदेश में सरकार गठन के पश्चात मुख्यमंत्री सुक्खू पहली बार भटियात विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं।

जिसके तहत जहां कांग्रेस पार्टी भटियात के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री के तमाम सुरक्षा व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हर व्यवस्था का जायजा स्वयं विस अध्यक्ष एवं भटियात विस क्षेत्र विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ले रहे है। वहीं उपायुक्त चंबा मुकेश रेसपाल व पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा भी कार्यक्रम इंतजामों से लेकर यातायात सहित सुरक्षा व्यवस्था की जांच में लगे नजर आ रहे है। मुख्यमंत्री शनिवार को उपमंडल चुवाड़ी में होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उनके दौरे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री चौपर के माध्यम से शिमला से चुवाड़ी हेलिपैड दोपहर 12 बजे पहुंचेंगे। चुवाड़ी हेलिपैड से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रोड शो करते व लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए चुवाड़ी चौगान में पहुंचेंगे। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा से आया क्यूआरटी दस्ता

मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए भटियात विस क्षेत्र में वैसे तो जिला चंबा में कार्यरत पुलिस, गृहरक्षक जवानों के दल जहां तैनात रहेंगे, वहीं मुख्यमंत्री की विशेष सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भटियात विस क्षेत्र में कांगड़ा जिले से विशेष तौर पर क्यूआरटी दस्ता मंगवाया गया है। इसके अतिरिक्त 180 पुलिस जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। जबकि पुलिस तकनीकी दल दस्ते द्वारा ड्रोन से भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

### प्लान के तहत चलेंगे वाहन

पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री आगमन को लेकर उनके कार्यक्रम रूट के तहत ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। जिसके चलते प्लान के मुताबिक ही वाहनों के आवागमन के सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं। शनिवार सुबह सात से शाम पांच बजे तक चुवाड़ी के सुदली चौक से शनि देव महाराज मंदिर तक नो पार्किंग जोन रखा गया है। सरकारी वाहनों की पार्किंग राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी और बस अड्डे पर होगी। शेष सभी वाहन सुदली चौक, त्रिमथ, होबार मार्ग, जोत मार्ग पर पार्क होंगे।

## भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जय सिंह ने जड़ा आरोप

# मुख्यमंत्री चंबा से कर रहे भेदभाव

**एमएम डैनियल, चंबा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भटियात विस क्षेत्र दौरे से एक दिन पूर्व ही भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम पूर्व अध्यक्ष जय सिंह ने चंबा में पत्रकार वार्ता के दौरान डिनोटिफाइड मुख्यमंत्री का तंज जहां कसा है, वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पर चंबा विस क्षेत्र से भेदभाव करने के आरोप भी लगाए है।

पत्रकारों से बातचीत में जय सिंह ने कहा कि पहली बार हिमाचल में ऐसा मुख्यमंत्री देखा है जिन्होंने सत्ता में विराजमान होते ही स्कूल, कॉलेजों, संस्थानों व विभिन्न विभागों के खुले कार्यालयों को डिनोटिफाइड घोषित करने सहित रोजगारों को बेरोजगार श्रेणी में ला कर खड़ा कर दिया है। जिसके चलते यह कहना गलत नहीं होगा कि मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार के डिनोटिफाइड मुख्यमंत्री जिला चंबा में 10 फरवरी को आ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से वह सत्ता पर आसीन हुए हैं तब से चंबा विस क्षेत्र के साथ भेदभाव की रणनीति अपनाई है। जिला की चंबा विधानसभा क्षेत्र के अनेक संस्थान बंद कर दिए। जिसमें सब डिवीजन आईपीएच मरेड़ी में जो खुला था उसे बंद कर दिया है। एचसी केंद्र बरोड़ी व कैला को बंद किया गया।


पत्रकार वार्ता करते भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जय सिंह।

वहीं साहो में उपतहसील बंद कर दी। चंबा विधानसभा क्षेत्र की जनता से सौतेला व्यवहार करने पर जनता कड़ी निंदा और आलोचना करती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिमला से चंबा आने से पहले आप इन सभी संस्थाओं को जो बंद किए हैं उनको खोलने के आदेश साथ लेकर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने देश में एक रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। वह पहले मुख्यमंत्री होंगे जिन्होंने अपने 14 महीने के कार्यकाल में 1400 संस्थान बंद कर कीर्तिमान बना दिया है। प्रदेश सरकार के14 माह के कार्यकाल में प्रदेश 20 साल पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंबा विस क्षेत्र में मिंजर मेले में भाग लेने व पूर्व सदर विधायक की माता स्व. चंचल नैयर के निधन पर शोक व्यक्त के आलावा दोबारा जनता की सुध लेने नहीं आएं। (अनंत ज्ञान)

# होली के चार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगेंगी स्मार्ट कक्षाएं

**कुठेहठ जल विद्युत परियोजना ने दी मंजूरी 12 प्राइमरी स्कूलों में दी जाएगी खेल सामग्री**

**ओपी शर्मा, भरमौर**

तहसील होली के चार सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में इसी सत्र से स्मार्ट कक्षाएं चलाई जाएगी। इसके लिए बाकायदा कुठेहठ जल विद्युत परियोजना ने मंजूरी भी दे दी है। परियोजना प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि अप्रैल महीने से इन चार स्कूलों में स्मार्ट कक्षाए शुरू करने की पूरी योजना बनाई गई है। इसके साथ ही फर्स्ट फेज में तहसील होली के 12 प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई करने के लिए आसानी हो इसके लिए स्कूल परिसर में फन लर्न गेम के लिए खिलौने व स्कूल परिसर के लिए झूले व दूसरा खेल से संबंधित सामान भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

जेएसडब्ल्यू परियोजना के हेड संजीव महाजन ने कहा कि इसी सत्र से तहसील होली के चार सीनियर सेकेंडरी स्कूल व 12 प्राइमरी स्कूलों में इस तरह की कक्षाएं व कार्यक्रम चलाए जाएंगे। परियोजना प्रबंधन द्वारा यं सुविधाएं उन स्कूलों में दी जाएगी जो स्कूल परियोजना प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। जेएसडब्ल्यू परियोजना प्रबंधन यह सुविधाएं सीएसआर स्कीम के तहत देगी। इसकी पुष्टि करते हुए जेएसडब्ल्यू परियोजना के हेड संजीव महाजन ने कहा है कि इसके अतिरिक्त भविष्य में परियोजना प्रबंधन द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार व स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देने की योजना भी कंपनी प्रबंधन ने बनाई है।

हालांकि परियोजना प्रबंधन समय–समय पर स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहे है। संजीव महाजन ने कहा है कि परियोजना प्रबंधन द्वारा इस तरह से कई कार्यक्रम लगातार चलाए जाते रहे हैं जिसमें महिलाओं व स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ उनकी प्राथमिकता रहती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त परियोजना प्रबंधन द्वारा गांव में अंधेरा न रहे इसके लिए सोलर लाइटें भी वितरित की गई है और आगे भी की जाएगी। गौरतलब है जेएसडब्ल्यू परियोजना यहां पर 240 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है।

इस बहू प्रतिशत परियोजना के तहत यहां पर सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है तो वहीं पर विद्युत कंपनी अपने सामाजिक सरोकार का भी बखूबी निर्वहन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता 13 फरवरी को

**चंबा।** भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला चंबा द्वारा जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन अखंड चंडी पैलस दरबार हॉल चंबा में 13 फरवरी को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह आठ बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया निर्णय ही मान्य होगा। जिला प्रतियोगिता भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोई भी पंजीकृत अथवा अपंजीकृत दल, संस्था, विद्यालय, महाविद्यालय भाग ले सकता है। इसके लिए सांस्कृतिक दल, संस्था, विद्यालय, महाविद्यालय के दल को 12 फरवरी तक विभागीय ईमेल . dlochamba@gmail.Com पर निर्धारित तिथि तक अपना पंजीकरण करवाना आवश्यक है। प्रतियोगिता के आयोजन का पूर्ण अधिकार आयोजक विभाग के पास सुरक्षित होगा।

**कार्यक्रम** जालपा माता मंदिर में यूथ क्लब गुनियाला ने करवाया कार्यक्रम

# देवीदेहरा में इशांत के गानों पर झूम उठे लोग

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी उपमंडल के तहत गांव देवीदेहरा जालपा माता मंदिर के प्रांगण में गुनियाला यूथ क्लब की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। गुनियाला यूथ क्लब की ओर से सुबह मां जालपा मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ हवन पाठ किया गया।

पूर्णाहुति के बाद मां जालपा को भोग लगाने के पश्चात लंगर का शुभारंभ किया गया जहां एक तरफ भव्य लंगर चलता रहा तो दूसरी तरफ इस कार्यक्रम में आए हुए लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन भी किया। रितिका ठाकुर ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हिमाचल प्रदेश के जाने–माने लोक कलाकार जितेंद्र पंकज शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज से किया। पूनम भारद्वाज ने अपने गीतों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर किया तो वहीं इशांत भारद्वाज ने मंदिर प्रांगण में आए हुए सभी लोगों को अपने गानों पर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। मां जालपा के प्रांगण में लोगों की भीड़ ने जहां एक और मंदिर में माथा टेक मां का आशीर्वाद प्राप्त किया तो वही प्रसाद ग्रहण करते हुए रंगारंग कार्यक्रम का आनंद भी लिया। गुनियाला यूथ क्लब डलहौजी के अध्यक्ष प्रवीण टंडन ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया और साथ ही यह भी साफ किया कि यह कोई राजनीति से प्रेरित आयोजन नहीं था बल्कि अपने लोगों में आपसी भाईचारे को मजबूत करना मात्र उद्देश्य था। अध्यक्ष ने खुशी जाहिर करते हुए कहां की उन्होंने जैसा सोचा था आयोजन में लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लेकर गुनियाला यूथ क्लब को अपना आशीर्वाद दिया और आए हुए सभी लोगों कलाकारों का धन्यवाद भी किया। (अनंत ज्ञान)




देवीदेहरा जालपा माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते इशांत भारद्वाज, पूनम भारद्वाज व पंकज शर्मा

## उज्जैन: अमावस्या पर भगवान महाकाल का भांग और मेवे से श्रृंगार



उज्जैन। ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में माघ कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर शुक्रवार सुबह बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से जलाभिषेक किया। इसके बाद भांग और मेवे से श्रृंगार किया।

## बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का जरिया है श्वेत पत्र : शुक्ला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार 'श्वेत पत्र' पेश कर असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश में जुटी है। शुक्ला ने संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा भाजपा सरकार सारा श्रेय ले रही है। मोदी सरकार को बताना चाहिए कि मनमोहन सिंह की कौन सी योजना इन्होंने बंद की, जो आलोचना करते हैं? चंद्रयान तक को मनमोहन सरकार ने मंजूरी दी थी। खाद्य सुरक्षा बिल मनमोहन सिंह ने पास किया था। भाजपा ने किसानों से धोखा, युवाओं से धोखा और गरीबों का मजाक बनाने के अलावा कुछ नहीं किया है।



### लोस चुनाव में जनता सिखाएगी सबक: गोगोई

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखाएगी। भारत के लोग प्रधानमंत्री मोदी के झांसे में अब नहीं आएंगे। श्वेत पत्र इस सरकार की हताशा दिखाती है। इनके पास कांग्रेस पर कटाक्ष करने के अलावा कुछ नहीं है। आने वाले लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी महंगाई जैसे असली मुद्दे जनता पर हावी रहेंगे।उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वीरवार को लोकसभा में 2014 के पहले की भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा एक श्वेतपत्र पेश किया।

## ब्लैक और व्हाइट पेपर से जनकल्याण कैसे संभव: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच अगले आम लोकसभा चुनाव से पहले गंभीर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी बीच ब्लैक पेपर और व्हाइट पेपर जारी करके एक दूसरे को गलत साबित करने का खेल चुनावी स्वार्थ के सिवाय कुछ भी नहीं है। ऐसी संक्रीर्ण राजनीति से देश व जनहित एवं जन कल्याण कैसे संभव है। खासकर ऐसे समय पर जब कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश के करोड़ों लोग जबरदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी, किसानों की बदहाली ग्रामीण भारत की दुर्दशा आदि के तनावपूर्ण जीवन की मार से लगातार त्रस्त हैं।



## बंगाल में 12 करोड़ रुपए का सांप का जहर बरामद

**एजेंसी, कोलकाता**

**सीमा** सुरक्षाबल ने कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र में दक्षिण दिनाजपुर जिले के हिली में भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे इलाके से 12 करोड़ रुपए मूल्य का तस्करी कर लाया गया सांप का जहर जब्त किया है।



बीएसएफ ने कहा कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से सांप के जहर वाला क्रिस्टल जार जब्त किया गया है, जिसे अब वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार हुए आरोपी की पहचान 51 वर्षीय तपन अधिकारी के रूप में हुई है। वहीं, सांप के जहर की खेप रखने वाला विशेष क्रिस्टल जार फ्रांस में बनाया गया था। राज्य वन विभाग के अधिकारियों को संदेह है कि संभवत: यह खेप नेपाल के रास्ते चीन में तस्करी के लिए लाई गई थी। बालुरघाट वन प्रभाग के रेंजर सुकांत ओझा ने कहा कि 61 बटालियन बीएसएफ ने सांप के जहर की खेप के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। पिछले 14 महीनों में तस्करी कर लाए गए सांप के जहर की खेप पकड़े जाने की यह तीसरी घटना है।

अक्तूबर 2022 में अधिकारियों ने दार्जिलिंग जिले के मैदानी इलाके में फांसीदेवा सामुदायिक विकास खंड में घोषपुकुर वन रेंज क्षेत्र से लगभग 30 करोड़ के अनुमानित बाजार मूल्य का तस्करी किया गया सांप का जहर जब्त किया था।

# वर्ल्ड न्यूज

## केरल में आईएसआईएस समर्थक को 10 साल की सजा

**नई दिल्ली।** केरल की विशेष एनआईए कोर्ट ने शुक्रवार को पलक्कड़ के एक रहवासी को आतंकवादी संगठन आईएसआईएस का सदस्य होने और उसकी गतिविधियों में मदद करने के लिए 10 साल की सजा सुनाई है। स्पेशल जज मिनी एस दास ने आरोपी रियास अबूबकर पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। रियासी ने कोच्चि में साजिश करने के लिए कई मीटिंग रखी थीं, जिनमें उसने भारत में आतंकवादी संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए आत्मघाती हमले करने का फैसला किया था।

## शिवसेना नेता की हत्या के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** दहिसर इलाके में शिवसेना (यूबीटी) नेता की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को सुबह दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोरिस नरोन्हा के कार्यालय से गैर लाइसेंसी पिस्तौल और जीवित कारतूस बरामद किए हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम इस मामले में मोरिस नरोन्हा की पूछताछ कर रही है। वीरवार शाम को मॉरिस नरोन्हा ने अपने कार्यालय में बुलाकर पूर्व विधायक विनोद घोसालकर के बेटे पूर्व पार्षद अभिषेक घोसालकर पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना के बाद मोरिस नरोन्हा ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

## उत्तर प्रदेश में मुठभेड़ के बाद सुपारी किलर को दबोचा

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के थाना झिंझाना पुलिस और बदमाश के बीच शुक्रवार सुबह को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुपारी किलर बदमाश सोनू उर्फ संदीप पुलिस की गोली से घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र बरामद हुआ है। आरोपी ने दो लाख सुपारी लेकर साथियों के साथ बीते 31 दिसंबर 2023 को झिंझाना थाना अंतर्गत दथेड़ा गांव निवासी एक 65 वर्षीय महिला कौशल्या देवी की हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

## चंदा कोचर की जमानत के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कथित वीडियोकॉन ऋण धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर को बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ को कोचर दंपति की ओर से पेश वकील ने अवगत करवाया कि सीबीआई की ओर से दायर अपील निरर्थक हो गई है, क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को 2023 के अंतरिम जमानत आदेश की पुष्टि की है।

## मुंबई में तेज रफ्तार वाहन पुल से नीचे गिरा, पांच की मौत

**मुंबई।** नांदेड़ जिले में भोकर-उमरी रोड पर मुगली के पास रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को नांदेड़ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार, वीरवार देर रात में गायकवाड़ और भालेराव परिवार के 10 लोग शादी में शामिल होने के लिए नांदेड़ से भोकर आए थे। गुरुवार को शादी संपन्न होने के बाद रात में सभी लोग वाहन से भोकर से नांदेड़ लौट रहे थे।

### बरेली में माहौल तनावपूर्ण, समर्थकों का हंगामा, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# मौलाना तौकीर रजा खां गिरफ्तारी के बाद रिहा

**एजेंसी, बरेली**

**बरेली** में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार दोपहर को अपनी गिरफ्तारी देकर विरोध जताया।

इसको लेकर सुबह से शहरभर में कड़ी चौकसी है। मौलाना के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। दोपहर करीब डेढ़ बजे मौलाना तौकीर रजा घर से निकले। वह कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामिया मैदान के पास स्थित आला हजरत मस्जिद में पहुंचे। इसकी जानकारी होते ही उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद मौलाना तौकीर रजा ने विरोध के तौर पर अपनी गिरफ्तारी दी और तुरंत उन्हें रिहा कर दिया गया। मौलाना के समर्थन में जुटे सैकड़ों लोग सड़क पर बैठ गए और हंगामा कर दिया। खलील स्कूल के बैरियर पर भारी भीड़ जुटी हुई है। भीड़ ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। स्थिति को देखते पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा है।



### मौलाना तौकीर के तीखे बोल-हम पर कोई हमलावर होता है तो जान से मार देंगे

**मौलाना** तौकीर रजा खां ने देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी देकर विरोध जताया। शुक्रवार को जुमे की नमाज पर जाने से पहले उन्होंने तीखे बयान दिए। मौलाना ने कहा कि हमें मजबूर कर दिया गया है। मुल्क में नफरत का माहौल बनाया हुआ है। मौलान ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर हम पर कोई हमलावर होता है तो जान से मार देंगे।

### इस्लामिया मैदान को किया सील

**इस्लामिया** मैदान को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। यहां 1400 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। छह एएसपी और 12 सीओ के हाथों सुरक्षा की कमान है। आपात स्थिति से निपटने के लिए चार कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरएएफ की भी तैनाती की गई है।

# भारत की जीडीपी में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान : राष्ट्रपति

### कहा- भारत के विकास में किसान होंगे अग्रदूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 62वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने देश को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में अद्वितीय योगदान दिया है।



संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है बल्कि इन कार्यों को जमीन पर उतारने का भी काम किया है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। 2005 और 2020 के बीच आईएआरआई ने 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी खेती से जीविकोपार्जन करती है। भारत की जीडीपी में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार यथासंभव बढ़े और इसमें कोई बाधा न आए।

### 2047 तक भारत उभरेगा एक विकसित राष्ट्र के रूप में

**राष्ट्रपति** मुर्मू ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, नई कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और सुचारु सिंचाई प्रणाली प्रदान करने के लिए काम कर रही है। सरकार ने किसानों को आय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सभी फसलों के एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि किसानों और कृषि से जुड़ी समस्याओं से हम सभी परिचित हैं। हमारे कई किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जी रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए और अधिक तत्परता से आगे बढ़ना होगा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले और वे गरीबी के जीवन से समृद्धि की ओर बढ़ें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 में जब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा तो भारतीय किसान इस यात्रा के अग्रदूत होंगे।

### फ्लॉप रही थी जोड़ी, मेकर्स के डुबाए करोड़ों

## प्रीति जिंटा का मेकअप धुलवा दिया था सेट पर मणिरत्नम ने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फिल्म के जरिए निर्देशक अपनी परिकल्पना के माध्यम से समाज, राजनीति, जाति व्यवस्था और कई अन्य चीजों पर टिप्पणी करते हैं। लेकिन ऐसे बहुत कम निर्देशक हैं, जो इसे सही तरीके से समझ पाते हैं। उन्हीं चंद निर्देशकों में से एक हैं मणिररत्नम और उनकी सबसे अनोखी और दमदार हिंदी फिल्म है 'दिल से'। यह प्रीति की पहली फिल्म है, इस फिल्म से प्रीति ने मनोरंजन जगत में डेब्यू किया था। हालांकि यह पहली फिल्म थी, लेकिन प्रीति के प्यारे चेहरे ने दर्शकों का दिल जीत लिया। न सिर्फ उनकी परफॉर्मेंस की चर्चा हुई बल्कि फिल्म में उनका नो-मेकअप लुक भी खूब चर्चा में रहा। इसमें आपको प्रीति के चेहरे पर कोई मेकअप नजर नहीं आएगा।



मैं मेकअप कर शूटिंग पर पहुंची थी। जब मणि सर ने मुझे बहुत विनम्र शब्दों में मुझसे अपना चेहरा धोने के लिए कहा। तब मैंने कहा था कि मेरा सारा मेकअप खराब हो जाएगा। वे फिर मुस्कुराए और मुझसे कहा, यही तो मैं चाहता हूं। पहले तो मुझे लगा कि वे मजाक कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं था। संतोष शिवम को जितना धन्यवाद दिया जाए वह कम है, उन्होंने मेरी 'दिल से' मेकअप-मुक्त सुंदरता को कैमरे में बखूबी कैद किया।'

इतनी चर्चित फिल्म होने के बावजूद मणिरत्नम ने अब तक 'दिल से' नहीं देखी है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, 'मैंने पिछले 25 सालों में एक बार भी 'दिल से' नहीं देखी है। इसलिए अब इसका क्या असर होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। मैंने फिल्म में केवल कुछ दृश्य ही देखे हैं, जिनमें कुछ म्यूट भी हैं। 'दिल से' के संगीत की रचना एआर रहमान ने की थी जबकि गुलज़ार ने गीत लिखे थे। यह फिल्म इतनी प्रासंगिक है कि युवा पीढ़ी आज भी 'दिल से' के बारे में बात करती है।

## भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला रेलवे नेटवर्क सिस्टम बना: रेड्डी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि आज भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला रेलवे नेटवर्क सिस्टम बन गया है। वित्त वर्ष 2023 में सरकार की ओर से 5240 किलोमीटर नई रेलवे पटरियां बिछाई गई हैं। सिर्फ एक साल में भारत में बिछाई गईं रेल पटरियां स्विट्जरलैंड जैसे देशों के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है।

उन्होंने कहा कि साल 2014-2023 तक भारत में 25434 किलोमीटर लंबी नई रेल पटरियां बिछाई गईं। वित्त वर्ष 2023-24 में रेलवे बजट 2013-14 की तुलना में 8 गुना बढ़ गया है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में किशन रेड्डी ने कहा कि रेलवे यात्रा को सुलभ बनाने के लिए सरकार ने यात्रियों को सब्सिडी की पेशकश की है। यात्री टिकट की लागत का केवल 53 प्रतिशत भुगतान करते हैं। ट्रेनों में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री को 47 प्रतिशत सब्सिडी की पेशकश की जाती है।

## इसराइल पर दागे गए 30 रॉकेट

**जेरूसलम।** इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि वीरवार रात को लेबनान से उत्तरी इसराइल पर लगभग 30 रॉकेट दागे गए। आईडीएफ ने कहा कि राकेट उत्तरी इसराइल के ऊपरी गलील में खुले मैदान में गिरे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। आईडीएफ ने जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी लेबनान के मीस अल जबल में एक घर पर हवाई हमले किया।

## हल्द्वानी पहुंचे पुष्कर सिंह धामी ने घायलों से की मुलाकात, बोले- योजना बनाकर किया गया हमला

**एजेंसी, देहरादून/नैनीताल**

उत्तराखंड के हलद्वानी में वीरवार के दिन भीषण हिंसा देखने को मिला। वनभूलपुरा में एक अवैध मस्जिद को ढहाए जाने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और पुलिस की कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

इस बीच प्रशासन लगातार दंगाइयों के खिलाफ एक्शन ले रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी वनभूलपुरा में हिंसा के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए हल्द्वानी पहुंचे। इस दौरान अस्पताल पहुंचकर उन्होंने पीड़ितों से भी मुलाकात की। बता दें कि वीरवार को हुए हिंसा में भीड़ द्वारा किए गए पथराव में कई पुलिसकर्मी व अन्य अधिकारी घायल हो गए थे।

### क्या बोले विधायक

बता दें कि शहर में गुरुवार रात से ही इंटरनेट को बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही इलाके में पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बल और पीएससी की टुकड़ियों की तैनाती कर दी गई है। वहीं इस मामले में हलद्वानी के विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि आजादी से लेकर आज तक हल्द्वानी में कभी भी इस तरह की घटना नहीं हुई थी। यहां हमेशा अमन-चैन और एकता का माहौल रहा है।

### क्या बोले पुष्कर सिंह धामी

**सीएम** पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रशासन द्वारा न्यायालय के आदेश के क्रम में अतिक्रमण को हटाने का काम चल रहा था। वहां पर सुनियोजित तरीके से प्रशासन पर हमला किया गया है। प्रशासन के लोगों को वहां पर जान से भी मारने की कोशिश की गई। इस घटना के आरोपियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जन लोगों ने भी यह गलत काम किया है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि वीरवार की रात हलद्वानी ने कर्फ्यू लागू कर दिया गया और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी कर दिया गया था।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अमरोह
विकास खंड भोरंज, जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

प्रस्ताव संख्या : 07 | दिनांक 07/2/2024

**सूचना**

सर्व जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पचायत अमरोह में वित वर्ष 2024-2025 के लिए सामग्री जैसे बजरी 40एमएम, 20एमएम, 10एमएम, रेता क्रैशर, रेता प्लांट, वोल्डर, शटरिंग बिल्डग, डंगा, मिक्चर, सीमेंट किराया बाहन्वी से अमरोह तक +लोडिंग-अपलोडिंग कार्य स्थल पर, साईन बोर्ड मनरेगा व अन्य, पानी का टैंकर इत्यादि की कुटेशनें आमंत्रित की गई है, जो भी VENDORS अपनी कुटेशन देना चाहते हैं। वे निम्न शर्तों पर अपनी कुटेशनें दे सकते हैं:-

1. सभी कुटेशन बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से दिनांक 21/02/2024 को शाम 3.00 बजे से पहले पंचायत कार्यालय मे पहुंच जानी चाहिए। उसके बाद प्राप्त कुटेशन मान्य नहीं होगी।
2. कुटेशन के साथ अपना जीएसटी नंबर की प्रति भी लगाएं।
3. जिस भी VENDORS की कुटेशन पास होगी, उसे बिल के साथ सामग्री का एम-फार्म भी देना होगा तभी बिल की अदायगी की जाएगी।
4. सामग्री समय पर सही मात्रा में और सही गुणवत्ता में देनी होगी अन्यथा बीच माल में भी कुटेशन रद्द करने के लिए पंचायत सक्षम होगी।
5. जिस भी VENDOR की सामग्री की कुटेशन पास होगी उसे 10000/ रुपए पंचायत निधि में जमा करवाने होंगे और वित्त वर्ष समाप्त होने पर यह राशि वापिस कर दी जाएगी, परंतु यदि VENDOR की कुटेशन वित्त वर्ष में ही उपरोक्त कारण से रद्द हो जाती है, तो उसे यह राशि वापिस नही दी जाएगी।
6. प्राप्त सभी कुटेशनें दिनांक 22/02/2024 को पंचायत कार्यालय मे विशेष पंचायत मीटिंग में सुबह 11:00 बजे के बाद खोली जाएंगी।

ग्राम पंचायत अमरोह
विकास खंड भोरंज, जिला हमीरपुर, हि.प्र.


## अनंत ज्ञान
# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज का दिन परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। कारोबार में भागदौड़ अधिक होने से थकान हो सकती है। कामकाज में इच्छानुरूप परिणाम मिलेंगे। वाहन क्रय करने का मन होगा।

**वृषभ :** विपरीत परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखें। आप जल्द दूसरों पर विश्वास कर लेते है। व्यर्थ विवादों से दूर रहें। लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूर्ण होने की संभावना है। नए वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**मिथुन :** आज दिन की शुरुआत से ही व्यस्तता रहेगी। दिनचर्या प्रभावित होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य की सफलता के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

**कर्क :** आज दिन अनुकूल है। परिवार एवं आवास की समस्या हल हो सकती है। समाज में आपका प्रभाव बढ़ने से शत्रु परास्त होंगे। यात्रा में अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। नए संबंध लाभप्रद रहेंगे।

**सिंह:** संतों के दर्शन होंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंधों का लाभ मिलेगा। आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी। कार्यों को टालने का प्रयास न करें। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें।

**कन्या :** समय रहते जरूरी कागजातों को टटोल लें। संतान के कार्यों से चिंतित रहेंगे। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे। व्यक्तिगत कार्यों लापरवाही कर रहे है। कार्यस्थल में उन्नति की संभावना है।

**तुला :** आप के कार्यों से समाज में आपकी प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के साथ यात्रा होगी। यश, उत्साह बढ़ेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। प्रेम-प्रसंग में न उलझें।

**वृश्चिक:** रोजगार में बदलाव आने की उम्मीद है। आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं। रुका हुआ पैसा मिलेगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। बुद्धिमानी से समस्या का समाधान संभव है।

**धनु:** अनजाने में हुई गलती से नुकसान होगा। व्यापार में आ रही परेशानी से तनाव बढ़ सकता है। नई योजनाएं क्रियान्वित होंगी। श्रेष्ठजनों से मेल होगा। परिवार की उलझन खत्म होगी।

**मकर :** धन का कुछ अंश परोपकार में लगाएं। नौकरी में कार्य का विस्तार होगा। शुभ एवं अनुकूल समाचार प्राप्त हो सकते हैं। रिश्तेदारों से संबंध प्रगाढ़ होंगे। विरोधियों से सावधान रहें।

**कुंभ :** परिजनों पर व्यर्थ में संदेह न करें। आर्थिक लाभ होगा। अपने के महत्व को भूलें नहीं किस व्यक्ति से क्या बात करनी है, विशेष ध्यान रखें। व्यापारिक निर्णय समय पर लेने से लाभ होगा।

**मीन :** समय पर काम करना सीखें। अपने विचारों पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। खर्च बढ़ने से बजट बिगड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय सामान्य होगा।

### आज का पंचांग

(9 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** प्रतिपदा 00:49 रात्रि, **नक्षत्र :** धनिष्ठा (08:34 रात्रि), **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13 से 12:57 दोपहर तक) **राहुकाल :** 09:49-11:12 सुबह तक।

### विशेष दिन

10 फरवरी 2024 : गुप्त नवरात्र आज से होंगे शुरू।

## जापान के फुकुशिमा न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट से रेडियो एक्टिव पानी का रिसाव

**एजेंसी, टोक्यो**

**जापान** के सुनामी प्रभावित फुकुशिमा-दाइची फुकुशिमा न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट से रेडियो एक्टिव पानी का रिसाव हो रहा है। हालांकि, इससे किसी के हताहत नहीं हुआ है। यह जानकारी प्लांट के अधिकारियों ने दी।

रेडिएशन (विकिरण) की निगरानी से पता चला कि इस रिसाव का बाहरी वातावरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। संयंत्र का संचालन करने वाली 'टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स' ने बताया कि दूषित पानी से मुख्य रूप से सीजियम और स्ट्रोंशियम को हटाने के लिए डिजाइन की गई शोधन मशीन 'सेरी' में वाल्व की जांच के दौरान बुधवार को कर्मचारी को इस रिसाव का पता चला। इसने कहा कि मशीन को रखरखाव कार्य के लिए बंद रखा गया है।



कंपनी ने कहा कि लगभग 5.5 मीट्रिक टन रेडियोधर्मी पानी का रिसाव हुआ है, लेकिन रेडियोधर्मी पानी संयंत्र परिसर से बाहर नहीं निकल सका है। रिसाव हुआ पानी कानूनी तौर पर छोड़े जाने योग्य सीमा से 10 गुना अधिक रेडियोधर्मी था।

# हिमाचल में फिर डिग्रियों का फर्जीवाड़ा

**हिमाचल** में एक बार फिर डिग्रियों का फर्जीवाड़ा सामने आने से खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सीबीआई ने फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों से बिलासपुर व हमीरपुर में बतौर ग्रामीण डाक सेवक सेवाएं दे रहे दो लोगों को हरियाणा से दबोच कर नई बहस को जन्म दे दिया है। पहले प्रदेश सरकार यह दावा कर रही थी कि हिमाचल से अब डिग्रियों का फर्जीवाड़ा समाप्त हो गया है, लेकिन अब इस नए घटनाक्रम ने सारे दावे फेल कर दिए हैं।

हिमाचल में पूर्व में भी फर्जी डिग्रियों के सहारे सरकारी नौकरियां ली जाती रही हैं। डाक भर्ती घोटाला काफी लंबे समय से हिमाचल में चल रहा है। आरोपियों से आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद होना इस बात की तस्दीक करता है कि डिग्रियों का फर्जीवाड़ा बड़े पैमाने पर हो रहा है और इसका नेटवर्क हिमाचल ही नहीं, बल्कि प्रदेश से बाहर भी फैला है। मानव भारती यूनिवर्सिटी इस मामले में काफी विख्यात रही है। उस पर हिमाचल प्रदेश में करीब पांच हजार फर्जी डिग्रियां बेचने का आरोप है।

पुलिस की विशेष जांच टीम यानी एसआईटी ने पिछले साल सोलन की जिला अदालत में अंतिम अनुपूरक चालान पेश किया था, जिसमें डिग्रियों के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था। विश्वविद्यालय ज्यादातर डिग्रियां उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बेचता था। एजेंटों के माध्यम से लोगों को फर्जी डिग्रियां उपलब्ध करवाई जाती रही हैं। सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए युवाओं में खासी प्रतिस्पर्धा है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में युवा लगातार नौकरी पाने को लालायित रहते हैं, लेकिन कई ऐसे भी युवा हैं, जो नौकरी हासिल करने के लिए पढ़ाई में तो मेहनत नहीं करते और फर्जी डिग्री बनाकर नौकरी हासिल कर लेते हैं।

पिछले साल शिमला पोस्ट ऑफिस में दसवीं की फर्जी डिग्री बनाकर नौकरी हासिल करने वाले नौ डाक सेवकों को नौकरी से बर्खास्त किया गया था। अब इस नए घटनाक्रम के सामने आते ही फर्जी डिग्री के साथ नौकरी हासिल करने वालों की खैर नहीं होगी। सीबीआई इस मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ती जाएगी और फर्जी डिग्रियों के मामले उजागर होते रहेंगे। फर्जी डिग्रियां ज्यादातर उत्तर प्रदेश और हरियाणा से हासिल की जाती हैं।

फर्जी डिग्री में जरूरत से ज्यादा अंक दर्ज करवाने पर ही लोग सीबीआई के रडार पर आ जाते हैं। डाक विभाग को इसकी भनक तब लगी, जब इन कर्मचारियों की डिग्री चेक करने के लिए संबंधित बोर्ड में भेजी गई। फर्जी डिग्रियां मिलने के बाद आशंका जताई जा रही है कि इसके पीछे कोई बड़ा माफिया काम कर रहा है। खैर, उम्मीद जताई जानी चाहिए कि डिग्रियों का फर्जीवाड़ा अब हिमाचल में ज्यादा देर तक नहीं चलेगा।

# देश के विकास में एमएसएमई की अहम भूमिका



लेखक : महेश वर्मा
भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हैं

**भारत** जैसे विकासशील देश में एमएसएमई सेक्टर को अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। एमएसएमई न सिर्फ रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण स्रोत है, बल्कि यह देश के औद्योगिक विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई सेक्टर की विशेषता इसका अनूठा लचीलापन और अनुकूलनशीलता है। यह विशेषता इसे आर्थिक उतार-चढ़ाव के दौरान भी स्थिर रखती है। एमएसएमई के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम व उद्यम मंत्री नारायण राणे ने इसके रास्ते में आने वाली बाधाओं की पहचान की और उनके उपाय तलाशे व लागू किए। इसके फलस्वरूप आज देश में एमएसएमई उद्योग ने एक लंबी छलांग लगाई। 2006 से एमएसएमई के स्थापना से लेकर 2021 तक जो विकास हुआ, उससे ज्यादा 2021 से 2023 के दौरान इस सेक्टर के प्रगति पथ को प्रशस्त करने का काम राणे के दूरदर्शी निर्णय ने किया है।

एमएसएमई के अंतर्गत विशेष कर नए उद्यमी आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण सरकारी योजनाओं और बैंकों से कर्ज की सुविधाएं लेने में अक्षम थे। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ऐसे ही उद्यमियों की सहायता के लिए शुरू की गई। इस योजना के तहत नए उद्यमियों के अपना व्यवसाय शुरू करने या वर्तमान उद्यमियों के व्यवसाय के विस्तार के लिए बिना किसी गारंटी वित्तीय सहायता दी जाती है और क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज के अंतर्गत कोलेटरल-फ्री ऋण दिया जाता है। वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठाने से वंचित उद्यमियों के लिए 11 जनवरी 2023 को 'उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म' लॉन्च किया गया। पहले ही साल इस प्लेटफॉर्म पर सवा करोड़ से अधिक असंगठित क्षेत्र के सूक्ष्म उद्योगों के रजिस्ट्रेशन हुए और उन्हें ऋण लेने में आसानी हुई।

एमएसएमई विभिन्न उद्योगों में विविधता लाते हैं और नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। इसके लिए अक्सर ये उद्यम नई तकनीक और व्यवसाय के नए मॉडल अपनाते हैं। इनका उद्योगों की समग्र प्रगति भारी योगदान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत खादी विकास और ग्रामोद्योग आयोग या केवीआईसी के माध्यम से लगभग नौ करोड़ रुपए की लागत से कर्नाटक में सेंट्रल स्लिवर प्लांट शुरू किया गया। प्लांट का उद्देश्य है खादी संस्थानों की कच्चे माल की लागत कम करने में मदद करना और उत्पादक में 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करना।

इसी के तहत महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट फॉर रूरल इंडस्ट्रियलाइजेशन या ग्रामीण औद्योगीकरण के लिए महात्मा संस्थान के पुनरुद्धार की भी योजना है। इस योजना के तहत महाराष्ट्र के वर्धा जिले में भी जल्द सिल्वर प्लांट शुरू किया जाएगा। यह प्लांट इन्क्यूबेशन सेंटर्स के रूप में शुरू किए जा रहे हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर्स का उद्देश्य नवीन विचारों और तकनीक को प्रोत्साहन देना है। एमएसएमई में खादी उद्योग पर ध्यान देने का विशेष कारण है। पिछले नौ साल में खादी का उत्पादन तीन गुना बढ़ा है। इसकी बिक्री 2014-2015 में महज 1170 करोड़ रुपए थी। खादी की बिक्री 2022-2023 में बढ़कर लगभग छह हजार करोड़ रुपए हो गई है। आज हम अपनी जरूरतों के अलावा 20 से अधिक देशों को खादी उत्पाद निर्यात कर रहे हैं। आज यह व्यवसाय उत्पादन से जुड़े लाखों लोगों के अलावा भी कई लोगों की जीविका का साधन बन गया है, जिनमें डिजाइनर, निर्यातक, व्यापारी, और बैंक तक शामिल हैं। यहां तक कि हजारों सरकारी कर्मचारियों की नौकरी भी हथकरघा और खादी व्यापार की वजह से चल रही है।

खादी के अलावा एमएसएमई सेक्टर के दूसरे उद्योगों की भी मदद की जा रही है। देश भर में 20 प्रौद्योगिकी केंद्र और 100 विस्तार केंद्र खोलने की योजना शुरू की गई है, जो उत्पादन सुविधाओं, जन शक्ति विकसित करने, परामर्श प्रदान करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बढ़त विकसित करके मौजूदा और संभावित एमएसएमई का समर्थन दे रहे हैं। विश्व बैंक की सहायता से लगभग छह हजार करोड़ रुपए की आरएएमपी योजना शुरू की गई है। यह राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर डायरेक्ट मार्केट एक्सेस, ऋण उपलब्धता, संस्थानों को मजबूत कर एमएसएमई ईको सिस्टम के विकास में मददगार साबित हो रही है। एमएसएमई को ऋण का प्रवाह बढ़ाने के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को और नया रूप दिया गया है।

वार्षिक गारंटी शुल्क घटाकर 0.37 प्रतिशत कर दिया गया है और गारंटी की सीमा दो करोड़ रुपए से बढ़ा कर पांच करोड़ रुपए कर दी गई है। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में भी एमएसएमई सेक्टर का भारी योगदान है। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना अनिवार्य रूप से रोजगार सृजन से जुड़ी हुई है। रोजगार सृजन के लिए प्राइम मिनिस्टर एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम में व्यापक बदलाव किए गए हैं। इसमें सेवा क्षेत्र के साथ एमएसएमई के अन्य प्रोजेक्ट भी शामिल किए गए हैं। इस योजना के माध्यम से अब तक लगभग नौ लाख उद्यमों को आर्थिक मदद देकर 72 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए गए हैं। वर्ष 22-23 में 2434 करोड़ रुपए वितरण का लक्ष्य था, जबकि लक्ष्य को पार कर 2722 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी वितरित की गई। रोजगार सृजन का ही एक हिस्सा है, पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ। यह न सिर्फ रोजगार सृजन, बल्कि हाशिये पर जा चुकी भारतीय पारंपरिक कला, शिल्प और दूसरी युक्तियों को पुनर्जीवित करने और विश्व पटल पर उनकी महत्ता स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत विश्वकर्मा भाई-बहनों को 18 प्रकार के उद्यमों की ट्रेनिंग, टूल किट और बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार की गई योजना विश्वकर्मा भाई-बहनों के लिए गेम चेंजर साबित होगी। इस योजना के तहत अभी तक 77 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो लक्ष्य के दुगने से अधिक है।

सरकार की योजना इनके उत्पादों को घरेलू और वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करना है। स्पष्ट है कि खादी के अलावा एमएसएमई के दूसरे सेक्टर का भी भारत के कुल निर्यात में महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार निर्यात में इनकी हिस्सेदारी और बढ़ाने का प्रयास कर रही है। एमएसएमई उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है। उद्यमों द्वारा उत्पादित माल और सेवाएं विश्व बाजार में भारत की पहचान बनाते हैं, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होती है। इसके अलावा एमएसएमई उत्पादों और सेवाओं के लिए जेम पोर्टल जैसे ऑनलाइन बाजार का गठन किया गया है, जो सरकारी खरीद में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं।

एमएसएमई सेक्टर को पर्यावरण चुनौतियों से निपटने में भारत की प्रतिबद्धता के भी अनुरूप बनाया जा रहा है। एमएसएमई को जीरो इफेक्ट बनाने और जीरो इफेक्ट को अपनाने हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए जेड सर्टिफिकेट योजना शुरू की गई है। जेड सर्टिफिकेट योजना को महिला सशक्तिकरण से भी जोड़ा गया है। कुल मिलाकर एमएसएमई आर्थिक समानता लाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस एक योजना से रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास, निर्यात में वृद्धि और समावेशी विकास के माध्यम से देश के समग्र विकास की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। स्पष्ट है कि एमएसएमई को उचित समर्थन और प्रोत्साहन दिया जाए, तो भारत तीव्र गति से विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकता है और एक समृद्ध और समावेशी समाज की ओर अग्रसर हो सकता है।

नजरिया

# पुलिस जवानों पर जिम्मेदारियों का बोझ कहीं अधिक और सुविधाएं नामात्र



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**केवल** मात्र सात रुपए एक दिन का भोजन भत्ता हासिल करने वाले पुलिस कर्मी चौबीस घंटे जनता के जानमाल की सुरक्षा किए जाने में तत्पर रहते हैं। पुलिस जवानों के कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ कहीं अधिक और उन्हें मिलने वाली सुविधाएं उतनी ही कम हैं।

पुलिस कर्मियों को पुराना ही पेय स्केल दिया जा रहा और पदोन्नति समय पर न मिलने से वह आहत रहते हैं। जनता की सुरक्षा करने वाले पुलिस कर्मचारी खुद असुरक्षित होकर सेवाएं दिए जाने को मजबूर हो चले हैं? उत्सव होने पर भी जिन्हें अपने परिवारों संग यह खुशियां मनाने का मौका नहीं मिलता और वे आपातकाल में भी अपनी सेवाएं दिए जाने को मजबूर रहते हैं।

पुलिस कर्मचारी बिना तनाव लिए अपनी सेवाओं में सेवारत रहें, इसलिए जरूरी की उनसे तीन शिफ्टों में काम लिया जाए। बैसे तो तीन शिफ्ट किए जाने की मांग रहे, मगर सरकारों ने उनकी एक न सुनी। केंद्र सरकार ने पैरामेडिकल स्टाफ का पचास लाख रुपए तक बीमा कवर करने की घोषणा की, मगर पुलिस कर्मचारियों को क्या ऐसी सुविधाओं की जरूरत नहीं जो अपने बचाव के लिए मास्क भी फिलहाल खुद के पैसों से खरीदकर पहनने को मजबूर थे? पुलिस कर्मचारी जब तक खुद सुरक्षित महसूस नहीं करते, तब तक वे जनता प्रति अपनी जिम्मेदारियां सही नहीं निभा सकते, सरकारों को इस बारे सोचना होगा।

जनता के सहयोग बिना पुलिस को अपनी सेवाएं दिए जाना आज बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है। आखिर जनता कब अपने कर्तव्यों का पालन करके सरकारों के दिशा-निर्देशों को मानकर पुलिस की परेशानियां कम करेगी? हिमाचल प्रदेश पुलिस को सर्वश्रेष्ठ पुलिस का अवार्ड भी मिल चुका है, इसके बावजूद जवानों को सुविधाएं न मिलना अफसोसजनक है। समाज को अपराध, नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस कर्मचारियों को तमाम सुविधाएं मिलनी जरूरी हैं।

## अंदाज-ए-बयां
### सदा उन से निभाएंगे

*मुहब्बत हम दिखाएंगे, सदा उनसे निभाएंगे।*
*निभा के प्रीत उनसे ही जमाने को दिखाएंगे।*
*दिखावा हम नहीं करते, रहे हम ही सदा साधे,*
*दिखावा है बुरा जग का, यही जग को बताएंगे।*
*निभानी प्रीत सब से है, बड़ा मुश्किल लगे सब को,*
*सदा जो रूठ हैं जाते, मना के आज लाएंगे।*
*नहीं कोई बुरा जग में, बुरा मन ही सदा होता,*
*भुला दे बैर मन से ही, सभी मिल आप जाएंगे।*
*खुदा सब का सदा होता, चलाता नेक राहों में,*
*गया जो भूल खुद से ही, खुदा की राह लाएंगे।*
*बड़ा अनमोल हीरा यह, मिला उस की दया से ही,*
*इबादत हम करें उसकी, चरण में सिर झुकाएंगे।*



शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

# पुस्तक प्रेमियों, छात्रों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए खुशखबरी: आज से आरंभ हो रहा विश्व पुस्तक मेला



राजेश कुमार
भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला

**पुस्तक** प्रेमियों, छात्रों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है कि 10 फरवरी से 18 फरवरी तक नई दिल्ली में नौ दिवसीय विश्व पुस्तक मेला आयोजित हो रहा है। यह मेला नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के नवनिर्मित हाल संख्या दो-छह में आयोजित किया जा रहा है, जहां देश-विदेश के लगभग 1000 प्रकाशक और पुस्तक विक्रेता अपनी पुस्तकों व पत्रिकाओं की प्रदर्शनी लगा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश से भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (एडवांस्ड स्टडी), शिमला भी अपने अध्येताओं की शोध परियोजनाओं व विविध विषयक संगोष्ठियों में प्रस्तुत शोध पत्रों पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगा रहा है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का आरंभ वर्ष 1972 में हुआ था और प्रथम मेला 18 दिनों तक चला था जिसका उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी ने किया था। इस पुस्तक मेले को ज्ञान भंडार का महाकुंभ भी कहा जाता है जो केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सौजन्य से आयोजित किया जाता है, जिसमें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला 'इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गेनाइजेशन' सह-आयोजक की भूमिका निभाता है। आरंभ में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का आयोजन दो वर्ष में एक बार ही किया जाता था, मगर वर्ष 2013 से इस प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है, मगर कोविड-19 के चलते 30वां आयोजन स्थगित करना पड़ा था।

सर्वविदित है कि हमारे देश में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में पठन-पाठन हो रहा है। नई शिक्षा नीति में तो क्षेत्रीय भाषाओं को और भी महत्व दिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस बार विश्व पुस्तक मेला 'बहुभाषी भारत-एक जीवंत परंपरा' थीम पर आधारित है। अहमदाबाद के राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा डिजाइन की गई इस थीम को सेटअप, ग्राफिक्स, किताबों, दीवारों, कलाकृतियों आदि के साथ पुस्तक मेले में प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके अलावा थीम के आसपास कई साहित्यिक सत्र और सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। थीम मंडप, बाल मंडप, लेखक मंच, युवा मंच, अंतर्राष्ट्रीय गतिविधि मंच, अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन सम्मेलन, नई दिल्ली प्रतिलिप्यधिकार मंच यहां के मुख्य आकर्षण है। मेले में अतिथि देश के तौर पर सऊदी अरब को आमंत्रित किया गया है। साथ ही, फ्रांस, इटली, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, तुर्की, स्पेन और श्रीलंका भी इस पुस्तक मेले में भाग ले रहे है।

इस पुस्तक मेले में सुबह 11 से रात आठ बजे तक जाया जा सकता है। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थाओं को अपने विद्यार्थियों व शोधार्थियों के प्रशासन को चाहिए कि अपने विद्यार्थियों को दिल्ली विश्व पुस्तक मेले की सैर अवश्य करवाएं ताकि उनमें पुस्तकों को पढ़ने के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़े। स्कूली छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए पुस्तक मेले में निशुल्क एंट्री है। वास्तव में इस मेले का उद्देश्य पुस्तक लेखन उनके प्रकाशन, पाठकों, छात्रों, शोधार्थियों तथा शिक्षण संस्थाओं तक उनकी अभिगम्यता सुनिश्चित करने और पुस्तक उद्योग और पुस्तक व्यापार को बढ़ाना देने के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करना है।

# ईमानदारी युगों-युगों तक अमर रहती है



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

**ईमानदारी** युगों-युगों तक अमर रहती है। ईमानदारी की कभी हार नहीं होती। ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है।

कहते है ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए गए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। समाज में ईमानदारों की मिसालें दी जाती हैं। ईमानदारी के रास्ते में मुसीबतें बहुत हैं, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है, उसे करोड़ों रुपए से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। ईमानदारी का कोई सानी नहीं है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औंधे मुह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है।

समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है, वह मानवता के नाम पर कलंक है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू ले। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए, वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग हैं, जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिएं क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे, अच्छाई ही मिलेगी। दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगी। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओ, जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो, किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं, अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे।

वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौकापरस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से ऊपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल-कपट तक करने से नहीं चूकता, मगर जब उसकी मार पड़ती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं। ऐसे लोगों को आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है, कौन बुरा है। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है, लेकिन खुदा सब देख रहा है। समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया, लेकिन वे लोग अपनी औकात भूल गए कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोड़ी कपड़े होते थे। खाने के लाले पड़े होते थे। आज अच्छे दिन आ गए तो अपनों को भूल गए और हवा में उड़ने लगे लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है। कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्मकेंद्रित लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है, ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते, ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं।

एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है। इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं, फिर भी पत्थर ही रहते हैं। प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है, उसे बनाए रखना चाहिए, भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए, अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए। मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिएं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाए कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। मानव नंगा आता है और नंगा ही चला जाता है। इस संसार में जो पैदा हुआ है, उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है, तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। कहते हैं अपने ही काम आते हैं, मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है। प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है।

इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके, करनी चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है। आदमी को समय से डरना चाहिए क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। समाज में बेइमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है, अंधेर नहीं है। ईमानदारी की सदा ही विजय हुई है।

# वैलेंटाइन डे की जगह, पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि



ब्लॉगर

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**14 फरवरी, 2019** का वह काला दिन जब जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले के एक वाहन को निशाना बनाया था। इस हमले में बल के 40 जवानों ने अपने प्राणों की आहुति इस देश की अखंडता के लिए उस वक्त दी थी, जब पूरा देश विश्व से उधार लिए वैलेंटाइन-डे को अपने प्रेमी जोड़े के साथ गुलाब का फूल देकर प्रेम का इजहार करके मना रहा था।

इस हमले में देवभूमि हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के सिपाही तिलकराज शानू ने भी शहादत का जाम पिया था। यहां प्रेम दिवस के विरोध में बात नहीं हो रही है, बल्कि इस मातृभूमि के वीरों ने अपने प्राणों को देश की आन, बान और शान के लिए इस दिन न्योछावर कर दिया था। आज हम इस 14 फरवरी के मनहूस दिन को वैलेंटाइन-डे के रूप में मनाने की बजाय उन वीरों को याद करें, जिनकी हर सांस के मूल्य के बदले हम यह दिन आज देख रहे हैं।

हम सभी युवाओं को उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करके, उनके शोक संतप्त परिवार जनों के शुक्रगुजार होना चाहिए, जिन्होंने अपने बेटे, भाई, पति, पिता को हमेशा के लिए खो दिया था। इस दिन शहादत दिवस के मौके पर हर एक शहीद के पैतृक गांव में सरकार, प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा परिवारजनों को सम्मान समारोह में बुलाकर सम्मानित किया जाना चाहिए, ताकि उनके मन में, हृदय में इस देश की समस्त जनता के भाव एक सच्चे एहसास के रूप में उनकी आंखों में साफ तौर पर परिलक्षित हो सके। किसी परिवार का बेटा जब इस देश की माटी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देता है, तो सरकार के नेता इनकी शहादत पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं। शहीद स्मारक बनाने की बातें भी करते हैं। स्कूल, कॉलेज का नामकरण करने, इनके नाम की सड़कें बनाने की भी बात की जाती है, मगर कुछ साल बीत जाने के बात धरातल पर बहुत कम ही घोषणाएं इनके सम्मान में क्रियान्वित हो पाती हैं। इनके बूढ़े मां बाप एकटक इस आस के सहारे जिंदा रहते हैं कि शहीद बेटे के स्मारक को बनाया जाएगा।

हम सभी यानी समाज के लोगों की भी शहीदों के परिवार जनों के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। हम कम से कम उनके बच्चों की पढ़ाई, उनके परिवार की छोटी-छोटी सहायता करने के रूप में अपना सामाजिक कर्तव्य चरितार्थ कर सकते हैं। पुलवामा हमला पाकिस्तान द्वारा एक धोखे से किया गया शर्मनाक हमला था। हमारे रणबांकुरों ने पुलवामा की सड़कों को अपने रक्त की नदियों से सिंचित किया था। इसमें पूरा देश इस घटना से स्तब्ध रह गया था। एक ओर हर भारतवासी के मन में प्रतिशोध की ज्वाला धधक रही थी, वहीं दूसरी ओर हर आंख नम थी।

अखंड भारत के विभिन्न राज्यों में शहीदों के पार्थिव शरीर को भेजा गया। यह दिन आज फिर से हमें बार-बार याद करके अपनी अपनी स्मृति में रखने की आवश्यकता है। सच्चे राष्ट्र भक्तों की शहादत दिवस 14 फरवरी को हम बड़े ही धूमधाम से मनाकर अपनी आगामी पीढ़ी को हमेशा याद दिलाते रहें। हम सभी को आज के ही दिन यह दृढ़ निश्चय कर संकल्प लेना होगा कि हर युवा आज राष्ट्र भक्तों के सम्मान में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें याद व श्रद्धासुमन अर्पित करके उनकी शहादत को नमन करे।

## अपनी बात

**पहाड़ों** के लोगों में मोटापा बढ़ने लगा है, इसका सबसे बड़ा कारण मधुमेह है। आधुनिक युग में लोगों की जीवनशैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है, लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है।

हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही जिंदगी बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। छोटी उम्र में लोग बड़ी-बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा, वह रोग मुक्त होने लगेगा क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है।

मोटापे से हार्ट रोग का खतरा बढ़ जाता है और वहीं इससे दिल का दौरा, हार्ट फेल, या असामान्य हार्ट रिदम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हाई ब्लड प्रेशर, ब्लड फैट का असामान्य लेवल और हाई ब्लड शुगर हार्ट डिसीज का जोखिम बढ़ा सकते हैं। इस कारण पहाड़ के लोगों को जीवनशैली में बदलाव करने की आवश्यकता है। हमें छोटे-छोटे कामों के लिए वाहनों के बजाय पैदल ही जाना होगा तथा सुबह सैर को भी प्राथमिकता देनी होगी तथा नैचुरल चीजों का ज्यादा उपयोग करना होगा।

– शिव कुमार, गोपालपुर।

## आपकी डायरी

*छल कपट*
*करोड़ों लोग भ्रष्ट*
*देश हो नष्ट।*
*चंचल मन*
*हुआ परिवर्तित*
*मिला गगन।*
*खूब संवारी*
*सारी उम्र ये देह*
*जल ही गई।*
*असंख्य स्वार्थ*
*सदा दुष्टों का संग*
*जीवन भंग।*
*ऋण हैं बाकी*
*कई कर्तव्य*
*शेष मिले न मोक्ष।*
*नारीत्व त्यागा*
*लगभग निर्वस्त्र*
*माडर्न नारी।*

मुमुक्षु के ठाकुर
व्यंग्य लेखक
ओबड़ी, चंबा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# वर्षों के बाद सलापड़-तत्तापानी सड़क के दोनों सिरों का मिलान

## एहन, कोलडैम, तत्तापानी में भी पर्यटन को लगेंगे पंख

**अनंत ज्ञान, सुंदरगनर**

सुंदरनगर के सलापड़-तत्तापानी सड़क के दोनों सिरे कई वर्षों के कठिन निर्माण कार्य के बाद वीरवार शाम को आपस में मिलने से अब धन्यारा, हाड़ाबोई, सोझा, तत्तापानी व अपर हिमाचल रामपुर, किन्नौर के लोगों का सपना साकार हो गया। इस सड़क का निर्माण 2006 में शुरू किया गया था जिसमें सबसे पहले क्यान से ऐहन के निर्माण के लिए सुंदरनगर के पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने सड़क निर्माण का शुभारंभ किया , जिसका कार्य पहले स्टेट हेड के बजट के द्वारा करवाया जा रहा था।



सड़क के दोनों सिरों के मिलने से उत्साह में स्थानीय लोग।

इसके उपरांत 2014 में ऐहन से नेरी तक सड़क का निर्माण कार्य सुंदरनगर के विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने शिलान्यास कर शुरू किया। उसके उपरांत सोहन लाल ठाकुर के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार से 61.600 किलोमीटर लंबे डबल सड़क मार्ग हेतु 219.43 करोड़ रुपए सीआरएफ के पत्र संख्या एचडब्ल्यू एनएच 12033/164 के तहत 2017 में स्वीकृति मिलने उपरांत सलापड़ तत्तापानी डबल लेन निर्माण कार्य शुरू हुआ। उसके उपरांत नेरी पुल का भी निर्माण कार्य सोहन लाल ठाकुर के अथक प्रयासों द्वारा करवाया गया। कई वर्षों के लंबे समय में बेहद विकट परिस्थितियों सहित दुर्गम क्षेत्र से होते हुए इस सड़क के दोनों सिरों को वीरवार शाम को आपस मे मिलाया गया है। सड़क के दोनों सिरे मिलने से क्षेत्र के लोगों में सपने के सच होने पर खुशी व जश्न का मौहाल है। सड़क मार्ग के दोनों सिरों के मिलने के उपरांत अब हर मौसम में ऊपरी हिमाचल के लोगों के लिए यह सड़क मार्ग महत्पूर्ण साबित होगा। इसके साथ साथ एहन, कोलडैम, तत्तापानी में भी पर्यटन की दृष्टि से यह मार्ग नए पंख लगाएगा।

# करियर काउंसलिंग पर करें फोकस

## मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना में शामिल बच्चों के लिए डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जिले में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजना के लाभार्थी बच्चों के लिए उपयुक्त मेंटरशिप और भविष्य के अवसरों पर सही करियर काउंसलिंग पर विशेष फोकस करने को कहा।



मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

उन्होंने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए इस योजना में विशेषकर 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशारों की रुचि जानकर उन्हें करियर को लेकर सही मार्गदर्शन प्रदान करने की व्यवस्था निर्मित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना में बाल देखभाल संस्थानों में हर बच्चे के साथ एक मेंटर संरक्षक उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। इस कार्य को पूरी गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाना संभव है। अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिले में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना में 479 अनाथ बच्चे कवर हैं।

इसके अलावा 356 बच्चे जिले के सरकारी और एनजीओ संचालित बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हैं। इन बच्चों को सामाजिक सुरक्षा राशि के तौर पर बीते एक साल में लगभग 1.20 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। वहीं बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे बच्चों को कपड़ा भत्ते के तौर पर 17.80 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। वहीं उन्हें पोषणयुक्त भोजन, स्वच्छता किटें मुहैया कराने तथा कॉपी-किताबें इत्यादि खरीदने को 21.36 लाख रुपए की धनराशि वितरित की गई है। विभिन्न उत्सवों को लेकर उत्सव भत्ते के रूप में 8.64 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। वहीं इन संस्थानों को भी उत्सव आयोजनों के लिए करीब पांच लाख रुपए प्रदान किए गए हैं।

स्पॉसर स्कीम और फॉस्टर केयर योजना में करीब 40 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अजय कुमार बदरेल सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंडी में खुला सुखाश्रय कोष का खाता

उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना में सुखाश्रय कोष का गठन किया है। इसी क्रम में मंडी जिले में भी सुखाश्रय कोष बनाया गया है। उन्होंने जिलावासियों से इस कोष में उदारतापूर्वक अंशदान करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में कोष के लिए एचडीएफसी बैंक में खाता खोला गया है। इसकी खाता संख्या 50100688804271 तथा आईएफएससी कोड एचडीएफसी0000727 है। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के माध्यम से 27 वर्ष की आयु तक अनाथ बच्चों की देखभाल का जिम्मा लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निकांड पीड़ितों को राशन-कंबल दिए



पीड़ित परिवारों के सदस्यों को राहत सामग्री वितरित करते हुए।

**मंडी।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की निहरी दरुमुट बैहली सेगल और मलोह पंचायत में गत दिनों अग्निकांड में चार परिवारों के आशियाने राख होने की दुखद घटना के बाद विधायक राकेश जम्वाल सहित एक स्थानीय सामाजिक संस्था ने पीड़ितों की मदद की है। शुक्रवार को विश्राम गृह सुंदरनगर में अग्निकांड पीड़ित चारों परिवारों के सदस्यों को मदद राशि, राशन किट के साथ गर्म कपड़े और कंबल विधायक ने भेंट किए। प्रभावित मनोज कुमार, छबी राम, भुवनेश्वर कुमार और भाग सिंह को विधायक की ओर से दो-दो कंबल सहित 10-10 हजार की राशि और स्थानीय सामाजिक संस्था द्वारा कुल 22 कंबल और राशन के साथ गर्म वस्त्र प्रदान किए गए। विधायक ने कहा कि वे इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है।

### पांगणा की पहली महिला शिक्षक का निधन

**करसोग।** जिला मंडी के तहत स्वतंत्र भारत पांगणा क्षेत्र की पहली महिला अध्यापक



तुलसी देवी का निधन हो गया है। वयोवृद्ध अध्यापिका तुलसी देवी ने 93वें साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वर्ष 1931 में जन्मी तुलसी देवी ने परतंत्र भारत के उन संघर्षमय दिनों को देखा था। स्वतंत्र भारत के आरंभ के दिनों में तुलसी देवी ने अध्यापन के क्षेत्र में अपनी गहरी लगन से क्षेत्र में शिक्षा के आलोक का ऐतिहासिक विस्तार किया। उन्होंने 1950 में शिक्षा विभाग में पहली महिला अध्यापिका के तौर पर अपनी सेवाएं देनी शुरू की। शिक्षा विभाग से साल 1989 में सेवानिवृत्त होने के बाद भी तुलसी देवी सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अंतिम समय तक सक्रिय रही। इनके निधन की सूचना मिलते ही पांगणा में शोक की लहर है। साहित्यकार व समाजसेवी डॉ. जगदीश शर्मा का कहना है कि स्वतंत्र भारत की पांगणा क्षेत्र की पहली महिला अध्यापिका तुलसी देवी का निधन हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### कन्या स्कूल की छात्राएं जागरूक की

**सुंदरनगर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला सुंदरनगर में शुक्रवार को क्रयाश एनजीओ के फाउंडर डॉ. धर्मेश शर्मा ने छात्राओं को एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक रेजिडेंटस एक साइलेंट पेंडेमिक है। यदि हम पर्यावरण को साफ नहीं रखेंगे, पौधे नहीं लगाएंगे तो एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस बढ़ाने के कारणों को न्योता मिलेगा और जिसका परिणाम कोविड महामारी से भी बुरा होगा। उन्होंने कहा कि क्रयाश बुक बैंक की मुहिम में 11वीं और 12वीं के बच्चों को नीट की परीक्षा की गाइडेंस दी गई और स्कूल की लाइब्रेरी में ही नीट परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को नोटस और किताबें भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल डेंटल कॉलेज के बच्चों पल्लवी धीमान, पल्लवी चौहान, आकांक्षा शर्मा, प्रभांशु तिवारी ने उन्हें गाइड किया कि किस तरीके से पढ़ना चाहिए।

### एचआरटीसी पेंशनर्स को सम्मानित किया

**मंडी।** वरिष्ठ नागरिक भवन जेल रोड मंडी में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल पथ परिवहन निगम से सेवानिवृत्त श्यामा प्रसाद चटर्जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान 80 वर्ष और इससे अधिक उम्र के पेंशनरों को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्यामा प्रसाद ने बताया की बैठक में लगभग 80 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से एचआरटीसी के आदेशों का पालन करते हुए प्रबंधन से पहली जनवरी 2016 से 2022 तक लंबित एरियर व जुलाई 2022 से अब तक लंबित चिकित्सा भत्ता व 15 माह का बकाया डीए एरियर देने का निर्णय लिया गया।

### कैडेट रिया-प्रिया को सम्मानित किया

**सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट की दो एनसीसी कैडेट्स प्रिया और रिया शर्मा ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस कैंप में चयनित होकर प्रिया ने प्रधानमंत्री रैली और रिया शर्मा ने शिप मॉडलिंग में भाग लिया। कैडेट प्रिया रोपडी गांव तहसील सरकाघाट की रहने वाली है। यह वर्तमान में बीए मेजर जियोग्राफी की छात्रा है। कैडेट के माता-पिता मीना देवी और मनोज कुमार तथा पूरे परिवार ने गणतंत्र दिवस कैंप के लिए इसका भरपूर सहयोग किया। कैडेट रिया शर्मा थमेड़ा गांव, तहसील सरकाघाट द्वितीय वर्ष की बीएससी जूलॉजी मेजर की छात्रा है। इसी के साथ कैडेट्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल गुरुबीर पाल सिंह और अन्य सेना अधिकारियों से मिले। इसके अलावा कैडेट्स को 24 देशों से आए हुए विदेशी छात्रों से मिलने का मौका भी मिला। इस उपलब्धि के लिए दोनों कैडेट्स को कॉलेज के प्राचार्य रिखी राम कौंडल और एनसीसी के ऐएनओ लेफ्टिनेंट विशाल ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया।

### अयोध्या से रवाना हुआ राम भक्तों का जत्था

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश से राम भक्तों का जत्था अयोध्या के लिए राम लला के दर्शन करने के लिए रवाना हुआ था। अपने दो दिन के प्रवास के दौरान राम भक्तों ने जहां विभिन्न सेवा कार्यों में हिस्सा लिया तो वही राम लला के साथ हनुमान गढ़ी, शबरी माता मंदिर, नागेश्वर, मंदिर सरयू माता मंदिर, सरयू नदी के पवित्र घाट के दर्शन कर सरयू नदी की सांध्य आरती, लेजर लाइट आरती में भी हिस्सा लिया। छोटी काशी से रवाना हुआ दल का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनुपम के नेतृत्व में ऊना के रेलवे स्टेशन पहुंचा।

### पेंशनरों ने मांगों पर की चर्चा

**जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जोगिंद्रनगर उपमंडल के सभी पेंशनरों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सभी पेंशनरों ने अपनी समस्याओं तथा मसलों पर गहन विचार विमर्श किया। संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री तथा महासचिव रमेश पठानिया ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि बैठक में सभी पेंशनरों ने मांगों के हल न होने पर खेद प्रकट किया।

# जय देवी बाजार की हालत सुधारें

## ब्रह्मदास चौहान ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

आपदा के बाद नाचन विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की हालत देखने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने जय देवी का दौरा किया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अभियंता और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग धनोटू को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जय देवी बाजार और सड़कों की हालत सुधारें ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



जय देवी में शुक्रवार को सड़क का जायजा लेते ब्रह्मदास चौहान व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी।

इस मौके पर व्यापारी भगत राम गुप्ता, टेक चंद, जय देवी पंचायत के उप प्रधान घनश्याम, संजय कुमार, भगत राम वर्मा ,प्रेम लाल ने उपाध्यक्ष को बताया कि सड़कों के किनारे नालियों के साथ जल निकासी का भी प्रावधान करवाया जाए। वहां उपस्थित लोगों ने कहा कि जय देवी बाजार में थोड़ी सी बारिश होने पर तालाब बन जाता है। इस मौके पर ब्रह्मदास ने बताया कि जल्द ही इस इलाके की सड़कों की हालत सुधारी जाएगी।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों को सड़कों की हालत सुधारने के लिए जल्द से जल्द प्रयास करने को कहा है। उन्होंने कहा कि नाचन की सड़कों की रिपोर्ट जल्द ही मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। उन्होंने जनता से भी आग्रह किया है कि सड़को में अपने घर की जल निकासी को न छोड़े। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार नायक ने बताया कि जय देवी बाजार और उसके आस पास की सड़कों का जायजा लिया और एस्टीमेट बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# पीएम विश्वकर्मा योजना में 8850 आवेदन अनुमोदित

**मंडी।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में मंडी जिले में 8850 आवेदनों का अनुमोदन किया गया है। जिला स्तरीय कमेटी के अनुमोदन के उपरांत अब इन्हें स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक के बाद दी। बता दें कि योजना के तहत 18 पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। इनमें पत्थर तोड़ने और तराशने का काम, लोहार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, धोबी, दर्जी, नाई आदि व्यवसाय शामिल हैं। बैठक में सहायक निदेशक, एमएसएमई चंबाघाट अशोक कुमार,सहायक निदेशक, कौशल विकास उद्यमिता, शिमला मोहिंद्र लाल ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। वहीं डोमेन विशेषज्ञ कपूर चंद, ओपी जरयाल, संतोष जम्वाल तथा अग्रणी बैंक मंडी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पंचायत की उपेक्षा पर पार्टी हाइकमान से करेंगे विधायक की शिकायत

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

महादेव पंचाचत के प्रधान नीलकमल ने महादेव के पौराणिक और ऐतिहासिक तालाब के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वह स्थानीय स्वयंसेवक और संस्थाओं के साथ विचार-विमर्श करने के बाद तालाब में जल संरक्षण, सौंदर्यीकरण, मछली पालन व नौकायन जैसे रोजगार युक्त कार्यों के साथ तालाब को निखारने के लिए कार्य करेंगे। इस सिलसिले में विकास खंड कार्यालय के माध्यम से पंचायत को जो धनराशि प्राप्त हुई है उससे निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि तालाब के कार्य में स्थानीय बाशिंदे सहयोग दे रहे हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी श्याम चौहान ने बताया कि वह निर्माणाधीन सीमेंट कंकरीट की दीवार में हर रोज दिन के दो बार पानी दे रहे हैं। पंचायत प्रधान जो भी कार्य करने में सहयोग चाहेंगे स्थानीयवासी उन्हें सभी तरह का सहयोग प्रदान करेंगे। जल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे कृष्ण चंद्र



महादेविया ने बताया कि उन्होंने स्थानीय विधायक से भी इस तालाब के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया परंतु उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा विधायक निधि आवंटित नहीं होने की बात कही, जबकि तीन बार विजयी होने के बाद भी स्थानीय विधायक तालाब के लिए एक रुपया भी मंजूर नहीं कर पाए। विधायक द्वारा पंचायत की अनदेखी से स्थानीय पंचायत के लोगों में बहुत रोष है। स्थानीय वासी कृष्ण महादेविया ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि यदि स्थानीय विधायक इसी तरह पंचायत की उपेक्षा करते रहेंगे तो उनके खिलाफ पार्टी हाइकमान को वह पत्र लिखेंगे। एलआर चौहान, राजकुमार सेठी ने भी पंचायत प्रधान को सहयोग देने की बात कही है।

# पत्रकारों को भी हो पेंशन का प्रावधान

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से प्रदेश के पत्रकारों ने लंबे अरसे से चली आ रही मांगों को पूरा करने को ध्यान में रखते हुए आगामी बजट में प्रावधान करने की मांग की है। हिमाचल यूनियन आफ जर्नलिस्ट के प्रदेशाध्यक्ष बीरबल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर ठाकुर, महासचिव सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अदीप सोनी, संगठन सचिव कुलदीप सिंह चंदेल, बलविंद्र सोढ़ी समेत सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पत्रकार जो ताउम्र प्रदेश सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाते हैं, जिनका प्रदेश के विकास में अहम रोल रहता है को भी व्यवस्था परिवर्तन के तहत पूरा मान सम्मान दिया जाए। उन्होंने इस पत्र में उठाई गई प्रमुख मांगों पर कहा कि 60 साल से ऊपर की आयु के उन पत्रकारों के लिए पेंशन का प्रावधान किया जाए जो प्रदेश सरकार द्वारा 15 साल या इससे अधिक समय तक मान्यता प्राप्त रहे हैं।

# व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर कांग्रेस ने किए झूठे वादे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने खोला मोर्चा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश में विकास कार्यों को पूरी तरह विराम लग चुका है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर झूठे वादे करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार पर लोगों का भरोसा टूट चुका है।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के मंडी में नौ हेक्टेयर भूमि में बनने वाले ड्रीम प्रोजेक्ट शिव धाम पर 150 करोड़ खर्च किया जाना था जिस पर पहले चरण के लिए 40 करोड़ का बजट में प्रावधान जयराम सरकार द्वारा किया गया था। यहां पर 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित किए जाने थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। उन्होंने हैरानी जताई कि कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह शिवधाम को कंकरीट का जाला कह चुके है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही



मंडी विरोधी रही है। यदि कांग्रेस सरकार इस काम को रूकवाती नहीं तो शिवधाम उत्तर भारत का सबसे बड़ा पर्यटक स्थल बन कर उभरता तथा विश्व पटल पर मंडी की अलग पहचान होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर की पूजा-अर्चना के न्यौते पर भी राजनीति की। विश्व हिंदू परिषद के न्यौते को अस्वीकार करके कांग्रेस ने सनातन विरोधी होने का परिचय दिया कांग्रेस द्वारा प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिरों को भी नहीं बख्शा जा रहा।

# 16 फरवरी से खुलेंगे शिवरात्रि मेले के टेंडर

**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला मंडी के आयोजन को लेकर आमंत्रित किए गए टेंडर 16 फरवरी से खुलेंगे। एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को ग्रांउड, 20 फरवरी को तंबोला, 21 को रेहड़ी फड़ी, 22 को झूले का और 26 को सरकारी प्रदर्शनियों के टेंडर खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन नौ से 15 मार्च तक होगा। इसके आयोजन के लिए जरूरी प्रबंधों को पूरा किया जा रहा है। इस कड़ी में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जा चुकी है। जिसमें अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेले की पहली जलेब नौ मार्च को निकाली जाएगी। मध्य जलेब 12 को तथा तीसरी व अंतिम जलेब 15 मार्च को निकलेगी। वहीं नौ से 14 मार्च तक छह सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। टेंडर आमंत्रित किए गए थे, जिन्हें 16 फरवरी से खोला जाएगा।

### तारा रात्रि में हुआ बाबा भूतनाथ शृंगार का

**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी मंडी में तारा रात्रि से ही स्वंमभू शिवलिंग पर माखन चढ़ाना शुरू हो गया था। वीरवार रात में सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर को सजाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जहां घृत मंडल में शिवलिंग पर माखन का शृंगार किया गया वहीं मंदिर को भी पुष्पों से सजाया गया। शुक्रवार को मंदिर में भक्तों का भारी तांता लगा रहा। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया की तारा रात्रि से बाबा भूतनाथ का माखन रूपी शृंगार शुरू हो गया था और शुक्रवार को बाबा भूतनाथ ने ऋषि पराशर के रूप में दर्शन दिए। उन्होंने बताया कि एक माह तक बाबा भूतनाथ सभी भक्तों को अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे।

### शहर में गुटखा थूकने वालों के हों चालान

**मंडी।** इंदिरा मार्केट व्यापार मंडल ने शुक्रवार को मंडी में नवनियुक्त डीसी अपूर्व देवगन और एसपी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान इंदिरा मार्केट व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शहर की शान इंदिरा मार्केट को साफ सुथरा रखने, सीसीटीवी के माध्यम से शहर में गुटखा थूकने वालों के चालान काटने, प्रतिबंधित तंबाकू आदि बेचने के खिलाफ विशेष मुहिम छेड़ने का भी आग्रह किया। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने इस बारे आश्वासत करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों को प्रतिबंधित तंबाकू और गुटखा बेचने वालों के चालान काटने के निर्देश दिए गए हैं।

### पढ़ाई के साथ संस्कारों से भी जुड़े रहें विद्यार्थी

**मंडी।** जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थी जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस पड़ाव में अनुशासन, नशे से दूरी, बड़ों का सम्मान और पढ़ाई के साथ खेलकूद में भाग लेना जरूरी होता है, इससे जीवन को एक दिशा मिलती है। हमें अपनी संस्कृति और संस्कारों के साथ भी जुड़े रहना चाहिए। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष विधायक सराज जयराम ठाकुर ने अपने विस क्षेत्र के तहत कशीम्बलीधार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही। इस दौरान उन्होंने बच्चों को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूर्ण चंद, भाजपा नेता कुल्लू आदित्य विक्रम सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष लाल सिंह, भाजपा नेता गुलजारी लाल, जिला परिषद सदस्य रजनी ठाकुर, पंचायत प्रधान नोक सिंह उपस्थित रहे।

### गलू स्कूल में वार्षिक समारोह, मेधावी नवाजे

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पाठशाला प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को टोपी, शॉल व मोमेंटो भेंट कर सममानित किया। इस दौरान जीवन ठाकुर ने कहा की अगर विद्यार्थी अपने जीवन में ऊंची सोच, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा इन तीन चीजों का सही तरीके से अनुसरण करेंगे तो संभवत जीत निश्चित है। सफलता पाने के लिए अच्छे विचारों का आना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील भी की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को इनाम भी बांटे।

### कलाहोड़-डोढवां सिंचाई परियोजनाओं का भ्रमण

**सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में परियोजना निदेशक जाइका के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंपिंग मशीनरी का डिजाइन के विषय पर करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सात फरवरी को हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि इसमें कृषि विभाग के 20 कनिष्ठ अभियंता, प्रारूपकार व सर्वेक्षक ने भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रक्षिक्षण के दौरान लेफ्ट बैंक माध्यम से सिंचाई परियोजना कलाहोड़ व सौर सिंचाई योजना डोढवा का भ्रमण करवाया गया।

### टैक्सी चालक को 10 हजार का जुर्माना

**मंडी।** देवभूमि टैक्सी आपरेटर यूनियन ने बलां बलां ऐप के माध्यम से बुकिंग करके टैक्सी का धंधा करने वाले निजी कार चालकों पर पूरी तरह से नजर रखी हुई है। शनिवार को उनके पास खबर थी कि एक कार में बलां बलां के माध्यम से बुकिंग करके सवारियों को मंडी से चंडीगढ़ ले जा रहा है। इस पर टैक्सी यूनियन के प्रधान भूपेश ठाकुर, सचिव जीत सिंह, कोषाध्यक्ष जोगिंद्र पाल व मीडिया प्रभारी ने अन्य टैक्सी चालकों के साथ मंडी शहर के पड्डल बस स्टैंड के पास नाका लगा दिया। जैसी यह निजी कार वहां पहुंची तो यूनियन के पदाधिकारियों ने उसे घेर लिया और पूछताछ में पाया कि निजी कार में सवारियां बिठाई गई हैं। आरटीओ मंडी सोमिल गौतम दलबल के साथ बस स्टैंड के पास पहुंचे और उन्होंने यह पाए जाने पर कि निजी कार में बलां बलां ऐप के माध्यम से बुकिंग करके सवारियां ले जाई जा रही हैं टैक्सी चालक से 10 हजार का चालान करवाया। यूनियन पदाधिकारियों व सदस्यों ने आरटीओ का आभार जताया तथा उम्मीद जताई कि सरकार को भारी भरकम टैक्स देकर टैक्सियां चलाने वालों को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

**शिलान्यास** इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम के लिए बनेगी बिल्डिंग

# अभिलाषी में नए भवन की आधारशिला रखी

**अनंत ज्ञान, गोहर**

अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा ही अग्रणी बनकर उभरा है। अभिलाषी विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा प्रेम सिंह संयोजक संत निरंकारी मंडल ब्रांच कठयाल द्वारा इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम के लिए नए भवन की आधारशिला रखी गई। इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आर के अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचएस बनयाल, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला, सेक्रेटरी नरेंद्र कुमार, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा, विवि के रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डॉ. नीलम कुमारी सहित सभी विभागों के डीन, प्रिंसिपल व डायरेक्टर मौजूद रहे। गौर हो कि अब प्राइमरी टीचर से लेकर सेकेंडरी शिक्षक बनने के लिए नई शिक्षा नीति के तहत नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन की ओर से नया प्रोग्राम इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम लॉन्च किया जा रहा है।



इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम के लिए नए भवन की आधारशिला रखने के दौरान उपस्थित लोग सामूहिक चित्र में।

इस प्रोग्राम को चार भागों में विभाजित किया गया है। पहले चरण में फाउंडेशनल स्टेज स्पेशलाइजेशन के साथ आईटीईपी छात्र शिक्षकों को शिक्षण के लिए योग्य बनाएगा। यह शिक्षक तीन से आठ वर्ष की आयु के बच्चों के साथ ग्रेड एक व दो के छात्रों लिए भी शिक्षा प्रदान करेंगे। दूसरे चरण में प्रीपरेटरी स्टेज स्पेशलाइजेशन के साथ आईटीईपी छात्र शिक्षकों को ग्रेड तीन से 5 तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए योग्य बनाएगा। इसके बाद तीसरे चरण में मिडल स्टेज स्पेशलाइजेशन आईटीईपी छात्र शिक्षकों को ग्रेड छह, सात से आठ तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए योग्य बनाएगा। वहीं चौथे चरण में सेकेंडरी स्टेज स्पेशलाइजेशन आईटीईपी छात्र शिक्षकों को ग्रेड नौ, दस, 11 और 12 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए योग्य बनाएगा। इस प्रोग्राम को नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के तहत 2025 सेशन से लागू किया जा रहा है। यह पाठयक्रम चार वर्षीय होगा। जिसे छात्र 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद से ही कर सकेंगे।

अब आईटीईपी पाठ्यक्रम के आने से अभ्यर्थी चार साल में ही प्राइमरी टीचर से लेकर सेकेंडरी शिक्षक बनने की योग्यता हासिल कर लेंगे। नई शिक्षा नीति के तहत वर्ष 2030 तक आईटीईपी कोर्स अनिवार्य होगा। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस कोर्स को कुछ ही विश्वविद्यालयों में शुरू किया जाएगा, जिसके लिए अभिलाषी विश्वविद्यालय ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जीवन सुरक्षा के प्रति लोग किए जागरूक


कलाकार यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करते हुए।

**बंजार।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित गीत संगीत कला मंच बंजार के कलाकारों ने सैंज टैक्सी स्टैंड और बंजार के बस स्टैंड में किया लोगों को सड़क परिवहन जीवन सुरक्षा के प्रति नाटक और गीत संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कला मंच के कलाकारों ने बताया सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शराब पीकर गाड़ी न चलाए और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें, साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करें और गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें। कलाकारों ने गाड़ी चलाते समय सावधानी बरतने और यातायात से संबंधित सभी नियमों का पालन करने के बारे सभी को जागरूक किया। सरकार ने भी यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संदर्भ में भी कड़े कदम उठाए हैं। इस अवसर पर गीत संगीत कला मंच बंजार के रमेश सराजी, टेला सोनी, बीएस राणा, रीना, देवी भास्कर, नरेंद्र मेहता, अनिता भारती, देव माइकल आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### देवदार के स्लीपरों से भरी जीप पकड़ी, दो काबू

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल में वन विभाग की टीम ने एक जीप से देवदार के 17 स्लीपर बरामद किए हैं। इस दौरान जीप सवार दो लोगों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार आरओ कसोल जोग राज की अगुआई में वन विभाग की टीम ने कसोल के पंचायत घर के समीप देर रात नाका लगाया था। इस दौरान ग्राहण पुल पुराने रोड पंचायत घर होकर भुंतर की ओर आ रही जीप (एचपी 66ए-2750) को वन विभाग की टीम ने जांच के लिए रोका तो उसमें से देवदार के 17 स्लीपर बरामद हुए, जिनमें कोई हैमर नहीं लगा था और इन्हें अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। टीम में वाहन में सवार 2 लोग लकड़ी ले जाने से संबंधित कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जिसके चलते दोनों को पकड़ कर पुलिस के सपुर्द कर दिया है। दोनों तस्कर के खिलाफ वन विभाग ने पुलिस थाना कुल्लू में मामला दर्ज कर दिया है।


देवदार के स्लीपरों से भरी जीप सहित काबू व्यक्ति वन विभाग की टीम के साथ।

### लापता हुए श्रवण नेगी का नहीं मिला सुराग



**मनाली।** मनाली के श्रवण नेगी पिछले छह दिनों से लापता चल रहे हैं और तीन फरवरी से कोई भी संपर्क अभी तक नहीं हो पाया है। श्रवण नेगी मनाली के गांव खरगा- मावा से ताल्लुक रखते हैं। श्रवण नेगी की आखिरी लोकेशन ऑट बताई जा रही है और उसके बाद से उनके बारे में कोई भी जानकारी अभी तक मिल नहीं पाई है। जब से श्रवण नेगी लापता हुए हैं तब से उनकी ऑल्टो कार जिसका नंबर एचपी-02के-1627 भी गायब है और इस बारे में भी अभी तक कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। 36 वर्षीय श्रवण नेगी पर्यटन नगरी मनाली में कार एक्सेसरीज सहित टैक्सी के कारोबार से जुड़े हुए थे। दूसरी तरफ श्रवण नेगी के लापता होने की रिपोर्ट पांच फरवरी को मनाली पुलिस थाने में लिखवा दी है। श्रवण नेगी के बारे में अगर कोई भी जानकारी मिले तो इस बारे में मोबाइल नंबर 7876372660 पर तुरंत संपर्क कर जानकारी दें। डीएसपी केडी शर्मा ने कहा कि तीन फरवरी से लापता हुए श्रवण नेगी की मिसिंग रिपोर्ट लिखवाई गई थी और पुलिस विभाग की तरफ से उन्हें ढूंढने की पूरी कोशिश की जा रही है और साथ ही श्रवण नेगी के कॉल रिकॉर्ड की जांच भी हो रही है।

### केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान के उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र गड़सा का 62वां स्थापना दिवस मनाया

# भेड़ और अंगोरा खरगोश पाल कर आजीविका बढ़ाएं किसान : शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान के उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र गड़सा के 62वें स्थापना पर विशिष्ट अतिथि पहुंचे पूर्व बागवानी मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर को सम्मानित करते हुए तथा राजस्थान के किसानों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि विधायक सुरेंद्र शौरी।

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर जिला टोंक (राजस्थान) के उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र गड़सा जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) का 62वां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने शिरकत की।

संस्थान ने इस दिवस को किसान-वैज्ञानिक परस्पर संवाद एवं क्षेत्रीय किसान मेला के रूप में मनाया, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व बागवानी मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर रहे जबकि डॉ. शिव प्रकाश किमोथी सदस्य कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली ने भाग लिया। मुख्यातिथि सुरेंद्र शौरी ने किसानों को संस्थान से जुड़कर संस्थान के पशु भेड़ और अंगोरा खरगोश के उन्नत पशु पालकर अपनी आजीविका बढ़ाने का आग्रह सभी उपस्थित किसानों को किया। उन्होंने कहा कि किसानों पशुपालन ओर खेती आधारित मूल्य संवर्दित उत्पादों का निर्माण आजीविका में बढ़ोतरी के लिए करना चाहिए।

उन्होंने सभी हिमाचल ओर राजस्थान सम्मानित प्रगतिशील किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस दौरान गड़सा के लोगों के लिए खेल मैदान के लिए 15 लाख रुपए देते हुई खेल के क्षेत्र में नाम कमाने का आग्रह युवा को किया गया। निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान द्वारा गड़सा केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुई जल्दी ही हिमाचल प्रदेश के किसानों को वर्तमान के हिसाब से वैज्ञानिक तरीके से भेड़पालन करने का निवेदन किया। निदेशक ने अथितियों को भविष्य मे संस्थान द्वारा कार्य करने का भी आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर गड़सा ओर अविकानगर से प्रकाशन भेड़पालन कैलेंडर, प्रसार पत्र, भेड़ ओर खरगोश के छोटे रेवड़ के लिए छोटा शैड मॉडल आदि का विमोचन अथितियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुई किसानों को आगे आकर फायदा लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 550 से ज्यादा अनुसूचित जाति, जनजाति किसान हिमाचल प्रदेश एवं राजस्थान के विभिन्न जिले से भ्रमण पर आए आदि किसानों द्वारा भाग लेकर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन और प्रगतिशील किसानों के अनुभव, अथितियों और संस्थान के फार्म पशु को भ्रमण किया गया।

डॉ. विनय कुमार निदेशक राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान संस्थान ताबीज अजमेर, डॉ. आर पुरुषोत्तम प्रभारी एनटीआरएस, डॉ. अजय कुमार नोडल अधिकारी एससीएसपी, डॉ. राजेंद्र पाल उपनिदेशक पशुपालन कुल्लू विभाग, डॉ. देवेंद्र भंडारी वन ब्लॉक अधिकारी, डॉ. आरके सिंह, इंद्रभूषण कुमार मुख्य प्रशासिनिक अधिकारी अविकानगर ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अरुण कुमार तोमर निदेशक अविकानगर संस्थान द्वारा किया गया। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान द्वारा गड़सा केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुई जल्दी ही हिमाचल प्रदेश के किसानों की मांग पर अविशान भेड़ इकाई यहां स्थापित करने का वचन उपस्थित किसानों को दिया गया।

इस मौके पर मुख्यातिथि व अन्य ने कृषि ओर पशुपालन ओर उनसे विकसित उत्पादों की प्रदर्शनी का भ्रमण, छोटा ट्रैक्टर उद्घाटन, अविहिल भेड़ की नस्ल का किसान के लिए प्रसार और गड़सा केंद्र के पशुओं की लाइव प्रदर्शनी का भ्रमण निदेशक द्वारा करवाया गया।

# एक करोड़ से ऊपर पहुंच सकता है सुल्तानपुर उपडाकघर मामले का घपला

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**अभी तक 135 खातों से उड़ाए धन का आंकड़ा हुआ 80 लाख पार**

कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित उप डाकघर में हुए गबन मामले का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले जहां गबन की धनराशि 36 लाख थी वहीं, अब बढ़कर 80 लाख पहुंच गई है, जबकि 3000 के करीब खातों की जांच करनी अभी भी बाकी है। जिससे यह आंकड़ा एक करोड़ से ऊपर पहुंच सकता है।

जानकारी के अनुसार अब तक तीन हजार से अधिक खातों की जांच हो चुकी है, जिसमें अब तक 135 खातों में ही 80 लाख रुपए का गबन सामने आया है। विभाग के अनुसार 80 लाख रुपए में 30 लाख रुपए की रकम सिर्फ अलग-अलग खाताधारकों के हैं जो उन्होंने जमा किए, लेकिन विभाग के रजीस्टर में जमा ही नहीं हुए। इसके साथ ही 50 लाख रुपए अलग अलग खातों से निकाले गई हैं, जिसके लिए जाली विड्रा फार्म भरे गए हैं।

उधर, एएसपी मुख्य डाकघर कुल्लू मनोहर लाल ने बताया कि विभाग ने सुलतानपुर उप डाकघर में खाताधार को से आग्रह किया है कि वह एक महीने के भीतर अपने-अपने खातों की जांच करें निर्धारित समय के बाद अगर किसी के खाते में गड़बड़ी पाई गई तो उसके लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में शेष बचे खाता धारक अपनी अपनी पासबुक लेकर उपडाकघर में पहुंचे जहां खातों की जांच करने के लिए विभाग की टीम मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्या है मामला**

**गौर** रहे कि कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित डाकघर से लाखों रुपए के गबन का मामला सामने आया था। मामला सामने आने के बाद उक्त सब पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात महिला कर्मचारी को सुल्तानपुर की ब्रांच से हटाया लिया गया था। सीबीआई ने महिला उपडाकपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर अब नए सिरे से जांच शुरू कर दी है, जबकि डाक विभाग ने विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर किया है। वहीं, सीबीआई की ओर से आरोपी उपडाकपाल के घर में दबिश दी थी, जिसमें दो लाख रुपए की नकद राशि के अलावा कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद कर अपने कब्जे में ले लिए हैं और आगे की कार्रवाई अभी जारी है।

# भुंतर हवाई अड्डे का शीघ्र होगा विस्तार पर्यटन को लगेंगे पंख : राजीव किमटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि भुंतर हवाई अड्डे का शीघ्र विस्तारीकरण होगा। इसके लिए रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों से भुंतर हवाई अड्डे के विस्तार के लिए वन स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

**प्रदेश की सुक्खू सरकार के प्रयास से मिली वन स्वीकृति**



उन्होंने कहा कि इससे कुल्लू घाटी की सुरम्य वादियों के प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण इस हवाई पट्टी के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। हवाई अड्डे के विस्तार से कुल्लू-मनाली, लाहौल-स्पीति सहित पूरे प्रदेश के पर्यटन को पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जुलाई 2023 में यह मामला एफसीए क्लियरेंस को भेजा था, जिसकी अब मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्यन महानिदेशालय द्वारा तय नियामक मानकों तथा विस्तारित सुरक्षा उपायों के दृष्टिगत यह स्वीकृतियां आवश्यक थीं। उन्होंने कहा कि कुल्लू घाटी में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में भुंतर हवाई अड्डे की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहां तक हवाई सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में पर्यटक कुल्लू तथा लाहौल घाटी की सुंदर वादियों में आसानी से पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि अमृतसर से कुल्लू के लिए अब सीधी उड़ानें शुरू की गई हैं और ऐसे में देश-विदेश के यात्रियों को इस हवाई अड्डे के विस्तार से लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सुक्खू सरकार दृढ़-संकल्प है और 50 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ वर्तमान सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के लिए तीन हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटन किया है। राज्य सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके तहत आधारभूत ढांचे को मजबूत करते हुए प्रदेश में पर्यटकों के भ्रमण व ठहराव को यादगार बनाने के लिए उन्हें उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल पर्यटन की दृष्टि से बेहद सुगम व सुविधाजनक होगा।

# प्रोजेक्ट प्रभावित किसानों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी**


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते प्रोजेक्ट प्रभावित किसान।

किसान सभा खंड इकाई निरमंड के आह्वान पर रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट 412 मेगावाट व लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट स्टेज-1210 मेगावाट की प्रभावित पंचायतों के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर निरमंड उपमंडल अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन को हिमाचल किसान सभा के राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद, राकेश सिंघा, किसान सभा जिला महासचिव देवकी नंद, पूरण ठाकुर, जिला अध्यक्ष प्रेम चौहान ने संबोधित किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इन दोनों प्रोजेक्ट के निर्माण से प्रभावित पंचायतों के किसानों को मिलने वाले अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट 412 मेगावाट जो कि 2014 में बन कर तैयार हो गया था, लेकिन अभी तक प्रदूषण का मुआवजा 2010-11, 2011-12, 2012-13 व 2013-14 का नहीं मिला है। प्रोजेक्ट बनने के बाद परियोजना प्रभावितों को एक प्रतिशत रॉयल्टी पिछले तीन वर्षों से नहीं मिल रही है और न ही परियोजना में रोजगार मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट 210 मेगावाट की प्रभावित पंचायतों के किसानों को अभी तक प्रदूषण, दरारों का मुआवजा व प्रभावितों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। लाडा का पैसा खर्च नही किया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद किसान सभा व उपमंडलाधिकारी निरमंड के बीच इन मुद्दों पर विस्तारपूर्वक बात हुई। प्रशासन ने माना कि प्रदूषण व दरारों का मुआवजा 31 मार्च तक दिया जाएगा, बाकी मुद्दों का भी समाधान जल्द करने का आश्वासन दिया गया है।

किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद ने कहा कि यदि मांगों का समाधान जल्द नहीं किया तो 16 फरवरी को रामपुर व नीरथ मे विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में दयाल भातनु, कश्मीरी लाल, अवस्ती, सन्नी राणा आदि शामिल थे।

# नशे की गिरफ्त में आए युवाओं का उपचार संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पजोही में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों व स्कूली बच्चों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं।

मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बीमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है। नशे के गिरफ्त में आए युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में इसके लिए डॉक्टरों की देख-रेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनिता ठाकुर ने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार बाह्य रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। बाह्य रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी जाती हैं तथा मनोविज्ञानिक, काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गंभीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केंद्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केंद्र में इलाज किया जाता है तथा उपचाराधीन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सों की निगरानी में उनके बीपी, तापमान तथा अन्य लैब टेस्ट करवाए जाते हैं।

उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है। दिन के समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में उन्हें व्यस्त रखा जाता है। रोगियों को केंद्र में इलाज के दौरान साफ बिस्तर, नाश्ता, चाय, दोपहर का भोजन, रात का खाना मुफ्त दिया जाता है। कार्यक्रम में यज्ञ शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चे व अध्यापक उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 01902 265265 पर संपर्क करें।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2023 का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित, समाज हित, और राष्ट्रहित के लिए कार्य करता आ रहा है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश हर वर्ष सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करती है। पिछले कुछ वर्ष कोरोना महामारी के कारण यह प्रतियोगिता नहीं हो सकी।

उसके पश्चात अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कुल्लू में 2000 स्टूडेंट्स ने अपना पंजीकरण करवाया था और परीक्षा में 1000 के करीब स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

जिसमें जिला कुल्लू के ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल पतलीकूहल की लीना ओशीन प्रथम, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल पतलीकूहल के महिमा नेगी दूसरे व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोमनाचनी के तारा चंद तीसरे स्थान पर रहे।

# मान सिंह ने बीडीओ बंजार का पदभार संभाला

**बंजार।** उपमंडल बंजार के अंतर्गत आने वाले विकास खंड बंजार के नए खंड विकास अधिकारी मान सिंह ने अपना पदभार संभाला। खंड विकास अधिकारी मान सिंह ने पदभार संभालने के पश्चात पत्रकारों से कहा कि बंजार विकास खंड बहुत ही रमणीक स्थल है और यहां पर देवी-देवताओं का वास है। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता यही रहेगी कि सरकार के द्वारा जितनी भी योजनाएं यहां के लिए चलाई जाएंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाएगा।



# एक बार फिर झुका भुंतर वैली ब्रिज

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



भुंतर वैली ब्रिज से गुजरता छोटा वाहन।

भुंतर वैली ब्रिज दशकों से सबके लिए सिर दर्द बना हुआ है, हालांकि बाढ़ के समय इस ब्रिज को सरकार और मेकेनिकल विंग कुल्लू की सूझ-बूझ ने नदी में गिरने से बचा लिया। वैली ब्रिज की लंबाई बढ़ाकर इसे पुराने पुल पर रखा और वाहनों की आवाजाही के लिए शुरू कर दिया गया, लेकिन भारी वाहन गुजरने से यह दोबारा झुक गया है। किसी तरह की घटना न घटे इससे पहले विभाग ने बड़ी गाड़ियों पर पुल से गुजरने पर रोक लगा दी है अब छोटी गाड़ियां ही आर-पार होती है।

भुंतर पुल की समस्या के कारण स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उधर, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने भूतनाथ पुल और वैली ब्रिज भुंतर पुल को लेकर सीपीएस सुंदर ठाकुर को घेरते हुए कहा है कि जनता आज अपने आप को ठगा-सा महसूस कर रही है। गत वर्ष भुंतर वैली ब्रिज के स्थान पर डबललेन पुल का शिलान्यास भी किया है। इसे दुर्भाग्य ही समझे बाढ़ आने से सब कुछ उथल-पुथल हो गया। भुंतर का वैली ब्रिज फिर झुक गया है जिसके बाद दोबारा यहां जाम लग रहा है। लंबे जाम से सभी को दो चार होना पड़ रहा है। शिलान्यास के उपरांत देश-विदेश के सैलानियों, किसानों-बागवानों और आम लोगों के लिए आफत बने भुंतर वैली ब्रिज की जगह जल्द ही डबललेन पक्का पुल बनने की उम्मीद जगी है।

भुंतर पुल के हाल भी खराब है छोटी गाड़ी ही आर-पार हो रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग के सहायक अधिशाषी अभियंता दुष्यंत पाल ने बताया कि इस ब्रिज के स्थान पर डबललेन पुल को लेकर कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है, जैसे ही अप्रूवल मिलेगी तो पुल के टेंडर लगा दिए जाएंगे।

**मौज-मस्ती**

### कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी पटरी पर नहीं लौटा जनजीवन

# प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में लगा सैलानियों का तांता

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/केलांग**


पर्यटन स्थल सोलंगनाला में बर्फ के बीच अठखेलियां करते हुए सैलानी।

कुल्लू व लाहौल-स्पीति की चोटियां बर्फ की चांदी से चमक रही हैं। वहीं, दोनों जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी जन जीवन पटरी पर नहीं लौट पाया है। उधर, लाहौल-स्पीति जिला में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग अभी बंद पड़े हैं, जबकि सात रूट बहाल हो गए हैं। बर्फबारी के कारण अभी भी सड़कों पर ब्लैक आइस जमने के कारण वाहन चलाने में दिक्कतें हो रही हैं। उधर, कुल्लू जिला के भी अभी तक 11 बस रूट बंद पड़े हैं।

उधर, कुल्लू जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में सैलानियों का तांता लगा हुआ है। मनाली के प्रसिद्ध स्थल सोलंगनाला में चार फीट बर्फ की मोटी चादर देख सैलानी झूम उठे, हालांकि पर्यटन स्थल तक पहुंचने में पर्यटकों को स्लीपरी सड़क का भी सामना करना पड़ रहा है, लेकिन फोर बाय फोर वाहन पर्यटकों का सहारा बने हैं। शुक्रवार को पर्यटकों की आमद भी अधिक रही। इस कारण पलचान, नाग मंदिर व सोलंगनाला के पास पर्यटकों को ट्रैफिक जाम का भी सामना करना पड़ा। हालांकि लाहौल भी पर्यटकों के लिए बहाल है। सोलंगनाला में ही पर्यटकों को चार फीट मोटी बर्फ की परत देखने को मिल रही है। इस कारण पर्यटकों को आगे जाने की जरूरत ही महसूस नहीं हो रही है। शुक्रवार को सप्ताहंत के चलते पर्यटकों की आमद अधिक रही। कुछ पर्यटक सोलंगनाला मैदान में जा पहुंचे, जबकि अधिकतर पर्यटकों ने नेहरूकुंड में ही बर्फ के बीच मस्ती कर अपने टूर को यादगार बनाया। हालांकि बीआरओ ने सड़क से बर्फ हटा दी है, लेकिन सड़क में बर्फ व पानी जम रहा है जिस कारण सभी को दिक्कत हो रही है।

मनाली से ऊपर उझी घाटी की स्लीपरी सड़कों में फोर बाई फोर वाहन ही चल रहे हैं। सड़क की हालत के चलते भारी ट्रैफिक जाम भी लग रहा है। होटल संचालक रवि व्यास व किशन ने बताया कि सप्ताहान्त के चलते होटलों में आक्यूपेंसी बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि पर्यटन कारोबार गति पकड़ने लगा है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण चंद ठाकुर व महामंत्री कोशोरी ने पर्यटकों से आग्रह किया कि वे यूनियन की फोर बाय फोर गाड़ियों में ही सफर करें और निजी वाहनों की लूट से बचें। उन्होंने बताया कि टैक्सी यूनियन पर्यटकों को बेहतर सेवाएं देने का प्रयास कर रही है।


जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की तिनन घाटी में बिछी बर्फ की सफेद चांदी।

**माइनस तापमान से जमने लगी चीजें**

**उधर,** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में माइनस तापमान के कारण तेल सहित अन्य चीजें जमने लगी हैं। सिस्सू में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जिला मुख्यालय केलांग में -23 और उदयपुर -20 डिग्री दर्ज किया गया। लोगों के घरों में तेल, दूध और पानी बर्तनों में जम गया। तेल और घी को तंदूर के पास रखकर पिघलाना पड़ रहा है। इधर, पानी और दूध जम जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। घरों के साथ होटल और ढाबों में जग, केतलियों और अन्य बर्तनों में रखा पानी भी जम जा रहा है। रात की प्रचंड ठंड के चलते सुबह के समय वाहन स्टार्ट नहीं हो रहे हैं। गुरुवार को घाटी में मौसम अनुकूल रहने से दिनभर धूप खिली रही, हालांकि, लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली।

# बिजली बोर्ड कुप्रबंधन का शिकार कर्मचारियों को वेतन के लाले

## हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने प्रदेश सरकार पर बैठक में निकाला गुबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार पर शुक्रवार को बैठक आयोजित कर जमकर गुबार निकाला। बैठक में कहा गया कि गलत नीतियों की वजह से इस बोर्ड का हुलिया खराब कर दिया गया है। राज्य सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के प्रति अपना दायित्व निभाने में पूरी तरह विफल हो गई है। बिजली बोर्ड कुप्रबंधन का शिकार हो चुका है, जिस कारण कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के भी लाले पड़ गए हैं। मेडिकल बिलों का भुगतान भी समय पर नहीं हो पा रहा है।

एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया, जिला प्रधान केके कपिल तथा महासचिव लाल चंद परमार ने कहा कि महंगाई भत्ते की 3 किस्तें पहले से ही देय हैं और अब जनवरी, 2024 से चौथी किस्त भी देय हो चुकी है। प्रदेश सरकार निष्ठुर तथा असंवेदनशील बनकर व्यवस्था परिवर्तन का परिचय दे रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मुफ्त बिजली के एवज में बिजली बोर्ड को देय धनराशि का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित करें अन्यथा मुफ्त की रेबड़ी अपने पार्टी फंड से अदा करे किसी को कोई एतराज नहीं होगा।

बैठक में प्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनर्स को जनवरी 2016 से देश संशोधित वेतनमानों का बाकाया तथा डीए नहीं दिए जाने पर भारी रोष एवं आक्रोश जताया गया। उन्होंने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों तथा पेंशनर्स को देय संशोधित वेतनमानों का बाकाया हाई कोर्ट के आदेशों के अनुसार ब्याज सहित अदा करने के आदेश तुरंत जारी करने की मांग की है।

उन्होंने हैरानी जताई कि हिमाचल हाई कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करके विभिन्न विभागों को प्राप्त आदेशों को चुनौती देने का प्रदेश सरकार द्वारा बौखलाहट भरे निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं पेंशनर्स रुल्स के विपरीत इसे 50 से 30 प्रतिशत करने के मनसूबे सरकार बना रही है, जो न तो तर्कसंगत है और न ही व्यवहारिक।

उन्होंने मुख्यमंत्री से समय रहते कर्मचारियों व पेंशनर्स को देय जायज वित्तीय देनदारी का संज्ञान ले अन्यथा इसका भारी खामियाजा भुगताने को तैयार रहें। बैठक में जिला कार्यकारिणी हमीरपुर, नादौन व बड़सर इकाइयां के पदाधिकारियों सहित जिला भर के पेंशनर्स ने हिस्सा लिया।



बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### खरवाड़ स्कूल में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी लगाई


खरवाड़ स्कूल में स्टूडेंट्स द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखते शिक्षक।

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरवाड़ में विज्ञान मॉडल व वेस्ट से बेस्ट वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आज की प्रदर्शनी में पाठशाला के बच्चों द्वारा ई-कचरा प्रबंधन आपदा से बचाव ऊर्जा व जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए गए। बच्चों ने भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया गया। आज की इस विज्ञान प्रदर्शनी में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे व प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### चलाया जाएगा मतदाता जागरूकता अभियान

**हमीरपुर।** जिला में शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागों के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश निर्वाचन विभाग ने उपरोक्त विभागों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह बात डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।उन्होंने कहा कि जिला के शिक्षण संस्थानों में हर महीने के तीसरे शनिवार को ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा हर महीने के पहले शनिवार को चुनाव पाठशाला भी आयोजित की जाएगी। संस्थानों में चुनावी साक्षरता क्लबों यानी इलेक्टोरल लिटरेसी क्लबों (ईएलसी) का गठन किया गया है। जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को ईएलसी की गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### घड़ोह स्कूल में मनाया दलहन दिवस

**धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह में विश्व दलहन दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा पांचवीं के छात्रों ने दालों से तिरंगा बनाया तथा कक्षा तीसरी तथा चौथी के छात्रों से दालों को पहचानने की गतिविधि करवाई गई। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन शर्मा ने अपने शब्दों में कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के लिए दालें कितनी आवश्यक हैं, इस बात को लोगों तक पहुंचाने और दालों को खाने में शामिल करने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय दलहन दिवस को मनाया जाता है। आज के दौर के लाइफ स्टाइल में लोग फास्ट फूड और फ्रोजन फूड को ज्यादा महत्त्व देने लगे हैं। जिसके चलते हमारी डाइट में दालों का इस्तेमाल कम होता जा रहा है। लोगों के स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के लिए दालें कितनी आवश्यक हैं। इस बात को लोगों तक पहुंचाने और दालों को खाने में शामिल करने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही अंतरराष्ट्रीय दलहन दिवस को मनाया जाता है।

### कुठेड़ा व टिब्बी में सांड के डर से लोगों में खौफ

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला मुख्यालय के साथ लगती ग्राम पंचायत कुठेड़ा व ग्राम पंचायत टिब्बी के बाशिंदे आजकल एक सांड के आंतक से परेशान हैं। सड़कों पर घूम रहा सांड अब तक एक दर्जन से अधिक लोगो को घायल कर चुका है, जबकि एक व्यक्ति की सांड के हमले से मौत हो चुकी है। इस सांड को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। ऐसे में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों ने इस बारे में जिला प्रशासन को अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक सांड को पकड़ा नहीं गया है। इसे पकड़कर गौशाला में भेजने की ग्रामीण मांग कर रहे हैं, लेकिन इसके पकड़ने की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है।


सड़कों पर घूमता अवारा सांड।

### ब्वॉयज सीनियर क्रिकेट टीम में 23 खिलाड़ी चयनित

**नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित अंतर जिला ब्वॉयज सीनियर क्रिकेट ट्रायल में करीब 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 23 का चयन हुआ। जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि आयोजित क्रिकेट ट्रायल में 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से 23 खिलाड़ियों को रखा गया है। हमीरपुर की टीम में अभिमन्यु राणा, एकांत सेन, शुभम अरोड़ा, आतिश पठानिया, अभिषेक शर्मा, शुभम शमा, विनय गलेटिया, शौर्य गर्ग, मृदुल सरौच, प्रिंस गौतम, रोहित कुमार, रजत शर्मा, अतुल जसवाल, प्रिंस ठाकुर, अंकित शर्मा, इशांत शर्मा, अंशुल रजोरिया, शगन धीमान, अभय कुमार, रिशित ठाकुर, दिव्यांश गुमरा, साहिल कपलेश, अनुभव ठाकुर का चयन हुआ है। इस मौका पर जिला क्रिकेट संघ के प्रधान प्रेम ठाकुर, महासचिव अनिल भाटिया, संजय ठाकुर, गौरव सोनी, अनुज गुप्ता, टींका व रिपन मौजूद रहे।

### महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता करवाई

**भरेड़ी।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा आयोजित महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता का आयोजन आज भोरंज विधानसभा के सेक्टर पट्टा में टाउन भराड़ी मंदिर में किया गया। इस कार्यक्रम में पट्टा सेक्टर के 43 महिला मंडलों की लगभग 770 महिलाओं ने भाग लिया महिलाओं में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह पाया गया। सभी महिला मंडलों ने एक से एक बढ़कर सुंदर प्रस्तुतियां पेश कीं। इस महिला मंडलों की महिलाओं द्वारा स्वयं बनाए हुए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। महिलाओं ने घर से बनाए हुए पकवान भी कार्यक्रम में प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी में पट्टा महिला मंडल प्रथम, दूसरे स्थान पर महिला मंडल लदरौर रहा। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजना ठाकुर ने सभी महिला मंडलों और आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में मुख्यातिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बंदना योगी, भोरंज के पूर्व विधायक डॉक्टर अनिल कुमार रहे। कमलेश कुमारी, जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### महिला फुटबॉल यूथ लीग के विजेता को मिलेगा इनाम

**हमीरपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण और अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के तत्वावधान चल रही खेलो इंडिया अंडर-13 महिला फुटबॉल यूथ लीग में जिला के छह स्कूलों के महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 15 फरवरी तक चलन वाली इस लीग में हर एक टीम को 10 मैच खेलने होंगे। विजेता को 50,000 और उपविजेता टीम को 30,000 रुपए की इनाम राशि दी जाएगी। हमीरपुर जिला फुटबॉल संघ के प्रधान प्रदीप सिंह ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के उपप्रधान नरेश ठाकुर, जिला फुटबॉल संघ के महासचिव संजेश जंवाल, कोषाध्यक्ष संदीप लाली व अन्य मौजूद थे।


मुख्यातिथि का स्वागत करती अंजना ठाकुर व अन्य।

### ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की एंट्री एक मार्च तक

**हमीरपुर।** आम मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश निर्वाचन विभाग सीनियर सेकेंडरी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, बहुतकनीकी व इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पंजीकृत युवा मतदाताओं के लिए ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग, गीत और वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर आरंभ की गई इन ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि एक मार्च निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षा विभाग और जिला के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों के प्रिंसिपल को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने संस्थानों के पंजीकृत युवा मतदाताओं को इन ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें तथा इनमें अधिक से अधिक स्टूडेंट्स की भागीदारी सुनिश्चित करें।

### डुग्घा स्कूल में विदाई पार्टी का आयोजन

**भरेड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय डुग्घा में विदाई पार्टी के अवसर पर नवमी कक्षा के छात्रों ने दसवीं कक्षा को टाइटल्स देकर नवाजा। इस अवसर पर कशिश को मिस फेयरवेल, पार्थिव को मिस्टर फेयरवेल, नैंसी पटियाल को मिस फ्रैशर, धर्मेश को मिस्टर फ्रैशर चुना गया। मुख्याध्यापक प्रदीप ठाकुर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं।

## एसडीएम पब्लिक स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स नवाजे


एसडीएम स्कूल बड़ा के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा में आज वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल विजय चौधरी, हरबंश सिंह, सूरम सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल राजिंद्र सिंह ने की। उन्होंने मुख्यातिथि के समक्ष स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और बताया कि एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा के स्टूडेंट्स ने पढ़ाई व अन्य सामजिक गतिविधियों में हर वर्ष हमेशा अग्रणीय भूमिका निभाई हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स को भी सम्मानित किया।

## खेतों में मिला मृत बारहसिंगा

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की पंचायत बड़ा के गांव अंदारा के पास एक जंगली बारहसिंगा खेतों में मृतक पड़ा हुआ मिलने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस जंगली बारहसिंगे की कैसे मौत हुई हैं इस बारे में क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चर्चाओं का महौल बना हुआ है। कोई इसे किसानों द्वारा अपनी फसलों को बचाने के लिए लगाई गई कांटेदार तार में फंसने से इसकी मौत का कारण बता रहा है तो कोई बंदूक से गोली लगने की बजह बता रहा है। पंचायत वासियों ने इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों को खेतों में मृतक पड़े बारह सिंगा के बारे में वीरवार को ही सूचित कर दिया था, लेकिन वन विभाग ने इसे शुक्रवार को अपने कब्जे में लिया।

इस बारे में वन विभाग नादौन के रेंज अधिकारी राजीव सूद का कहना है कि उन्हें इसकी सूचना वीरवार को ही मिल गई थी लेकिन नादौन में वन मित्रों कि भर्ती के चलते वे बारह सिंगे को उस दिन अपने कब्जे में नहीं ले सके, लेकिन उनके विभाग के फारेस्ट गार्ड द्वारा शुक्रवार सुबह ही उसे अपने कब्जे में ले लिया है। बारह सिंगे को पशु पालन विभाग के पास पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। रिपोर्ट आते ही इस घटना की पूरी छान बीन की जाएगी।

पशु पालन विभाग रैल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज लखनपाल ने बताया कि मृतक जंगली जानवर का पोस्टमार्टम कर दिया गया है रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता लग जाएगा।



## हमीरपुर-जाहू भोरंज सड़क नौ से 16 तक बंद

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत हमीरपुर से जाहू वाया भोरंज सड़क तरक्वाड़ी के पास डंगा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके चलते नौ से 16 फरवरी तक सड़क को बंद कर दिया है और सड़क को बहाल करने के लिए डंगे के तत्काल पुनर्निर्माण की आवश्यकता है, इसलिए लोक निर्माण विभाग भोरंज की मांग पर उपरोक्त सड़क को बंद कर दिया गया है। भोरंज एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि उक्त मरम्मत के मद्देनजर तरक्वाड़ी बाजार के पास सड़क को बंद कर यातायात को अंब गलू से तरक्वाड़ी व बस्सी सड़क से डायवर्ट किया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से सहयोग की मांग की है।

## भोरंज में दुकानों में बिना फूड लाइसेंस से हो रहा कारोबार

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज उपमंडल की सब्जी की दुकानों व अन्य दुकानों पर बिना फूड लाइसेंस व बिना रेट लिस्ट से दुकानदारी की जा रही हे। एक तरफ महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। वहीं दूसरी ओर दुकानों से रेट लिस्ट गायब होने पर दुकानदार मनमर्जी के रेट लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दुकानों में रेट लिस्ट न होने के साथ फूड लाइसेंस भी अधिकतर दुकानों में नहीं हैं।

दुकानों पर रेट लिस्ट न होने के कारण ग्राहकों से सब्जियों और फलों के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। दुकानों पर रेट लिस्ट व फूड लाइसेंस न लगाकर दुकानदार सरेआम विभागीय नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। भोरंज उपमंडल के मुख्य कस्बों जाहू सुलगवान पट्टा लदरौर उखली बस्सी तरकवाड़ी मनोह व अन्य स्थलों पर सब्जी व फल विक्रता दुकानों पर बिना लिस्ट के सब्जी व फलों के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग की लापरवाही की बजह से दुकानदार ऐसा कर रहे हैं, हालांकि विभाग समय-समय पर लाइसेंस व मूल्य सूची लगाने के आदेश जारी करता है, परंतु आदेश जारी करने के बाद दुकानों को चैक करना भूल जाता है।

दुकानदार को विभाग का कोई डर न होने की बजह से नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। जिसका खमियाजा आम जनता भुगतना पड़ता है। लोगों ने कहा कि विभाग को इस पर जल्द-जल्द से कार्रवाई करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## टौणी देवी में पुलिस स्टेशन खुलवाने के प्रयास तेज : राणा

**टौणीदेवी।** टौणीदेवी को डिग्री कॉलेज की सौगात दिलाने के बाद सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने पुलिस चौकी को अपग्रेड कर पुलिस स्टेशन बनाने, सब-ट्रेजरी खुलवाने और एसडीएम कार्यालय लाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। राजेंद्र राणा का कहना है कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गाव एवं पंचायतों के लोगों को कठिन एवं विपरित भौगोलिक परिस्थितियों में जीवन-यापन करना पड़ रहा है तथा कठिन एवं दुर्गम इलाकों में सड़कों की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसके अतिरिक्त सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के उचित रखरखाव के लिए दस करोड़ के करीब बजट स्वीकृत किया गया है।

## महिलाओं को सरकार की योजनाओं का उठाना चाहिए लाभ : अनिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाओं के कृयाण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। इनके अलावा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए भी कई महत्वपूर्ण अधिनियम बनाए गए हैं।

महिलाओं को सरकार की कृयाणकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। यह बात महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारा पंचायत में सशक्त महिला योजना पर ज़िला स्तरीय जागरूकता शिविर में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने ही। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। शिविर के दौरान उद्यान विभाग की अधिकारी उषा सौंखले ने बागवानी से संबंधित योजनाओं से अवगत करवाया।

स्वास्थ्य शिक्षक नरेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी राकेश कुमार ने ऑनलाइन ठगी और महिला हेल्पलाइन के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने भी महिलाओं से संबंधित कई योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

## आशीष बुटेल ने किया डाइट संस्थानों की खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को अणु के सिंथेटिक ट्रैक के ग्राउंड में आरंभ हो गई। मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा एवं शहरी विकास) आशीष बुटेल ने इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 11 डाइट संस्थानों के लगभग 330 प्रशिक्षु कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन और एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

बुटेल ने कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियां भी स्टूडेंट्स जीवन का महत्वपूर्ण अंग होती हैं इसमें स्टूडेंट्स बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे पहले जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौना-करौर, हमीरपुर के प्रधानाचार्य धर्मपाल चौधरी ने मुख्यातिथि, अन्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।


आशीष बुटेल को सम्मानित करते हुए।

**सम्मान** झंझयाणी में सुनीं जनसमस्याएं, पथलियार स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स को किया पुरस्कृत

## विकासात्मक कार्यों पर नहीं होनी चाहिए राजनीति : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत झंझयाणी का दौरा किया और लोगों की समस्याएं सुनीं।

इसके बाद उन्होंने राजकीय उच्च पाठशाला पथलियार के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में भी मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि वह हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने में विश्वास रखते हैं और विकास कार्यों में कभी भी राजनीति नहीं करते हैं। लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता के प्रतिनिधि के नाते ही वह कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने बिझड़ी में लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के उपमंडल कार्यालय खोलने की घोषणा की है। इससे क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मौके पर विधायक ने हाई स्कूल पथलियार को अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपए और प्राइमरी स्कूल को भी पांच हजार रुपये देने की घोषणा भी की। इससे पहले मुख्याध्यापिका रेखा कुमारी ने विधायक का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ-साथ स्कूल की कुछ मांगें भी रखीं। समारोह में स्थानीय पंचायत प्रधान प्रदीप कुमार, बीडीसी सदस्य सीमा भारद्वाज, रोशन लाल, दीपराज, बलवीर सिंह, आशा देवी आदि उपस्थित थे।



मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।

### गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन 23 को

**भरेड़ी।** गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर 23 फरवरी को नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जाहू खुर्द में सेवानिवृत्त अध्यापक वीर सिंह के घर होने वाले इस नगर कीर्तन के बाद शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जो बाद दोपहर तीन बजे शुरू होकर सुगलवान, मुंडखर, मनोह होते हुए दलित बस्ती कड़ोहड़ता तक जाएगी। इस आयोजन में तीन दिन लंगर व्यवस्था होगी तथा रागी जत्थों द्वारा संकीर्तन भी किया जाएगा।

### सुजानपुर में भंडारा आज

**सुजानपुर।** सुजानपुर में बाबा स्वरूप गिरी जी का मंदिर श्रद्धा व आस्था का केंद्र बना हुआ है। महाराजा संसार चंद कटोच ने बाबा स्वरूप गिर को अपना गुरु माना था। बाबा के वंशजों के पास आज भी वह तलवार मौजूद है जो उन्होंने महाराजा संसार चंद को दुश्मनों के खिलाफ युद्ध करने को दी थी। बाबा स्वरूप गिर का फोटो हर घर दुकान में देखने को मिलता है। लोगों में बाबा के प्रति इतनी आस्था है कि अपनी मन्नत पूरी होने पर अपनी श्रद्धा प्रकट करने यहां पहुंचते हैं। इस बार विशाल भंडारा शनिवार को किया जा रहा है।

### बिझड़ी में खेलकूद मेला 10 से

**बिझड़ी।** ताल स्टेडियम बिझड़ी में लगने वाले ट्रेड फेयर का शनिवार 10 जनवरी को विधिवत शुभारंभ होगा। पंचायत प्रधान संजय शर्मा ने बताया की ताल स्टेडियम में लगने वाले इस मेले का शुभारंभ शनिवार सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सदस्य स्थानीय व्यापारी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कबड्डी, वॉलीबाल व अंडर-19 कुश्ती प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रधान ने बताया की मेले के दौरान ताल स्टेडियम में नशीले पदार्थों के सेवन व बेचने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

### शरारती तत्वों ने सुलगवान स्कूल की फ्लेक्स फाड़ी

**जाहू।** नवविभोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान के फ्लेक्स को शरारती तत्वों द्वारा फाड़ देने से स्कूल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। प्रधानाचार्य ललित मोहन शर्मा ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा स्कूल के नाम की फ्लेक्स को फाड़ दिया है। इससे पहले दो बार फ्लेक्स को फाड़ने के बाद नई फ्लेक्स लगाई गई उसे भी शरारती तत्वों द्वारा वीरवार रात को फाड़ दिया। फ्लेक्स को तोड़ते समय कुछ शरारती तत्वों के चेहरा कैमरे में कैद हो गए हैं। प्रधानाचार्य ललित मोहन ने बताया कि फ्लेक्स के तोड़ने की शिकायत पुलिस में कर दी गई है।

### प्रशिक्षु छात्राध्यापिकाओं की टीचर ट्रेनिंग हुई समाप्त

**नादौन।** विजय वल्लभ कॉलेज आफ एजुकेशन बेला नादौन की 10 प्रशिक्षु छात्राध्यापिकाओं साक्षी डोगरा, शिवानी, तनु, आकृति, किरण कुमारी, स्मृति शर्मा, सुजाता ठाकुर, आकांक्षा, शालिनी, अंकिता तथा तृशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की तीन प्रशिक्षु छात्राध्यापिकाओं श्रेया शर्मा, अनुष्का और सिया ने राजकीय उत्कृष्ट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में चार महीने तक प्रशिक्षु अध्यापिकाओं के रूप में कार्य किया। यह जानकारी देते हुए संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि इन सभी प्रशिक्षु छात्राध्यापिकाओं ने स्कूल की सभी कक्षाओं में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी आदि विषयों को पढ़ाया तथा स्कूल में होने वाली अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों में भी उत्कृष्ट कार्य किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य परमजीत सिंह, प्रशिक्षु अध्यापिका प्रभारी संजीव कुमार, टीजीटी संस्कृत नरेश मलोटिया सहित अन्य सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### श्रीराम मंदिर का निर्माण करवा कर पीएम ने दी बड़ी सौगात

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीराम मंदिर का निर्माण करवा कर देश को बहुत बड़ी सौगात दी है। गत पांच फरवरी को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने ऊना के अंब से आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था, जिसमें हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से रामभक्तों के पहले जत्थे का प्रतिनिधित्व करते हुए ऊना से अयोध्या को रवाना हुए थे। यह बात हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में पहुंच कर एक बहुत ही आनंदमय व सुखद भक्तिमय माहौल देख कर अति-प्रसन्नता हुई। सभी राम भक्तों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया जो सपना 500 सालों बाद श्री राम भगवान के भव्य मंदिर में जा कर प्रभु श्री राम के दर्शन कर के साकार हुआ।

### सालाना समारोह में मेधावी सम्मानित

**हमीरपुर।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लदौर में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल राजकुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल उत्तम वर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने स्कूल की खेल, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे मेधावी स्टूडेंटस को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के मेधावी बच्चों को बधाई दी और कहा कि स्कूल एक ऐसा मंच है, जहां हर बच्चे को आगे आकर हर गतिविधि में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने अपनी ओर से स्कूल को 31 हजार रुपए भी दिए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान बाबू खान, स्कूल स्टाफ संजय कटोच आदि उपस्थित रहे।

### सुजानपुर में मासिक बैठक आज

**सुजानपुर।** हिमाचल पेंशनर्स संघ खंड इकाई सुजानपुर की मासिक बैठक आज सुजानपुर में होगी। खंड इकाई सचिव जय जैसी राम विमल ने बताया कि खंड प्रधान पृथ्वीराज शर्मा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पेंशनरों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा और यह समस्याएं प्रदेश सरकार के समक्ष रखी जाएंगी।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

I, ANITHA RAJ SINGH (new name) resident of 22 Saddleland Cres NE Calgary, Alberta T3J 5K9 Canada declares that I have changed my name from ANITHA RAVIKANTHA KIDIYOOR to ANITHA RAJ SINGH for all purposes in future. All concerned please note.

# 159 युवतियां भर्ती स्थल पर पहुंची, 108 ने पास किया वन मित्र भर्ती का ग्राउंड टेस्ट

## वन मंडल घुमारवीं की 10 बीट के 10 पदों की भर्ती के लिए चेहड़ में ग्राउंड टेस्ट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

वन मंडल घुमारवीं की 10 बीट के 10 पदों के लिए वन मित्रों की भर्ती के लिए शुक्रवार को चेहड़ में शारीरिक दक्षता और ग्राउंड टेस्ट का आयोजन किया गया।

वन मित्र की नियुक्ति के लिए आयोजित शारीरिक दक्षता में युवतियों में खूब उत्साह देखने को मिला। इन 10 पदों के लिए 183 युवतियों ने आवेदन किया था, जिनमें से कुल 159 युवतियां भर्ती स्थल पर पहुंची। वन मंडल घुमारवीं में वन मित्र बनने के लिए युवतियों ने 1500 मीटर दौड़ लगाई। युवतियों को 10 मिनट का समय दौड़ पूरी करने के लिए दिया गया था, जिसके लिए रोजगार की आस में बैठी युवतियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इस दौरान कुछ युवतियों की तबीयत बिगड़ गई, उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मौके पर तैनात चिकित्सकों की टीम को उन्हें प्राथमिक उपचार देना पड़ा।


वन मंडल घुमारवीं की 10 बीट के 10 पदों के लिए युवा दौड़ लगाते हुए।

दस मिनट में डेढ़ किलोमीटर की दौड़ को पूरा करने के लिए 137 युवतियां मैदान पर उतरी थी, इनमें 108 युवतियों ने दौड़ को पूरा किया। यह सारी भर्ती प्रक्रिया वन विभाग बिलासपुर के सहायक वन संरक्षक प्रदीप चौहान की देखरेख में पूरी की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही भर्ती प्रक्रिया में सफल हुए अभ्यर्थियों की मेरिट बनाकर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

### भराड़ी में 83 युवतियों ने पास किया ग्राउंड टेस्ट



**भराड़ी।** भराड़ी में चल रही वन मित्र भर्ती प्रकिया के दूसरे दिन 125 युवतियों ने भाग लिया।

भराड़ी रेंज में 140 युवतियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 125 युवतियों ने भाग लिया। प्रथम चरण में 83 युवतियां पास हुई, जबकि 50 बाहर हो गई। घुमारवीं व भराड़ी रेंज में युवक व युवतियों को मिलाकर 571 प्रतिभागी पहले चरण में पास हुई हैं, जबकि 292 बाहर हो गई हैं। इसके बाद आगामी प्रकिया विभाग द्वारा की जाएगी।

### भाजपा के विभिन्न मोर्चों-प्रकोष्ठों की बैठक का हुआ आयोजन

# विश्व में भारत का बज रहा डंका

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सदर मंडल भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी तेज कर दी है। इसके तहत भाजपा के विभिन्न मोर्चों-प्रकोष्ठों की बैठकों का आयोजन कर चुनाव के मद्देनजर रणनीति तय की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सुबह के सत्र में भाजपा सदर मंडल एससी मोर्चा तथा दोपहर बाद के सत्र में किसान मोर्चा की बैठक आयोजित की गई।

इन बैठकों में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और मंडल भाजपा अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। निर्णय लिया गया कि दोनों मोर्चे बूथ स्तर पर 10-10 नए सदस्य अपने-अपने संगठन से जोड़ेंगे। बैठकों को संबोधित करते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत ने कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। इस अवधि में सभी वर्गों के हित में


भाजपा के विभिन्न मोर्चों-प्रकोष्ठों की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

उज्ज्वला, जनधन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास तथा विश्वकर्मा जैसी कई अन्य कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

करोड़ों लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवधि में देश भी चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने अपने वादों से बढ़कर काम किया है। प्रधानमंत्री की हर बात खुद में गारंटी होती है और देश की जनता भी इस बात को बखूबी समझ व जान चुकी है।भाजपा ने इस बार 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपना-अपना मोर्चा संभाल ले। लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनहितैषी योजनाओं से अवगत करवाने के साथ ही वे प्रदेश की कांग्रेस सरकार की झूठी चुनावी गारंटियों और जनविरोधी फैसलों का पर्दाफाश भी करें। बैठकों में जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य बीआर टेगोर, सदर मंडल अध्यक्ष रोशन लाल तथा महामंत्री अर्जुन सिंह व रविंद्र, किसान मोर्चा के सदर मंडल अध्यक्ष दिलाराम और महामंत्री विजय पाल समेत दोनों मोर्चों के अन्य पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

# नाटी डालकर मोहा दर्शकों का मन

## मोरसिंघी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



मोरसिंघी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसिंघी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। वार्षिक उत्सव का आयोजन बेहद सफल और उद्देशपूर्ण रहा।

समारोह में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस कमेटी के सचिव बंबर ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिकरत की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, जोगिंद्र सिंह राव जिला शिक्षा उपनिदेशक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने बच्चों का दाखिला सरकारी पाठशालाओं में करवाएं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पहाड़ी गिद्दा, एकल नृत्य, पंजाबी बोलियां, कॉमेडी डांस व नन्हे-नन्हे बच्चों ने नाटी डालकर सभी का मन मोह लिया। पाठशाला की प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्यातिथि ने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, शिव राम, राजेश कुमार, राकेश चौहान, नीलम, प्रशांत, विजय कुमार, स्नेह लता, जगदीश कुमार, स्वेता, श्यामा, सरिता, कमलेश, सुनील अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### बैहल से राज कुमार और डोलां से गुरमीत बालू बने महामंत्री

**नयनादेवी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल श्री नयनादेवी जी लोअर अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष खुशी राम ने श्री नयनादेवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के उपरांत अपर मंडल अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यकारिणी की शुक्रवार को घोषणा कर दी। उन्होंने मलेटा खरकड़ी से पवन कुमार, मजारी से गुरदीप सिंह दयोल, डोलां से देव राज, मजारी से सोहन सिंह और डोलां से अमर नाथ को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने बैहल से राज कुमार और डोलां से गुरमीत बालू को महामंत्री नियुक्त किया।

दगडाहण से सुंका राम, धलेत से करनैल सिंह, दबट से रूप लाल, डोलां से सुरजीत कुमार, नई आबादी मंडयाली से रामनाथ भारद्वाज तथा धलेत से शिव कुमार सचिव का दायित्व निभाएंगे। धलेत के रामकृष्ण को कार्यालय सचिव, धलेत से देव राज को कोशाध्यक्ष, डोलां से रणजीत सिंह को मीडिया प्रभारी व डोलां के सुरेंद्र पाल को सोशल मीडिया व आईटी का संयोजक का जिम्मा सौंपा है। इसके अतिरिक्त डोलां से ध्यान चंद, धलेत से अशोक कुमार, दबट से राजपाल, भटेड़ से मदन लाल, दबट से रतन चंद, दबट से तेलु राम, डोलां से कर्म चंद, भटेड से महिंद्र सिंह, सरन सलोआ से प्रदीप सिंह, मजारी से अवतार सिंह और डोलां से रामलाल को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है।

### आईटीआई बिलासपुर के कैंपस में एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया

# प्रोजेक्ट का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में परिवहन विभाग की ओर से सड़क हादसों को रोकने के लिए आईटीआई बिलासपुर के कैंपस में एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें जिला के पुलिस कर्मियों, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी आरटीओ बिलासपुर राजेश कौशल ने दी।

सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए जिला में आईआरपी (इंट्रीग्रेटेड रोड एक्रीडेंट डेटाबेस) प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना है। इस प्रोजेक्ट में मोबाइल ऐप एवं वेब के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डाटा एकत्र किया जाएगा। प्रोजेक्ट के अंतर्गत मोबाइल ऐप और वेब को संचालित करने के लिए पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि बिलासपुर में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस डाटा के विश्लेषण के आधार पर विशेष कदम उठाए



आईटीआई बिलासपुर के कैंपस में एकदिवसीय वर्कशॉप के आयोजन पर मौजूद पुलिस कर्मी व अन्य।

जा सके। यह प्रोजेक्ट एनआईसी ने बनाया है एवं इसके क्रियान्वयन, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के लिए भी एनआईसी को नियुक्त किया है। एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है, जिसका लक्ष्य पूरे देश में सड़क हादसों पर लगाम लगाना है। आईआरएडी मोबाइल एप्लिकेशन पुलिस कर्मियों को फोटो और वीडियो के साथ सड़क दुर्घटना के बारे में विवरण दर्ज करने में सक्षम करेगा, उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मी अपने मोबाइल पर पर गूगल प्ले स्टोर से

### इन बिंदुओं की जानकारी ऐप में होगी अपलोड

ऐप पर दुर्घटना का दिन, तारीख, समय, घटना के वक्त रोशनी की स्थिति, दुर्घटना में मौत हुई या घायल, हादसे में नुकसान, क्षतिग्रस्त वाहनों की संख्या, दुर्घटना का कारण, वाहन चालकों की जानकारी, घटनास्थल के आसपास का स्थान, वाहन की स्थिति, ओवर स्पीड-ओवर, ड्राइविग लाइसेंस की वैधता, सड़क की स्थित समेत अन्य जानकारी अपलोड होंगी।

ऐप डाउनलोड करेंगे। डाउन लोड करने पर अलग-अलग जानकारियां भरने के लिए चार फार्म होंगे, जिसमें क्षतिग्रस्त गाड़ी का नंबर, निर्माता कंपनी, घटनास्थल से थाने की दूरी, घायल को कैसी चोट आई, कितने समय में अस्पताल पहुंचाया गया, कितनी देर में प्राथमिक उपचार मिला, घटनास्थल पर सड़क की क्या हालत है, घटनास्थल पर दुर्घटनाओं का इतिहास समेत अन्य जानकारियां अपलोड की जाएंगी, जिससे डिजिटल डाटा जुटेगा। वहीं, आंकड़ों को देखने में समय की बचत होगी।

# संविधान महिलाओं को देता समानता की गारंटी

## झंडूता में मंडल स्तरीय महिला खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

महिला सशक्तिकरण की परिभाषा को सही मायनों में सार्थक बनाने के उद्देश्य से झंडूता विधानसभा क्षेत्र में मंडल स्तरीय महिला खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हो गई। इसकी शुरुआत जेजवीं जोन से की गई। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने बुहाड़ में जेजवीं जोन की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इसमें जेजवीं जोन के 30 महिला मंडलों के बैनर तले लगभग 350 महिलाओं ने रस्साकशी, मटका फोड़ व म्यूजिकल चेयर रेस के साथ ही लोकनृत्य और गायन स्पर्धा में भागीदारी करके अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अपने संबोधन में जीतराम कटवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक समेत


झंडूता में मंडल स्तरीय महिला खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मौजूद मलिाएं।

प्रत्येक लिहाज से सक्षम और हर क्षेत्र में मजबूत बनाना है। वर्तमान में नारी शक्ति शिक्षा, राजनीति, कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, मीडिया तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी समेत सभी क्षेत्रों में नाम कमा रही हैं।

गृहिणियों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। परिवार को संभालने के साथ आत्मनिर्भर और सशक्त बनकर वे अपने जीवन से संबंधित सभी तरह के फैसले खुद ले सकती हैं। देश का संविधान महिलाओं को समानता की गारंटी देता है। सही मायनों में महिलाओं को यह गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार के प्रयासों की बदौलत ही मिल पाई है। जीतराम कटवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं को जितना मान-सम्मान मिला है, वह उससे पहले किसी सरकार के कार्यकाल में नहीं मिला। उज्ज्वला, जनधन, स्वच्छ भारत तथा गृह निर्माण जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उनके लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे अधिक संख्या में महिलाएं संसद और विधानसभा में पहुंचकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी।

### सौरव गौतम बने युवा मोर्चा महामंत्री



**बिलासपुर।** युवा मोर्चा बीजेवाएम बिलासपुर सदर महामंत्री का दायित्व सौरव को दिया गया, जिस पर सौरव ने पद के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व विधायक त्रिलोक जम्वाल व अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया ।

### महेंद्र धर्माणी ने उपमुख्यमंत्री के बयान को उनकी राजनीतिक मजबूरी बताते हुए कहा

# कांग्रेस हमेशा सनातन विरोधी रही

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन के लिए 1100 रुपए का कर लगाने वाले आज अयोध्या दर्शन के लिए मुफ्त बस भेजने की बात कर रहे हैं, जो हास्यास्पद लगता है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की ओर से दिए गए बयान को उनकी राजनीतिक मजबूरी बताते हुए कहा कि प्रभु श्री राम को काल्पनिक बताने वाले कांग्रेसी नेता अब वोट बैंक के लिए अपने आप को राम भक्त साबित करने का प्रयास कर रहे हैं। महेंद्र धर्माणी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा सनातन विरोधी रही है। राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़े करने वाले रामसेतु को निकालने वालों और सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर निर्माण के विरोध में तर्क और दलीलें देने वाले आज अखबारों में झूठे बयान देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता अपनी राजनीतिक

### श्री राम का देश ऐतिहासिक मूल्यों पर कर रहा गर्व



आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है देश की संस्कृति विरासत के नेतृत्व संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ दुनिया के अग्रणी राष्ट्रों में शुमार है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं। प्रभु श्री राम को यह देश अब अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर गर्व कर रहा है। सनातन परंपरा के साथ खड़ा होकर देश को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनाने के लिए संकल्पित है।

**कांग्रेस ने वर्ग को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की नीति को तरजीह दी**

जमीन और आधार को सिकुड़ता देखकर परेशान होकर झूठी बयान बाजी कर रहे हैं।

कांग्रेस ने हमेशा इस देश की मूल संस्कृति और सनातन परंपराओं से अपने अलग रुख कर तुष्टिकरण की राजनीति को अधिमान दिया है। राम भक्तों पर गोलियां चलाने वालों का समर्थन और झूठी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हमेशा तुष्टीकरण की नीति का पालन किया है।

माननीय उच्चतम न्यायालय से शाहबानो केस को आए निर्णय को संसद में पलटने का काम कांग्रेस ने वोट की राजनीति के लिए किया है, जो सही नहीं है। तीन तलाक धारा 370 जैसे मुद्दे पर भी कांग्रेस ने हमेशा एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की नीति को तरजीह दी है, जिससे कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने है।

### थापना टनल के पास लोगों ने फ्लाईओवर बनाने की उठाई मांग

**बिलासपुर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर थापना टनल के पास गांव पंचायत मझेड़ के लोगों ने फोरलेन पर फ्लाईओवर बनाने की मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार से मांग की है कि यहां पर स्थानीय लोगों को स्कूल जाने वाले बच्चों को फोरलेन के निर्माण के बाद से आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इसमें लिंक रोड काफी आगे जाकर मुडता हैं, जिससे कई बार दुर्घटना का खतरा भी रहता है। जिला परिषद के उपाध्यक्ष मानसिंह धीमान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार जिला प्रशासन से मांग की है कि इसे गंभीरता से लेते हुए इस पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

**कई बार दुर्घटना का भी बना रहता है खतरा**

**आयोजन** कोठी स्कूल में स्वच्छता, एनीमिया एवं कुपोषण पर एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का किया आयोजन

# बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट कर दवाइयां की वितरित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 'वो दिन योजना' के अंतर्गत बाल विकास परियोजना घुमारवीं के सौजन्य से कोठी स्कूल में मासिक धर्म, स्वच्छता, एनीमिया एवं कुपोषण पर एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में स्कूल की छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक की 60 लड़कियों तथा 65 लड़कों ने भाग लिया। कार्यशाला में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनीता ने मासिक धर्म समस्या व समाधान साफ-सफाई के बारे में लड़कियों को जागरूक किया। इस मौके पर डॉक्टर शांति सोनी चिकित्सा अधिकारी नागरिक अस्पताल घुमारवीं ने मासिक धर्म, स्वच्छता, एनीमिया एवं कुपोषण के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को जागरूक किया। इस कार्यशाला में बाल विकास परियोजना अधिकारी घुमारवीं नेक चंद ठाकुर द्वारा पोषण अभियान


कोठी स्कूल में 'वो दिन योजना' के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए।

संतुलित आहार एनीमिया एवं कुपोषण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर वृत्त पर्यवेक्षक कीर्ति की ओर से मासिक धर्म के बारे में व्यापक मिथ्य और भ्रांतियां व स्वच्छ कल के लिए सेनेटरी नैपकिन के निपटान करने के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, वृत्त पर्यवेक्षक मंजू शामा ने विभाग की स्कीमों के बारे में मौजूदा प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर आयुष विभाग से आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

### बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपा ज्ञापन

# उठाऊ पेयजल योजना के शुरू हुए निर्माण कार्य को रोक दिया जाए

**अनंत ज्ञान, नयना देवी जी**

श्री नयनादेवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में बिलासपुर के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखाविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करके ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन में मांग की गई कि जल शक्ति विभाग सोलन के अर्की मंडल ने बिलासपुर में अलीखड्ड पर बनाई जा रही उठाऊ पेयजल योजना के शुरू हुए निर्माण कार्य को रोक दिया जाए क्योंकि यदि यह योजना बनी तो बिलासपुर जिले की कई पेयजल योजनाएं बंद हो जाएंगी। ज्ञापन में कहा गया कि जलशक्ति विभाग के अर्की मंडल की ओर से बिलासपुर के अंतर्गत पड़ने वाले अलीखड्ड से पानी उठाकर एक पीने के पानी की स्कीम बनाई जा रही है, जिसके बन जाने के कारण बिलासपुर के श्री नयनादेवी जी व सदर विधानसभा क्षेत्र की अलीखड्ड पर बनी 24 पेयजल और सात सिंचाई स्कीमें बंद हो जाएंगी।

### दस लाख लीटर पानी प्रतिदिन उठाया जाएगा

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अलीखड्ड पर उपरोक्त स्कीमों के अतिरिक्त सैकड़ों किसान कूहलें बनाकर भी अपनी जमीन की सिंचाई कर रहे हैं और कई घराट भी इसी खड्ड के पानी से चल रहे हैं। अर्की मंडल की ओर से बनाई जा रही स्कीम के अंतर्गत दस लाख लीटर पानी प्रतिदिन उठाया जाएगा, जिसके कारण जलशक्ति विभाग बिलासपुर के अंतर्गत चल रही 31 पेयजल व सिंचाई की स्कीमें, कूहलें व घराटों के लिए पानी की बेहद कमी हो जाएगी। अर्की मंडल की ओर से बनाई जाने वाली इस स्कीम को तुरंत बंद किया जाए और अर्की मंडल के इन क्षेत्रों के लिए कोलडैम से पानी उठाकर एक बड़ी स्कीम बना दी जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला मंडल डरोह ने चलाया सफाई अभियान



महिला मंडल डरोह की महिलाएं साफ-सफाई करने के दौरान सामूहिक चित्र में।

**बंगाणा।** विकास खंड बंगाणा की पंचायत चमयाड़ी महिला मंडल डरोह की महिलाओं ने अपने गांव की बैठक आयोजित की। बैठक के उपरांत गांव की गलियों की सफाई की, साथ ही सार्वजनिक स्थानों से प्लास्टिक का कचरा इकट्ठा किया । इसका निष्पादन किया। इस बैठक में संतोष कुमारी, विजय, रक्षा, लीला, सुनीता, मंगला रमना उपस्थित भी उपस्थित रहीं।

### वेतन विसंगति को लेकर भेजा ज्ञापन



उपायुक्त जतिन लाल को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

**ऊना।** उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ ऊना का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मिनी सचिवालय ऊना में उपायुक्त जतिन लाल से मिला। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु और मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश को उपायुक्त के माध्यम से तीन जनवरी, 2022 तक नियुक्त हुए कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा तीन जनवरी, 2022 को छठे वेतन आयोग को हिमाचल प्रदेश में लागू किया गया। इस दौरान वर्ष 2012 में दिए गए वित्तीय लाभ को समाप्त कर दिया गया। बाद में रडार में फंसे कर्मचारियों द्वारा विरोध करने पर छह सितंबर, 2022 को हिमाचल प्रदेश सिविल सेवाएं (संशोधित वेतन) प्रथम संशोधन नियम, 2022 लागू किया गया, जिसमें तीन जनवरी, 2022 तक नियमित सभी कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया, लेकिन तीन जनवरी, 2022 तक अनुबंध में नियुक्त हुए और बाद में रडार पर आने वाले कर्मचारियों को इसके लाभ से वंचित रखा गया। वर्तमान में प्रदेश में लगभग पांच हजार कर्मचारी इस उच्च वेतनमान से वंचित हैं। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया कि उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारियों को शीघ्र हायर पे-ग्रेड से लाभान्वित करें।

### नुक्कड़ नाटक से बताए ट्रैफिक रूल्स

**अंब।** अंब कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा रोड सेफ्टी जागरूकता माह के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रोड सेफ्टी क्लब के विद्यार्थियों ने यातायात के सभी नियमों की जानकारी और जीवन को सुरक्षित रखने के लिए सड़क नियमों की जानकारी दी और बताया की सड़क नियमों से सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है, तभी हम बच सकते हैं। रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें चालान से बचने के लिए नहीं, अपितु अपने अमूल्य जान की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया। इस जागरूकता अभियान में लगभग 65 विद्यार्थी उपस्थित रहे। रोड सेफ्टी क्लब के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. अरुण कुमार और मोनिका जसवाल ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां महाविद्यालय में समय-समय पर करवाई जा रहीं हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने सभी विद्यार्थियों को इस तरह के जागरूक अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए कहा। इस मौके पर प्रो अजय कुमार, प्रो आशीष, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अजय शर्मा और रोड सेफ्टी क्लब के मेंबर्स और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ठेकेदारों को श्रम नियमों के बारे में किया जागरूक

**जोल।** जिला एकीकृत विकास परियोजना ऊना रामपुर में शुक्रवार को ठेकेदारों के लिए श्रम विभाग के द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रम विभाग ऊना के लेबर निरीक्षक सोहन लाल ने शिरकत कर उपस्थित लोगों को श्रम विभाग के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई । इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी मुनीश प्रभारी, सहायक परियोजना अधिकारी ऊना सतपाल सिंह, बन प्रसार अधिकारी लाडी, चंद्र शेखर, गौरव कुमार, कृषि प्रसार अधिकारी आयुष भारद्वाज, हेड ड्राफ्टमैन सतपाल राणा, अधीक्षक रणजोध राणा, संजीव ठाकुर, बलजीत शर्मा, कुशल कुमार, निर्मल सिंह, रविंद्र सिंह, रजत जोशी, पूर्ण शर्मा, हर्ष, राम सिंह ठाकुर, चेतन सिंह, सूरम सिंह सहित काफी लोग उपस्थित रहे ।

### बैंक की योजनाओं की जानकारी दी

**जोल।** दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा टकोली द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से शुक्रवार को ग्राम पंचायत खरयालता के उपगांव रौनखर में एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिवर में सरकार द्वारा कांगड़ा बैंक के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं जैसे सावधि, सेविंग खाता खोलने, कृषि क्रेडिट कार्ड, बकरी पालन, गाय और भैंस पालन आदि अलग-अलग योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर नाबार्ड बैंक के डीजी एम मिस सबरीना राजबंशी टकोली शाखा प्रबंधक केपी सैनी, शिव मंदिर ध्योमेश्वर महादेव के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### रोष रैली निकालेंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

**गगरेट।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बकाया डीए की राशि का भुगतान न होने, लीव इनकैशमेंट के साथ-साथ वर्ष 2016 से बकाया एरियर की अदायगी न होने पर हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे को लेकर 12 फरवरी को जिला मुख्यालय ऊना में पेंशनर्ज रोष रैली का आयोजन कर प्रदेश सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज एसोसिएशन के गगरेट खंड के प्रधान ठाकुर हरदीप सिंह ने सभी पेंशनर्ज से इस रोष रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

# डोहकेश्वर धाम डोहक में 15 को होगी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**राज्यपाल, सीएम, अनुराग करेंगे शिरकत | कल शोभायात्रा, 12 को कलश यात्रा | 13,14 को होगी पूजा-अर्चना**

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की सीमा पर स्थित गांव डोहक में 15 फरवरी को डोहकेश्वर धाम मैनेजमेंट ट्रस्ट में 36 मूर्तियों को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के अलावा राज्य के कई बड़ी हस्तियां शिरकत करेंगी। मैनेजमेंट ट्रस्ट के संस्थापक देसराज मोदगिल ने बताया कि 15 फरवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 11 फरवरी दिन रविवार से शुरू होने जा रहा है। रविवार को डोहक मंदिर से प्रभु श्रीराम जी की झांकी साथ में राधा कृष्ण, बाबा बालक नाथ और भोलेनाथ की झांकी मंदिर से प्रस्थान करके वुधान लाठीयानी, बड़सर शाहतलाई वाशेरटू से होते हुए मंदिर तक पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में सैकड़ों गाड़ियां एवं गायक साथ होंगे। वहीं, 12 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी और 13 और 14 फरवरी को क्षेत्र के विद्वानों द्वारा पूजा पाठ एवं हवनयज्ञ होगा। 15 फरवरी को सुबह नौ बजे राज्य के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शिरकत करके मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं अवलोकन करेंगे। बताते चलें कि ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर को जोड़ने वाले डोहकेश्वर धाम मैनेजमेंट ट्रस्ट यह पहला ट्रस्ट बनने जा रहा है, जो श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण एवं प्रभु श्री रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम किया गया था। ट्रस्ट को फाउंडर नंदलाल शर्मा जो भारत सरकार से सतलुज जल विद्युत परियोजना के सीएमडी पद से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में भारत सरकार के हरियाणा राज्य के विद्युत न्यामिक आयोग के चेयरमैन हैं। उन्होंने यह बीड़ा उठाया था। उनकी सोच थी कि पैतृक गांव डोहक के जो पौराणिक मंदिर हैं। उनका जीर्णोद्वार करके नई और बेहतर मूर्तियों की स्थापना करके उनमें प्राण प्रतिष्ठा करवा कर स्थापित की जाए, जिससे बाहरी राज्य के सैलानी जिस प्रकार माता चिंतपूर्णी, नैनादेवी, ज्वालाजी आकर आशीर्वाद प्राप्त करते है। उसी प्रकार डोहक गांव में भी मंदिर में आकर आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। (अनंत ज्ञान)

**10 हजार परिवारों को निमंत्रण**



**देसराज** मोदगिल ने बताया कि डोहकेश्वर ट्रस्ट में तीन दर्जन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पर भारत के 54 धार्मिक सथलों एवं दो नेपाल से यानी 56 धार्मिक स्थलों से अक्षत एवं निर्मत्रण दल लाकर करीब दस हजार परिवारों को निमंत्रण के तौर पर पत्र बाटे गए हैं।



निमंत्रण देते हुए आयोजक

### कोटला कलां में वार्षिक धार्मिक महोत्सव, भगवत महिमा श्रवण से ही मानव कल्याण संभव : शास्त्री

# अपने भक्तों के पुकारने पर रक्षा करने दौड़े चले आते हैं भगवान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ठाकुर कृष्ण चंद शास्त्री ने कहा कि धर्म के क्षेत्र में महाभारत में पांडवों के जीवन से सत्य और त्याग की सीख मनुष्य के सफल जीवन को सफल बनाती है। उन्होंने राजा परीक्षित द्वारा जिज्ञासावश पूछे जा रहे सवालों के कई अमूल्य प्रसंगों द्वारा समझाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत उस परम शक्ति का स्वरूप ही है, जिस शक्ति से यह पूरा संसार गतिशील है।

उन्होंने वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब इस धरा पर अत्याचार, अनाचार बढ़ता है, तब-तब श्री परम पिता परमात्मा इस धरा पर अवतार स्वरूप जन्म लेते हैं। अपने भक्तों के पुकारने पर उनकी रक्षा के लिए भगवान दौड़े चले आते हैं। ठाकुर कृष्ण चंद शास्त्री बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां में चल रहे वार्षिक धार्मिक महोत्सव में भागवत कथा का वाचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन के चार मजबूत स्तंभ हैं। इनमें हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय धर्म के चार मजबूत स्तंभों से सनातन का विश्व भर में मान्यता है। धर्म का रास्ता दिखाने में इन स्तंभों का मुख्य योगदान है। शास्त्री ने कहा कि भगवान से बढ़ा भगवान का नाम है, जो सच्चे मन से उनका आह्वान करता है, उस पर सदा भगवान की कृपा बरसती है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की बाललीलाएं मानव समाज को जहां अमूल्य संदेश देती हैं, वहीं उन्होंने कहा कि मानव को संसारिक मोह माया से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहंकार, लोभ, मोह मानव के परम शत्रु है तथा मानव जीवन का लक्ष्य सादा, परोपकार पूर्ण जीवन यापन करते हुए उस परम शक्ति परमात्मा के सत्संग में लगाते हुए बिताने को प्राथमिकता देनी चाहिए। अभिमान के संदर्भ में ठाकुर जी ने श्री विष्णु जी द्वारा ब्रह्मा जी से जुड़ी कथा तथा गोवर्धन पूजा के प्रसंग द्वारा पर्वत राज इंद्र का अभिमान कन्हैया द्वारा भंग करने के रोचक वर्णनों द्वारा श्रोताओं को समझाया। उन्होंने मनमोहक भजनों द्वारा संकीर्तन करके क्षेत्र के समूचे वातावरण को कन्हैया नाम की महिमा रस में डुबकियां लगाते हुए भक्तिमय बना दिया।



बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां में भागवत कथा सुनने पहुंचे भक्त।



पंडाल में भागवत कथा का श्रवण करते बाबा बाल जी महाराज।

### शराब की 12 बोतलें बरामद

**ऊना।** सदर थाना पुलिस ने ऊना की एक दुकान से अवैध शराब की 12 बोतलें बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुलजारी लाल पुत्र सरदारी लाल, निवासी वार्ड नंबर पांच, चौरासी पौड़ियों वाला बाजार ऊना अपनी दुकान पर अवैध शराब का कारोबार करता है। पुलिस ने वीरवार को दुकान की तालाशी ली, तो वहां 12 अदद बोतल शराब देसी पाई गईं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चिट्टे संग पकड़े दो युवक



**ऊना।** दौलतपुर पुलिस चौकी की एक टीम ने वीरवार को हमीरपुर और कांगड़ा के रहने वाले दो युवकों से चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार जिस समय पुलिस की एक टीम दौलतपुर चौक क्षेत्र में गश्त पर थी तब शक की बिनाह पर एक कार को रोका गया। पुलिस ने जब गाड़ी की तालाशी ली तो उसमें से 1.72 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान भोरंज तहसील के भ्याड़ ग्राम वासी मनीष कुमार पुत्र सुरेश कुमार और रुवल शर्मा पुत्र किशन, निवासी गांव बलसुंह, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है।

### स्कूल बस से टकराई मोटरसाइकिल

**ऊना।** बंगाणा में वीरवार को एक मोटरसाइकिल की स्कूल बस से टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार डीहर गांव के रहने वाले रघुवीर सिंह पुत्र अमी चंद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वीरवार की सुबह लगभग पौणे आठ बजे वह अपनी दुकान के बाहर खड़ा था। तभी उसे एक स्कूल बस दिखाई दी जो ऊना की ओर से आ रही थी, जब उस बस का चालक बस को मोड़ रहा था तभी अचानक एक मोटरसाइकिल हटली की तरफ से तेज गति से आई और बस से टकरा गई। सड़क हादसे में उक्त मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। बंगाणा पुलिस ने आरोपी चालक अरुण सिंह पुत्र विजय सिंह, निवासी गांव मोहम्मद पुर, तहसील फैजाबाद, उत्तरप्रदेश के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ऊना में 256 वहानों के काटे चालान

**ऊना।** जैसे-जैसे वित्त वर्ष समापन की ओर है, वैसे-वैसे जिले में ट्रैफिक चालान की गति भी तेज हो रही है। पुलिस को चालान संख्या के लक्ष्य दिए जा रहे हैं, जिसका खामियाजा अब वे लोग चुका रहे हैं जो जाने अनजाने में ट्रैफिक नियम तोड़ रहे हैं। वीरवार को पुलिस ने 256 वाहनों के चालान किए, जिनमें से 56 ने मौके पर ही भुगतान कर दिया। इस भुगतान से पुलिस को जुर्माने के रूप में 37200 रुपए प्राप्त हुए हैं। पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वाले आठ लोगों से भी 800 रुपए जुर्माना वसूला है। वहीं, अवैध खनन में लिप्त पाए गए पांच ट्रैक्टर चालकों से भी पुलिस ने 24865 रुपए जुर्माना वसूला है।

### युवा कवि लेखक चंद्र मोहन को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड 2024



**मैहतपुर बसदेहड़ा।** ऊना जिले के गांव फतेबाल के हिंदी अध्यापक तथा युवा कवि लेखक चंद्र मोहन कसाना को यूएसए के फ्लोरिडा स्थित सैमुअल राइट यूनिवर्सिटी ने शैक्षिक क्षेत्र में विश्व स्तर पर नित्य नेतृत्व तथा एक मानव अधिकार कार्यकर्ता के रूप में सकारात्मक प्रभाव देखते हुए उनको ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड 2024 देकर सम्मानित किया। उनको यह सम्मान यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट तथा संस्थापक प्रोफेसर सैमुअल के राइट जेपी पीएचडी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदान किया। चंद्र मोहन कसाना ने प्रेजिडेंट प्रोफेसर सैमुअल के राइट जेपी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। चंद्र मोहन कसाना राजकीय उच्च पाठशाला लालुगं जिला लाहौल-स्पीति में हिंदी अध्यापक के पद कार्यरत हैं और इससे पहले भी इनको कई विदेशियों से सम्मान तथा मानद उपलब्धियां प्राप्त हो चुकी हैं। उनके विद्यालय के मुख्यध्यापक वांगचुक दोर्जे ने इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी है।

### गगरेट को मिला अपना तहसील वेलफेयर कार्यालय

**गोंदपुर बनेहड़ा।** विधानसभा गगरेट को अपना तहसील वेलफेयर कार्यालय मिल गया है। इसकी विधिवत शुरुआत गगरेट विधायक चैतन्य शर्मा ने की। इस से पहले विधानसभा गगरेट के लोग अंब तहसील वेलफेयर कार्यालय पर ही निर्भर थे। विधायक चैतन्य शर्मा ने मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान इस मांग को रखा था, जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल मंजूरी दे दी थी। फिलहाल गगरेट की तहसील घनारी कार्यालय में मंगलवार और शुक्रवार को यह कार्यालय खुला रहेगा। हालांकि यह सुविधा फिलहाल सप्ताह में दो दिन के लिए शुरू हुई है। जल्द ही इस कार्यालय को सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। इस अब से पर विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि यह गगरेट के विकास में एक मील का पत्थर है। गगरेट को अपना वेल्फेयर कार्यालय मिला है, अब से पहले लोग अंब पर आश्रित थे। इस समय जल्दबाजी में इस कार्यालय की शुरुआत की जा रही है, ताकि लोगों तो तुरंत इसका लाभ मिलना शुरू हो जल्द ही इसका उद्घाटन बड़े स्तर पर किया जाएगा। इस अवसर पर 9 लाभार्थियों को भी स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत स्वीकृति पत्र विधायक चैतन्य शर्मा द्वारा दिए गए ।

# क्रिकेट मैच में एचपीयू की टीम ने गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी को हराया

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मुकाबला शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी के मध्य खेला गया, जिसमें कांगड़ी यूनिवर्सिटी ने पहले खेलते हुए 19.3 ओवर में दस विकेट खोकर 119 रन बनाए, बल्लेबाज आयुष ने 24 रन बनाए, लवनीत ने 20 रन, अक्षित त्यागी ने 23 रन बनाए। हिमाचल के गेंदबाज आदित्य चौहान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच खिलाड़ियों को पवेलियन में पहुंचाया, लक्ष्य वर्मा ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

प्रशांत तोमर ने एक खिलाड़ी को आउट किया, अक्षय ने एक खिलाड़ी को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल की टीम ने तीन विकेट खोकर 18 ओवर में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया राघव आगरा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंद में 48 रन बनाए, अपनी पारी में छह चौके और एक सिक्सर लगाया, अरशद धीमान ने 44 रन बनाए अपनी पारी में आठ चौके लगाए, लोकेश चौहान ने 14 रन बनाए, अक्षित त्यागी ने दो विकेट प्राप्त किया, तरुण ने एक विकेट प्राप्त किया, मैच को सात विकेट से जीत कर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

टेक्निकल कमेटी के सदस्य और एचपीसीए के अंपायर अनिल गुलेरिया ने बताया भाजपा महामंत्री सुंदरनगर के ओमप्रकाश नायक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, टीम के कोच विक्रांत भारद्वाज ने बताया की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने नॉर्थ जॉन इंटर यूनिवर्सिटी के फाइनल में पहली बार प्रवेश किया है, खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज पीटर, नवीन शर्मा सुनील शर्मा ने टीम के कोच विक्रांत भारद्वाज और खिलाड़ियों को जीत के लिए बधाई दी है।

# आईएएन मैकलॉड डिस्टिलर्स इंडिया में नौकरी का मौका

**अनंत ज्ञान, ऊना**

Job Alert

मैसर्ज आईएएन मैकलॉड डिस्टिलर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जिला रोजगार कार्यालय में 15 फरवरी को प्रात: 10.30 बजे साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना ने बताया कि कंपनी द्वारा केवल पुरुषों के नौ पद अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें प्रोसेस एग्जिक्यूटिव (माल्ट स्प्रिट) के चार पद और ऑपरेटर के पांच पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अल्कोहल टेक्नोलॉजी में बीटेक तथा 35 से 40 हजार रुपए वेतन तथा माल्ट स्प्रिट प्लांट में बीएससी के साथ तीन साल का अनुभव होना चाहिए तथा 25 हजार रुपए वेतन प्रतिमाह दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

**आयोजन** | विधायक देवेंद्र भुट्टो ने किया भूमि पूजन, एक वर्ष में बन कर होगा तैयार

# मदली में 53 लाख से बनेगा मैरिज पैलेस

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की मदली पंचायत में 53 लाख से निर्मित मैरिज पैलेस का विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शुक्रवार को विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने एक वर्ष के भीतर उक्त मैरिज पैलेस बनाकर जनता को समर्पित करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में आठ मैरिज पैलेस का शिलान्यास एक वर्ष में हुआ है, जिस में से पांच मैरिज पैलेस का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है। हमारा उद्देश्य है कि अगले चार माह में आधा दर्जन मैरिज पैलेस जनता की समर्पित करें, ताकि कुटलैहड़ की जनता को सुविधा मिल सके। भुट्टो ने कहा कि हमारा उद्देश्य राजनीति नहीं है, बल्कि राजनीति के माध्यम से कुटलैहड़ की जनता की सेवा करना है। विधायक ने जनता की मांग पर मंदली श्मशानघाट के लिए तीन लाख, एघलोर श्मशानघाट के लिए एक लाख, मंडली स्कूल में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, एक्सईएन लोकनिवि देवराज, खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद, एसडीओ विद्युत विभाग उदित ठाकुर, कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव अजय शर्मा स्थानीय प्रधान, उपप्रधान बीडीसी सदस्य, कांग्रेस कार्यकर्ता कर्मचारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।



मैरिज पैलेस के काम का भूमि पूजन करते विधायक देवेंद्र भुट्टो।

**कुटलैहड़ के मदली में खोलेंगे डिग्री कॉलेज**

**विधायक** देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कुटलैहड़ प्रवास पर आ रहे हैं और उनके प्रवास पर कुटलैहड़ में विकास के नए आयाम सथापित होंगे। भुट्टो ने कहा कि सीएम से कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सबसे पहली मांग कुटलैहड़ के रायपुर मदली में डिग्री कॉलेज खोलने की होगी।

# डीसी के आदेश के बाद कैंसर पीड़ित को मिला सहारा योजना का लाभ

**गोंदपुर बनेहड़ा।** कहते हैं किसी गंभीर रोग ग्रस्त इंसान की मदद के लिए आवाज उठाना पुण्य कार्य है, लेकिन जब इस प्रयास के लिए आवाज उठाने वाली संस्था या इंसान को ऐसे कार्य के लिए उठाई गई आवाज को दबाने के लिए धमकाने पर आ जाएं तो क्या कहा जाए। बता दें कि इस मामले में डीसी ऊना के ध्यान में लाने वाली संस्था के प्रतिनिधि को स्थानीय पंचायत प्रधान, उसके पति व आशा वर्कर द्वारा मोबाइल पर अनिल कुमार के परिवार पर शिकायत वापस लेने के लिए भी दबाव डाला जाना, चोरी व सीनाजोरी को चरितार्थ करता है। ग्राम स्तर पर विभागीय प्रतिनिधी, पंचायत के नुमाइंदे भी ऐसे पात्र लोगों को लाभ दिलाने को लेकर संवेदनशील होने की अपेक्षा पीड़ित के परिवार व पीड़ित की आवाज को डीसी ऊना के ध्यान में लाने वालों को माफी मांगने व खरी खोटी सुनाने में लगे हुए हैं।

बता दें कि मामला हरोली विधानसभा क्षेत्र के एक कैंसर पीड़ित अनिल कुमार पुत्र सतपाल वार्ड दो लोयर पंजावर जिला ऊना का है, जो मुंह व गले के कैंसर के साथ जी रहे हैं। इनकी इस अवस्था को ध्यान में आने पर गगरेट क्षेत्र की एक संस्था ब्लड सागर एवं सोशल वैलफेयर सोसायटी नंगल जरियाला के अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह द्वारा अनिल कुमार से मिलकर उन्हें सहारा योजना का लाभ मिलने बारे पूछा गया तो कैंसन पीड़ित अनिल कुमार के परिवार में ऐसा कोई लाभ नहीं मिलने की बात कही गई। संस्था ने इस बारे में डीसी ऊना जतिन लाल को पत्र लिखकर समस्या को उठाया, जिस पर डीसी ऊना द्वारा एसडीएम हरोली को तत्काल पीड़ित अनिल को सहारा योजना ला लाभ दिलाने के दिशानिर्देश जारी किए, जिनके चलते अनिल कुमार सहारा योजना के लाभार्थी रोगग्रस्त होने के करीबन एकवर्ष बाद बन पाए।

## मेजबान टीम को फाइव स्टार होटल की सुविधाएं तो मेहमानों को गेस्ट हाउस

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अपनी ही मेजबानी में मेहमानों के साथ नाइंसाफी का एक मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। दो से पांच फरवरी तक रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए असम से आई टीम के साथ यूपीसीए के प्रबन्धन समिति ने नाइंसाफी करने की हिम्मत पता नहीं कहां से जुटा ली।

यूपीसीए ने रणजी ट्राफी जैसी देश की सबसे बड़ी घरेलू प्रतियोगिता के नियमों की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी। यूपीसीए ने जहां अपनी टीम के लिए शहर के सबसे प्रतिष्ठित होटल में रुकने का प्रबन्ध करवाया तो मेहमानों के साथ दोहरा मापदण्ड दिखाते हुए उनकी क्रिकेट टीम को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में रुकवाने का काम किया। प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने शायद नियम से परे हटकर काम किया है।

मेजबान यूपीसीए ने अपने खिलाड़ियों को तो फाइव स्टार होटल की सुविधाओं से लैस रखा है।वहीं, असम के खिलाड़ियों को मैदान से लगभग 13 किलोमीटर दूर विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में रुकने के लिए इंतजाम करवाया, जिससे असम की टीम और उसका प्रबन्धन पूरी तरह से असंतुष्ट दिखाई दिए।

### वेस्टइंडीज पर 1-0 की बढ़त बनाई

# ऑस्ट्रेलिया ने 11 रन से जीता पहला टी20

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बेलेरिव ओवल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रन से हरा दिया। होबार्ट में मिली इस जीत से ऑस्ट्रेलिया टीम सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज को 214 रन का टारगेट दिया। जवाब में वेस्टइंडीज 20 ओवर में 8 विकेट पर 202 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतक जमाया। उनके अलावा, जोश इंग्लिस ने 39 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 213 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। उन्होंने 36 बॉल की पारी में 12 चौके और एक सिक्स लगाया। जोश इंग्लिस ने 25 बॉल पर पांच चौके और एक सिक्स की मदद से 39 रन की पारी खेली।

टिम डेविड ने 17 बॉल पर 37 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने चार चौके और दो सिक्स लगाए। मेहमान वेस्टइंडीज की तरफ से रसेल के अलावा अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट झटके।

जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला। 214 रन के टारगेट का पिछले करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन टीम इस टारगेट को चेज नहीं कर सकी। पहले विकेट क लिए ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स के बीच 89 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन किंग ने बनाए। उन्होंने 37 बॉल पर 53 रन बनाए। उनके वाला चार्ल्स ने 25 बॉल पर 42 रन की पारी खेली। जेसन होल्डर नाबाद 34 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एडम जम्पा ने तीन विकेट लिए। मार्कस स्टोइनिस को दो सफलताएं मिली। शॉन एबट, ग्लेन मैक्सवेल और जेसन बेहरेनडॉर्फ को एक-एक विकेट मिला।



**एडम जम्पा**
4 ओवर
3/26



**डेविड वार्नर**
70 रन
36 बॉल

### सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने वार्नर

**होबार्ट।** अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के साथ ही क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले खिलाड़ी बन गए। इस मैच में उन्होंने 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल अपनी उपलब्धि को और खास बना दिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), जोश इंग्लिस, डेविड वॉर्नर, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), शॉन एबट, एडम जम्पा, जेसन बेहरेनडॉर्फ, और जोश हेजलवुड।

**वेस्टइंडीज :** रोवमन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), शाई होप, , शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, अल्जारी जोसेफ और अकील हुसैन।

## बेसलाइन वेंचर्स के सहयोग से रग्बी इंडिया सितंबर में करेगा रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन

**मुंबई।** भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे जल्द ही अपनी तरह की पहली फ्रेंचाइजी-आधारित लीग शुरू करेंगे, जिसे रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) कहा जाएगा। लीग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ भारत की कुछ सर्वश्रेष्ठ 7एस रग्बी प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह भी घोषणा की गई कि आईआरएफयू ने लीग के आयोजन और विपणन के लिए भारत की अग्रणी खेल विपणन कंपनियों में से एक बेसलाइन वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। खेल के 7एस प्रारूप में खेली जाने वाली लीग इस साल सितंबर में आयोजित होने वाली है और इसके उद्घाटन सत्र में 6 टीमें शामिल होंगी।

इस ऐतिहासिक घोषणा पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष, राहुल बोस ने यहां पत्रकारों से कहा, यह भारत और भारतीय रग्बी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। रग्बी विश्व स्तर पर सबसे बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। इससे हमारा विश्वास मजबूत हुआ कि अब हमारे लिए भारत में एक पेशेवर लीग शुरू करने की दिशा में छलांग लगाने का सही समय है। हमें विश्वास है कि आरपीएल हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करके भारतीय रग्बी के लिए गेम चेंजर साबित होगा। आरपीएल एक विश्व स्तरीय उत्पाद होगा।

**न्यूज ब्रीफ**

## विनय गुलेटिया की शानदार गेंदबाजी से हिमाचल ने दिल्ली को 264 रन पर रोका

**रणजी ट्रॉफी**

**धर्मशाला।** स्थानीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी के तहत शुक्रवार को चार दिवसीय मैच हिमाचल और दिल्ली के बीच में आरंभ हुआ। हिमाचल की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निर्णय सही साबित हुआ जब दिल्ली के 20 रन पर तीन खिलाड़ी आउट हो गए। दिल्ली की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 264 रन बनाए। दिल्ली की पहली विकेट 10 रन पर, दूसरी और तीसरी विकेट 20 रन पर, चौथी विकेट 107, पांचवी विकेट 148 रन पर, छठा विकेट 148 रन, सातवां विकेट 205, आठवां विकेट, नवमी विकेट 240, दसवां विकेट 264 रनों पर गिरा। दिल्ली की टीम में सबसे बड़ी साझेदारी चौथी विकेट के लिए हिम्मत सिंह और आयुष के बीच में 87 रन की हुई। दिल्ली के बल्लेबाज यश ढुल ने 14 रन, अनुज रावत ने 6 रन बनाए , हिम्मत सिंह ने 60 रन बनाए। आयुष बडोनी 51 रन बनाए, जोंटी सिद्धू 28 , प्रियांशु 37, सिद्धांत ने 36 रन , हिमांशु चौहान ने नाबाद रहे। हिमाचल के विनय गुलेटिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। विनय गुलेटिया ने 16 ओवर में 66 रन देकर पांच खिलाड़ियों को आउट किया। वैभव अरोड़ा ने 3 विकेट हासिल किए। विपिन शर्मा ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया। हिमाचल प्रदेश की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 24 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा ने दो रन ही बनाए। रवि ठाकुर 13 रन बनाकर खेल रहे हैं, अंकित कलसी एक रन बनाकर खेल रहे हैं। दिल्ली के हिमांशु चौहान ने एक विकेट प्राप्त किया।

## पृथ्वी शॉ ने चोट के बाद की वापसी, ठोंक दिया शतक, टीम को दिलाई धांसू शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर पृथ्वी शॉ ने धमाकेदार वापसी की है। चोट की वजह से 6 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे इस दाएं हाथ सलामी बल्लेबाज ने रणजी ट्रॉफी के जरिए क्रिकेट में वापसी की। पृथ्वी मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024 में खेल रहे हैं। बंगाल के खिलाफ बेशक पृथ्वी ने 35 रन बनाए, लेकिन छत्तीसगढ़ के खिलाफ उन्होंने धुआंधार शतक जमाया। पृथ्वी के शतक के दम पर मुंबई ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ बेहतरीन शुरुआत की है। 24 वर्षीय पृथ्वी शॉ ने शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी 2024 के तहत खेले जा रहे मुंबई बनाम छत्तीसगढ़ मुकाबले में 102 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 13 चौके और 2 छक्के लगाए। पृथ्वी की 80 पारियों में यह 13वां फर्स्ट क्लास शतक है। उन्होंने 43 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। मुंबई ने पहली पारी में 32 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के 140 रन बनाए। पृथ्वी शॉ पिछले साल अगस्त में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में खेलते हुए चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें सर्जरी और रिहैब से गुजरना पड़ा। एनसीए में उन्होंने रिहैब में हिस्सा लिया। साल 2018 में इंटरनेशनल स्टेज पर डेब्यू करने वाले पृथ्वी ने 5 टेस्ट, 6 वनडे और एक टी20 टीम इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

## वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप : ऑस्ट्रेलिया ने ओपन वॉटर मिश्रित खिताब किया अपने नाम

**एजेंसी, दोहा**

विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में वीरवार को ओपन वॉटर मिश्रित 4×1500 मीटर स्पर्धा में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसका समापन ऑस्ट्रेलिया के लिए रोमांचक जीत के रूप में हुआ।

खिताब के लिए इटली और ऑस्ट्रेलिया के बीच कड़ी टक्कर हुई। तेज गति के साथ, काइल ली ने अंतिम क्षण में अपने इतालवी प्रतिद्वंद्वी डोमेनिको एसेरेंज़ा को पीछे छोड़ दिया, और एक घंटे, तीन मिनट और 28.00 सेकंड के विजयी समय में फिनिश लाइन को पार कर लिया। 21 वर्षीय तैराक काइल ली ने अपने साथियों मोएशा जॉनसन, चेल्सी गुबेका और निकोलस स्लोमन के योगदान के साथ जीत हासिल की।



काइल ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, यह बहुत कठिन था, लेकिन मेरी टीम ने मुझे सर्वोत्तम संभव स्थिति में रखा, इसलिए मैं उनसे और कुछ नहीं पूछ सका। मैं बस शांत रहने की कोशिश कर रहा हूं और जितना संभव हो उतना समय देने की कोशिश कर रहा हूं। इटली, जिसमें गिउलिया गैब्रिएल्स्की, एरियाना ब्रिडी और ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी भी शामिल हैं, आस्ट्रेलिया से मात्र 0.20 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। हंगरी की बेटिना फैबियन, मीरा स्ज़िमकसाक, डेविड बेटलेहेम और क्रिस्टोफ रासोव्स्की ने कांस्य पदक हासिल किया।



विजेता खिलाड़ियों का अकादमी में स्वागत करते प्रबंधक।

## ताइक्वांडो में हिमाचल के खिलाड़ियों ने जीता मेडल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत 37वीं सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में लीजेंड्स मार्शल आर्ट अकादमी बद्दी के होनहार खिलाड़ी अर्णव सैनी ने हिमाचल के लिए रजत पदक जीता।

यह प्रतियोगिता रायपुर छत्तीसगढ़ के बलवीर जुनेजा स्टेडियम में आयोजित हुई, जिसमें काफी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अर्णव फाइनल में असम के खिलाड़ी से हार गए, परंतु राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश के लिए रजत पदक जीतने में कामयाब रहे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लीजेंड्स मार्शल आर्ट अकादमी की ओर से आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ था। चयनित खिलाड़ी दीपक कुमार, उत्कर्ष मिश्रा, मैत्रिक ठाकुर, कनिष्क राणा, रिदिक भाटिया, जोयल भारद्वाज, अक्षिता कौशल और अर्णव सैनी थे।

सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लीजेंड्स मार्शल आर्ट के डायरेक्टर समीर कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के सभी खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया।

### खेल मंत्रालय ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को किया स्वीकार

## जुडोका हिमांशी, श्रद्धा और अस्मिता को विदेशी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए मिली मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को जुडोका हिमांशी टोकस, श्रद्धा चोपड़े और अस्मिता डे के कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

जूनियर एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता हिमांशी और जूनियर ओशिनिया चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता श्रद्धा क्रमशः पेरिस में फ्रांस ग्रैंड स्लैम, बाकू में अजरबैजान ग्रैंड स्लैम; ताशकंद में उज्बेकिस्तान ग्रैंड स्लैम और लिंज में ऑस्ट्रिया ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेंगी। दूसरी ओर, जूनियर एशियाई कप चैंपियन अस्मिता फ्रांस ग्रैंड स्लैम के लिए पेरिस में इस जोड़ी के साथ शामिल होंगी। मंत्रालय की विज्ञप्ति में



कहा गया है, एमवाईएएस, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत इन सभी प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण अवधियों के लिए उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास, बीमा और स्थानीय परिवहन लागत को कवर करेगा।

एमओसी ने रैंकिंग प्वाइंट ओनली (आरपीओ) श्रेणी के तहत स्पेन में आगामी आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेने के राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा, एलावेनिल का हवाई किराया, प्रवेश शुल्क, प्रशिक्षण शुल्क, स्थानीय परिवहन लागत, वीजा और बीमा शुल्क सहित अन्य खर्च टॉप्स फंडिंग के तहत कवर किए जाएंगे।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24

## भारत और स्पेन के बीच पहला मुकाबला आज

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय टीम आज शनिवार को अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाला है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा। पांच राष्ट्रीय टीमें -आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया - एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) के भारत चरण



में भाग लेंगी, सभी टीमें एक बार भुवनेश्वर में और फिर एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ओलंपिक से पहले यह घरेलू खेल है और हम इसमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें देखना वाकई रोमांचक है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। उन्हें इन आठ खेलों में अवसर दिए जाएंगे ताकि हम अपनी ओलंपिक टीम की पुष्टि कर सकें।

### अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2024

### 18 साल का गेंदबाज बना पाकिस्तानी बल्लेबाजों के लिए काल, अकेले झटक डाले छह विकेट

## ऑस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज ट्रॉम स्ट्रेकर ने बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड



**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान को अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में 179 रन पर ढेर करने में ऑस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज ट्रॉम स्ट्रेकर का अहम रोल रहा जिन्होंने अकेले 6 विकेट झटक लिए। लंबे कद के 18 साल के मीडियम पेसर स्ट्रेकर की धारदार गेंदबाजी का जवाब पाकिस्तानी बल्लेबाजों के पास नहीं था। उन्होंने शुरुआती ओवरों में कहर बरपाने के बाद डेथ ओवर्स में भी कातिलाना गेंदबाजी की। इस दौरान स्ट्रेकर ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

9 मार्च 2005 को जन्मे टॉम स्ट्रेकर ने पाकिस्तान के खिलाफ अंडर 19 विश्व कप सेमीफाइनल में 9.5 ओवर में 24 रन देकर 6 विकेट निकाले। यह अंडर 19 विश्व कप के इतिहास में सेमीफाइनल या फाइनल में किसी गेंदबाज का बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले कगिसो रबाडा ने 2014 में अंडर 19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 रन देकर 6 विकेट लिए थे। स्ट्रेकर अब रबाडा से आगे निकल चुके हैं। इस लिस्ट में भारत के अंगद राज बावा तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 31 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे।



**टॉम स्ट्रेकर ने टॉप 5 में मारी एंट्री**

**खूंखार** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज जेसन गिलेस्पी की तरह दिखने वाले टॉम स्ट्रेकर अंडर 19 विश्व कप 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 5वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अभी तक 5 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। स्ट्रेकर ने इस दौरान 111 रन खर्च किए हैं जबकि 4 ओवर मेडन भी डाले हैं।

### टॉम स्ट्रेकर ने इन बल्लेबाजों को बनाया शिकार

**टॉम** स्ट्रेकर ने पाकिस्तानी ओपनर शामिल हुसैन, अजान अवैश, कप्तान और विकेटकीपर साद बेग, उबैद शाह, मोहम्मद जीशान और अली रजा के विकेट हासिल किए। स्ट्रेकर की धारदार गेंदबाजी का नतीजा रहा कि पाकिस्तान की टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं बैटिंग कर पाई। पाकिस्तान की टीम 179 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। उसके 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार सके। स्ट्रेकर को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## हम अपनी गलतियां सुधारने और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे : सुरजीत सिंह

**कोलकाता।** बेंगलुरु बुल्स की प्लेऑफ की संभावनाओं को तब झटका लगा जब वे बुधवार को अपने आखिरी मैच में पुनेरी पलटन के खिलाफ 31-40 से हार गए। हालांकि, बेंगलुरु बुल्स के डिफेंडर सुरजीत सिंह ने कहा कि टीम अपनी गलतियों को सुधारेगी और प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश करेगी।



सुरजीत ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमारे पास अभी तीन मैच बाकी हैं और हमारे पास अभी भी प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। हम अपनी गलतियों को सुधारने और बाकी बचे मैच जीतने की कोशिश करेंगे। देखते हैं क्या होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या बुल्स अपने आगामी मैचों में अपनी खेल शैली में बदलाव करेगा, सुरजीत ने कहा, हम अपने आगामी खेलों के बारे में चर्चा करेंगे। हमारे कोच रेडिंग और रक्षात्मक योजनाएं तैयार करेंगे।